पलवल

RNI No. HARHIN/2021/81389

www.deshrojana.com

वर्षः 3, अंकः 128,
शनिवार,
27 अप्रैल 2024
पृष्ठः 12
मूल्यः 4 रुपये

देश रोजाना

हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रसारित हिन्दी दैनिक

बेबाक सच...

स्पोर्ट्स

P 11

सनराइजर्स के खिलाफ मैच में कोहली ने रचा इतिहास

सोना (24 कैरेट) ₹ 74,650.00 प्रति 10 ग्राम

चांदी ₹845 प्रति 10 ग्राम

मौसम

सूर्योदय...5:45 (बजे)

सूर्यास्त...6:54 (बजे)

38° (+2)

26° (+2)

P 03

करनाल में कांग्रेसी नेता की कोठी से सियासी बिसात बिछा रहे मनोहर लाल

न्यूज Window

दरभंगा में आतिशबाजी से लगी आग, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

एजेंसी, दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरमियानी रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कुमार ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गयी। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को कहा, कल रात बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई।

संदेशखाली मामले पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची पश्चिम बंगाल सरकार, याचिका दाखिल

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली। संदेशखाली मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा मामले की सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट 29 अप्रैल को इस मामले की सुनवाई करेगा। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। दरअसल कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को जोरदार झटका देते हुए संदेशखाली केस की सीबीआई जांच करने का फैसला सुनाया था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली कांड की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे और कहा था जांच की निगरानी खुद कलकत्ता हाईकोर्ट करेगी।

गैंगस्टर नरेश सेठी गिरोह का शार्पशूटर दिल्ली से गिरफ्तार

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर नरेश सेठी के 24 वर्षीय शार्पशूटर को दिल्ली के रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया है। उसने रंगदारी के लिए एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी की पहचान रोहतक जिले के रहने वाले मोहित उर्फ मोजी के रूप में हुई है।

तिरछी नजर

धर्मेंद्र व्यास

सुप्रीमकोर्ट के दोनों जजों ने पेपर बैलेट की मांग को किया रद्द

ईवीएम-वीवीपैट के 100 प्रतिशत सत्यापन से जुड़ी अर्जियां खारिज

- कैंडिडेट की शिकायत पर सात दिन के भीतर ईवीएम की होगी जांच, प्रत्याशी को देना होगा खर्चा

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम-वीवीपैट को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने सभी 100 फीसदी सत्यापन की याचिकाएं खारिज की है। ईवीएम-वीवीपैट को लेकर जजों ने यह फैसला सहमति से लिया है। आपको बता दें कि कोर्ट ने वीवीपैट के साथ ईवीएम के वोटों के 100 फीसदी सत्यापन की मांग करने वाली याचिका पर यह फैसला दिया है। कोर्ट ने फैसला सुनाते समय पेपर बैलेट की मांग को भी खारिज कर दिया है।

फैसला सुनाते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। लोकतंत्र अपने विभिन्न स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास पर आधारित है। इस पर कोर्ट का रुख साक्ष्यों पर आधारित रहा है। वहीं जस्टिस दीपांकर दत्ता ने फैसला सुनाते समय कहा कि किसी प्रणाली पर आंख मूंदकर संदेह करना सही नहीं है।

कोर्ट ने आगे कहा कि हमारे अनुसार सार्थक आलोचना की आवश्यकता है। चाहे वह न्यायपालिका हो, विधायिका आदि हों। लोकतंत्र का अर्थ सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखना है। विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं।

कोर्ट ने दिए खास निर्देश

फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उनमें ईवीएम में सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने पर, सिंबल लोडिंग इकाई को सील कर दिया जाना चाहिए और कंटेनरों में सुरक्षित किया जाना चाहिए। उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि मुहर पर हस्ताक्षर करेंगे। एसएलयू वाले सीलबंद कंटेनरों को नतीजों की घोषणा के बाद कम से कम 45 दिनों तक ईवीएम के साथ स्टोर रूम में रखा जाएगा। इन्हें ईवीएम की तरह खोला और सील किया जाना चाहिए।

अपने दूसरे निर्देश में कोर्ट ने कहा कि प्रति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रति संसदीय क्षेत्र में घोषणा के बाद ईवीएम के निर्माताओं के इंजीनियरों की एक टीम द्वारा जांच और सत्यापन किया जाएगा।

बैलेट पेपर और पोलिंग बूथ लूटने वालों को लगा गहरा झटका : मोदी

अररिया। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत प्रचार जोरों पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे चरण के तहत बिहार के अररिया में रैली को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने ईवीएम-वीवीपैट पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट पर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है वो कांग्रेस और इंडी गठबंधन के चेहरे पर तमाचे जैसा है। ये वही लोग हैं जो इस सिस्टम पर सवाल उठा रहे थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने तमाम याचिकाओं को खारिज करते साबित कर दिया कि लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसी याचिकाओं का कोई मतलब नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है वो खासतौर पर उन लोगों के बड़ा झटका है जो बैलेट पेपर और पोलिंग बूथ लूटने के लिए जाने जाते थे।

वर्ष 2019 के मुकाबले कम रहा वोटिंग प्रतिशत, त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 78.00 प्रतिशत और यूपी में सबसे कम 53.20 प्रतिशत हुआ मतदान

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 88 सीटों पर हुई 61.40 प्रतिशत वोटिंग

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल, डीके सुरेश, एचडी कुमारस्वामी का भाग्य ईवीएम में बंद

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत देश के 13 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के 88 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को 61.40 प्रतिशत मतदान हुआ। 2019 के आम चुनावों में इन सीटों पर 70.05 प्रतिशत मतदान हुआ था। अंतिम आंकड़ा आने पर वोटिंग प्रतिशत घट-बढ़ सकता है।

आंकड़ों की बात करें तो सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 78.00 प्रतिशत और सबसे कम उत्तर प्रदेश में 53.20 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है. वहीं मणिपुर में 77.20 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.50 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 71.80 प्रतिशत, असम में 70.7, जम्मू और कश्मीर में 67.40, केरल में 65.00, कर्नाटक में 64.60, राजस्थान में 60.50, मध्य प्रदेश में 55.50, महाराष्ट्र में 53.70 और बिहार में 54.20 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया है।

वोटिंग के दौरान मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र को हाईजैक किया गया। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है।

तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोकी। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, पांच केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और तीन फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हुई। आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी।

2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने आठ सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को नौ सीटें मिली थीं।

आपकी प्रॉपर्टी पर कब्जा कर अपने वोट बैंक में बांट देगा इंडी गठबंधन

- पीएम मोदी ने मालदा जिले में फिर की मंगलसूत्र-विरासत टैक्स की बात

एजेंसी, कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक बार फिर मंगलसूत्र और विरासत टैक्स पर बयान दिया। पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों के खिलाफ खतरनाक कानून लाना चाहता है।

कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए कांग्रेस के शहजादे विदेश से एक्स-रे मशीन लाए हैं। वे पूरे देश में एक्स-रे करेंगे।

लोगों को लूटने का मौका नहीं छोड़ती टीएमसी

प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल के 50 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के आठ हजार करोड़ रुपए सीधे भेजे गए हैं। लेकिन टीएमसी सरकार को देखिए, वो आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ती। मैं केंद्र से बंगाल के विकास के लिए, यहां की सरकार को जो पैसा भेजता हूं, वो टीएमसी के नेता, मंत्री और तोलाबाज मिलकर खा जाते हैं।

घबराए हुए हैं मोदी, स्टेज पर निकल सकते हैं उनके आंसू: राहुल

- कांग्रेस नेता ने कहा, पीएम मोदी ने 10 साल में गरीबों का पैसा छीना

एजेंसी, बेंगलुरु

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आजकल पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषण के दौरान काफी घबराए हुए रहते हैं। शायद कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएं। राहुल ने कहा- पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है,

जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में एक प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जो 40 प्रतिशत धन कंट्रोल करते हैं।

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा- मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी।

पिछले चुनावों से अलग है यह चुनाव: राहुल

राहुल ने कहा- यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह पिछले चुनावों से अलग है, क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी (भाजपा) और एक व्यक्ति (भाजपा) भारत के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के संविधान ने लोगों को अधिकार, आवाज और आरक्षण दिया है। संविधान से पहले भारत पर राजा-महाराजाओं का शासन था। अगर आज भारत के गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के पास अधिकार हैं, आवाज है, तो ये संविधान ने दी है।

हिमाचल में कांग्रेस ने की तीन उम्मीदवारों की घोषणा

एजेंसी, शिमला। हिमाचल में 1 जून को 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह राणा, गगरेट से राकेश कालिया और कुटलैहड़ से विवेक शर्मा को टिकट दी गई है। धर्मशाला, लाहौल स्पीति और बड़सर सीट को अभी होल्ड पर रखा गया है। इन सभी छह विधानसभा सीटों पर पहले कांग्रेस के विधायक थे। धर्मशाला से सुधीर शर्मा, सुजानपुर से राजेंद्र राणा, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो और गगरेट से चैतन्य शर्मा ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट किया था।

कांग्रेस हाईकमान ने की हरियाणा के आठ उम्मीदवारों की घोषणा

- रोहतक से दीपेंद्र, सिरसा से सैलजा और करनाल से लड़ेंगे बुद्धिराजा
- फरीदाबाद में करण दलाल की जगह महेंद्र प्रताप ने मारी बाजी
- भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए बृजेंद्र को नहीं मिला टिकट

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

हरियाणा में कांग्रेस ने आठ उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इनमें हिसार से भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए सांसद बृजेंद्र सिंह की टिकट नहीं दिया गया है। उनकी जगह पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश को टिकट दी गई है। वहीं भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस ने विधायक किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी की टिकट काट दी है। यहां से पूर्व सीएम हुड्डा के करीबी राव दान सिंह चुनाव लड़ेंगे।

इसके अलावा, अंबाला से वरुण चौधरी, सिरसा से कुमारी सैलजा, करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी, रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा और फरीदाबाद से महेंद्रप्रताप को टिकट दिया गया है।

कांग्रेस की लिस्ट में सबसे चौंकाने वाला नाम करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा का है। पार्टी हाईकमान ने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पर भरोसा जताया है। जबकि ये कयास लगाए जा रहे थे कि करनाल से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के खिलाफ कांग्रेस बड़ा दांव खेलेगी, लेकिन टिकटों के ऐलान के बाद सियासी गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। वहीं अंबाला से कांग्रेस विधायक वरुण चौधरी को टिकट दिया गया है। यह पहले से ही तय था कि मुलाना विधायक वरुण चौधरी को ही कांग्रेस लोकसभा उम्मीदवार बनाएगी।

हिसार से टिकट मिलने की आस लगाए बैठे चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे रिटायर्ड आईएएस अफसर एवं भाजपा के टिकट पर सांसद रह चुके बृजेन्द्र सिंह को टिकट नहीं दिया गया। हिसार से कांग्रेस ने हुड्डा के करीबी जय प्रकाश उर्फ जेपी को टिकट दिया है।

भिवानी से श्रुति चौधरी का टिकट काटा

भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से कांग्रेस ने पूर्व सांसद श्रुति चौधरी का टिकट काटकर हुड्डा के करीबी राव दान सिंह को टिकट दिया है। श्रुति चौधरी भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुकी हैं। वह पहली बार 2009 में इसी संसदीय क्षेत्र से चुनी गई थी।

सोपोर में हुई मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

- नौपोरा इलाके के घर में छिपे थे आतंकी, दो दिन से चल रहा ऑपरेशन

एजेंसी, श्रीनगर

उत्तरी कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को दो आतंकी मार गिराए। यहां सुरक्षाबलों ने गुरुवार को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। इस दौरान एक नागरिक के कंधे में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे श्रीनगर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी थी।

नौपोरा इलाके में एक घर के अंदर आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी। सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी दी। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। गुरुवार 25 अप्रैल को रात अंधेरा होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह फिर से गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई है।

खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने सीएम नायब सैनी को दी धमकी

- आतंकी बोला-पोलिंग स्टेशनों पर खालिस्तान रेफरेंडम के रजिस्ट्रेशन फार्म रखो

एजेंसी, लुधियाना

सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और चीफ इलेक्शन ऑफिसर अनुराग अग्रवाल को धमकी दी है।

पन्नू ने 2.12 मिनट की वीडियो जारी कर कहा कि जो चुनाव हो रहे हैं, वह हरियाणा को भारत का गुलाम रखने के लिए हो रहे हैं।

पन्नू ने वीडियो में दावा किया कि खालिस्तानियों ने आज फतेहाबाद के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के बाहर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे हैं। ये खालिस्तानी नारे मुख्यमंत्री नायब सैनी को मैसेज है। हरियाणा में चुनाव के दौरान हर पोलिंग बूथ पर खालिस्तान रेफ्रेंडम के रजिस्ट्रेशन फार्म रखें। वह इसे लेकर अपने हर पोलिंग बूथ अफसर को निर्देश दें।

इंदिरा गांधी एयरपोर्ट बंद करने की धमकी दे चुका

पन्नू दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बंद करने की भी धमकी दे चुका है। वीडियो जारी कर पन्नू ने कहा था कि 19 नवंबर 2023 को विश्व स्तर पर एअर इंडिया के विमानों को टारगेट करेगा और उन्हें उड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद किया जाएगा। पन्नू ने कहा था कि 19 नवंबर वही दिन है, जिस दिन क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल है।

नतीजा लगातार अधिक ऊंचाई वाले वातावरण में रहने से कम हो सकती है भूख

पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों में बौनेपन का खतरा अधिक

रिसर्च

- बौनेपन को परिभाषित करने के लिए किया गया डब्ल्यूएचओ मानकों का उपयोग

एजेंसी, नई दिल्ली

'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल न्यूट्रीशियन, प्रिवेंशन एंड हेल्थ' में प्रकाशित एक नये शोध के अनुसार भारत में पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों में बौनेपन का अधिक खतरा है। पांच साल से कम उम्र के 1.65 लाख से अधिक बच्चों के डेटा का विश्लेषण करते हुए, शोधकताओं ने पाया कि बौनापन उन लोगों में अधिक आम है, जो माता-पिता की तीसरी या बाद की संतान हैं और जन्म के समय जिनकी लंबाई कम थी।

विश्लेषण के लिए 2015-16 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-4) से डेटा शामिल किया गया था। बौनेपन को परिभाषित करने के लिए डब्ल्यूएचओ मानकों का उपयोग किया गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि लगातार अधिक ऊंचाई वाले वातावरण में रहने से भूख कम हो सकती है, और ऑक्सीजन व पोषक तत्वों का अवशोषण सीमित हो सकता है। इन शोधकताओं में मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल के शोधकर्ता भी शामिल थे।

हालांकि उन्होंने कहा कि अवलोकन अध्ययन में इन कारणों के बीच कोई जुड़ाव नहीं मिला। अध्ययन टीम ने यह भी कहा कि पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में फसल की कम पैदावार और कठोर जलवायु के कारण खाद्य असुरक्षा अधिक होती है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में पोषण कार्यक्रमों को लागू करने समेत स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच प्रदान करना चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में बौनेपन का कुल प्रसार 36 प्रतिशत पाया गया, 1.5-5 वर्ष की आयु के बच्चों (41 प्रतिशत) में यह प्रबलता 1.5 वर्ष से कम आयु के बच्चों (27 प्रतिशत) की तुलना में अधिक थी।

माता-पिता की तीसरी संतान में बौनापन प्रबल

विश्लेषण में यह भी पाया गया कि अपने माता-पिता की तीसरी या इसके बाद की संतान 44 प्रतिशत बच्चों में बौनापन प्रबल था, जबकि इससे पहले जन्मे बच्चों में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत था। इसके अलावा जन्म के समय छोटे या बहुत छोटे बच्चों में बौनेपन की दर भी अधिक (45 प्रतिशत) थी।

कैसरगंज सीट पर टिकट की गुत्थी के बीच शुरू हुई नई पैंतरेबाजी

- राजनीतिक माहौल ऐसा कि हर कोई भौचक

एजेंसी, बलरामपुर

संसदीय चुनाव के दौर में एक नई इबारत लिखने की ओर बढ़ रहे कैसरगंज क्षेत्र की चर्चा प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में हो रही है। सन्नाटे के दौर से गुजर रहे कैसरगंज के सियासी रण में बहार लाने की कोशिशें अब रंग दिखाने लगीं हैं। कयासों की कलाबाजियों में थमी सियासी बयार से बेसुरे हो रहे माहौल में सुरों का रस घोलने की कवायद से कई संकेत मिले हैं।

टिकट की गुत्थी में उलझे दलों में भी हाल के दिनों में सियासी रण में शुरू हुए कदमताल से हलचल मच गई है। यह अलग बात है कि लाख प्रयासों के बाद भी कोई दल चुप्पी तोड़ने को तैयार नहीं है। इससे सियासी माहौल की तपिश बढ़ नहीं रही है, जबकि रणबांकुरों के नामांकन का दरवाजा खुल चुका है।

दो जिलों में फैले कैसरगंज संसदीय सीट हमेशा से ही सियासत की केंद्र में रही है। हिंदुत्व को धार देने के लिए चर्चित क्षेत्र सपा व कांग्रेस का गढ़ भी रहा है। बीते दो संसदीय चुनावों से भाजपा का ही कब्जा है। अभी तक कद गढ़ने और दलों का गढ़ होने से चर्चा में रहने वाला कैसरगंज अब सियासती दांवपेच से चर्चित है। यहां की नुमाइंदगी कर रहे सियासत के राजा आरोपों से घिरे तो बात दूर तक बात गई।

चुनाव में ताल ठोंकने की बारी आने पर दलों ने होंठ तो सिले ही कदम तक रोक लिए। इससे संसदीय सीट के भविष्य के सवालों की धूम मची। चुनावी समर में छाई खामोशी को तोड़ने के लिए सियासदां ने मंच सजाए और टिकट की गुत्थी से जूझे दलों के दांव में उलझे लोगों को उबारने की कोशिशों को आगे बढ़ाया। इससे कयासबाजी और तेज हो गई है।

आम लोगों को सवालों का जवाब नहीं मिल पा रहा है कि मैदान में उतरने के दावे की तरह ही टिकट का दावा क्यों नहीं है। उसमें अगर, मगर, किंतु, परंतु जैसे संशय वाले शब्दों के शामिल होने से जन्मे सवाल खड़े हैं। मौजूदा गतिविधियों को सियासी सन्नाटे को चीरने के साथ ही पैठ, पहुंच और पकड़ मजबूत बनाने के सिलसिले से जोड़कर देखा जा रहा है।

देवीपाटन मंडल की सियासत में चमक और धमक के साथ ही टिकट की गारंटी वाले का ही टिकट अटका हुआ है। पंचायत की सियासत हो या फिर विधानसभा और अन्य चुनाव में जिनसे चमत्कार की उम्मीदें बड़े बड़ों की रहती है, उनकी दशा से एक नई सियासी दिशा जन्म लेती दिख रही है। असल में जिनकी छांव में राजनीति का ककहरा पढ़कर रुतबा हासिल किया, उन्हीं के साथ से कतराए और फिर मंच पर आए...। ऐसे माहौल से सियासी मैदान रोमांच से खिलखिला रहा है। मंडल ही नहीं, प्रदेश में ऐसा रोमांचक माहौल शायद ही किसी क्षेत्र में हो। यह देखकर हर कोई भौचक्का है।

कैसरगंज में भाजपा चाहे जो कर रही हो, उसकी टीम गांवों में मुस्तैद है। सियासी मैदान सजाए है और सिर्फ सेनापति का इंतजार है। लेकिन सपा व बसपा में अजीब सी बेचैनी है। बीते दिनों एक पूर्व विधायक पार्टी के जिलाध्यक्ष के साथ सपा हाईकमान से मिले। टिकट तय करने की गुजारिश की। भाजपा की तैयारियों की तस्वीर पेश कर देरी से पार्टी के नफा-नुकसान की ओर इशारा भी किया।

बकौल सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन अभी इंतजार करने की नसीहत के साथ ही क्षेत्र में कवायद की हिदायत मिली है। उनका कहना है कि जल्द ही पार्टी टिकट तय करेगी। यह भी माना कि देर तो हो ही रही है। इसकी जानकारी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को देने का दावा किया।

कैसरगंज संसदीय सीट पर 2019 के चुनाव में सपा मैदान में नहीं थी। गठबंधन में बसपा के खाते में सीट थी और आजमगढ़ के चंद्रदेव राम यादव मैदान में थे। उस समय भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह ने जीत हासिल की थी। सपा ने चुनाव ही नहीं लड़ा था तो इस बार उसे नए सिरे से मैदान सजाना होगा।

इसकी चिंता भी पार्टी नेताओं को सता रही है। गोंडा व बहराइच जिले की पांच विधानसभाओं तक पैठ बनाने के लिए वक्त की जरूरत भी है। इसके बाद भी पार्टी हाईकमान निश्चिंत है।

लोकसभा की दो, विधानसभा की छह सीटों पर असमंजस

एजेंसी, शिमला

हमीरपुर और कांगड़ा लोकसभा सीटों सहित धर्मशाला, सुजानपुर, बड़सर, गगरेट, कुटलैहड़ तथा नालागढ़ विधानसभा हलकों में हिमाचल प्रदेश के दोनों राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा एक तरह के असमंजस में ही प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस इन आठ सीटों पर प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है तो भाजपा को यह साफ-साफ मालूम नहीं है कि किस-किस पहलवान से मुकाबला होने जा रहा है। ऐसे में सभी प्रत्याशियों के तय होने के बाद ही दोनों ओर से संशय के बादल छटेंगे। फिलहाल सुक्खू सरकार जहां सभी सीटों पर केंद्र सरकार की अनदेखी को बड़ा मुद्दा बनाए है, वहीं छह विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में भाजपा का टिकट लेने वाले कांग्रेस के छहों बागी ही इसके निशाने पर हैं।

वहीं, भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की नीतियों का बखान करते हुए ही प्रचार कर रही है और यही हवा बनाकर सभी सीटों पर कांग्रेस को बहा ले जाने की योजना का बांध बना रही है। हिमाचल प्रदेश में चार सीटों के लोकसभा चुनाव और छह विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए अभी वक्त है। अंतिम चरण में होने जा रहे इन चुनावों के लिए एक महीने से अधिक वक्त है। चुनाव की अधिसूचना सात मई को होनी है। नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई है और मतदान एक जून को है। भाजपा ने 13 मार्च को हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को हमीरपुर और सुरेश कश्यप को शिमला से उम्मीदवार घोषित किया और 24 मार्च को मंडी से कंगना रणौत व कांगड़ा से सुरेश कश्यप को प्रत्याशी बनाया। 26 मार्च को विधानसभा से सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस से बगावत कर भाजपा में आए छहों पूर्व विधायकों को टिकट दिए। कांग्रेस ने लंबे मंथन के बाद 13 अप्रैल को केवल दो सीटों-मंडी से विक्रमादित्य सिंह और शिमला से विनोद सुल्तानपुरी को प्रत्याशी बनाया है। बाकी आठ सीटों पर उम्मीदवारों का चयन नहीं किया जा सका है। ऐसे में भाजपा जहां सभी दसों प्रत्याशियों को मैदान में उतारकर प्रचार कर रही है, वहीं कांग्रेस ने अभी आठ सीटों पर इनसे मुकाबिल होने के लिए योद्धा नहीं उतारे हैं। भाजपा ने टिकटों को तय करने में जहां सबसे पहले उत्साह दिखाया तो कांग्रेस इस मामले में फूंक-फूंककर कदम रखना चाह रही है। दोनों ही दल अलग-अलग रणनीतियों पर काम कर रहे हैं। इतना तय है कि जैसे ही कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में होंगे तो तस्वीर साफ होगी।

दोनों दलों की प्राथमिकताएं तय हो जाएंगी कि उन्हें किस जाति, क्षेत्र और समीकरण पर अधिक काम करने की जरूरत है और किस तरह के मुद्दों को बड़ा हथियार बनाने की। भाजपा लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने के प्रयास में है तो कांग्रेस को उपचुनाव में झटकी मंडी लोकसभा सीट को बचाने के साथ अन्य तीन सीटों पर जीत की चुनौती है।

झारखंड के पूर्व सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन लड़ेंगी उपचुनाव

एजेंसी, रांची। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ेंगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने इसका एलान किया। झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे की वजह से गिरिडीह जिले की यह सीट खाली हुई है। गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 मई को होगा, जब राज्य में संसदीय चुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे। बता दें कि कल्पना गृहणी हैं और उनकी शैक्षिक योग्यता एम. टेक और एमबीए हैं। उन्होंने ओडिशा के मयूरभंज जिले के बारीपाडा में स्कूली शिक्षा प्राप्त की और इंजीनियरिंग तथा एमबीए की पढ़ाई भुवनेश्वर के अलग-अलग संस्थानों से की। उनका राजनीतिक सफर चार मार्च को गिरिडीह जिले में झामुमो के 51वें स्थापना दिवस समारोह से शुरू हुआ, जब उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित किया था।

कांग्रेस कुनीति का शिकार, परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टी : कंगना रणौत

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो महिलाओं को भी 33 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में कर दिया है

एजेंसी, मंडी

भारतीय जनता पार्टी की मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कंगना रणौत ने फिर कांग्रेस पर जुबानी हमला बोला है। अपने गृह क्षेत्र सरकाघाट के बलद्वाडा में भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टी है।

सिर्फ नेताओं के बेटे और बेटियों को राजनीति में आगे लाने के लिए मौका दिया जाता है। जबकि दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी है, जहां साधारण से कार्यकर्ता को भी टिकट मिलते हैं और उनके काम के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो महिलाओं को भी 33 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में कर दिया है। इससे अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में आगे आएंगी। एक तरफ भाजपा शीर्ष नेताओं की ऐसी अच्छी सोच है, वहीं कांग्रेस आज कुनीति और कुबुद्धि का शिकार हो गई है।

इनके नेता आज सेना पर सवाल, महिलाओं का अपमान और हमारे आदर्श भगवान राम को भी काल्पनिक बताते हैं। ये वही पार्टी है जिसके राज में कोयला, टूजी, फोरजी, चारा घोटाले हुए। जबकि 2014 के बाद आज तक देश ने किसी घोटाले का नाम तक नहीं सुना। यही है मोदी की गारंटी, जहां सबका साथ सबका विकास हो रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी है जिसका पेट कोई भी नहीं भर सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठी गारंटियों के सहारे सरकार तो बना ली लेकिन अब क्या हाल बने हैं, आप सब देख रहे हैं। महिलाओं के वोट लेने के लिए 1500 देने की गारंटी दी और अब जब फिर चुनाव आ गए तो पेपर भरने के लिए बोल रहे हैं।

ये सब सिर्फ वोट हासिल करने की कुनीति है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि हमने 97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हिमाचल में हराया है। इससे बड़ी शर्म की बात क्या हो सकती है। दूसरी तरफ मां भारती का एक सपूत है जो विदेशों में भी मुसलमान देश में हिंदू मंदिर जाकर सनातन का झंडा बुलंद कर रहा है। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय विधायक दलीप ठाकुर और नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी उपस्थित रहे।

जनता ही जनार्दन: पहले दी बड़ी जीत, फिर जमानत जब्त करवाई

- संगरूर के मतदाताओं का मन पढ़ना आसान नहीं

एजेंसी, संगरूर

संगरूर संसदीय सीट हमेशा से बड़े उलटफेर की साक्षी रही है। कोई भी सियासी दल यहां के मतदाताओं के मन को पढ़ने में सफल नहीं हो सका है।

1984 में संगरूर लोकसभा सीट पर आधे से ज्यादा वोट लेकर करीब 22 फीसदी के मार्जिन से चुनाव जीतने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री बलवंत सिंह रामूवालिया 2009 के लोकसभा चुनाव में अपनी जमानत नहीं बचा पाए थे। लोक भलाई पार्टी के प्रत्याशी के रूप में उन्होंने 2009 में चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें मात्र 12.35 फीसदी वोट ही नसीब हो सके थे। तब कांग्रेस के विजयइंदर सिंगला ने जीत दर्ज की थी। 1999 में संगरूर से लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला को हरा कर संसद पहुंचाने वाले सिमरनजीत सिंह मान को भी ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ा था। 2009 में उन्हें मात्र 3.62 फीसदी और 2019 में 4.37 फीसदी वोट मिले थे और दोनों बार उनकी जमानत जब्त हो गई थी। सिमरनजीत सिंह मान ने 2022 में संगरूर संसदीय सीट से उपचुनाव में ताल ठोंकी थी और 5822 मतों के अंतर से जीत दर्ज करके आप के राष्ट्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री भगवंत मान को सकते में डाल दिया था। मुख्यमंत्री भगवंत मान इस सीट से 2014 और 2019 में भारी अंतर से चुनाव जीते थे। आप को यकीन था कि इस सीट पर उनके लिए कम से कम जीत तो निश्चित है, लेकिन मतदाताओं ने हैरत भरा फैसला कर आप का यह भ्रम तोड़ डाला था।

एक बार फिर इस सीट पर कई दिग्गज नेता एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं और प्रचार को गति दे मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। मतदान अंतिम चरण एक जून को होने के चलते मतदाता फिलहाल खामोश हैं और मतदाताओं का झुकाव किस करवट बैठेगा यह आने वाला वक्त तय करेगा।

मेयर चुनाव स्थगित होने पर एमसीडी में हंगामा

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली। दिल्ली मेयर का चुनाव एलजी विनय सक्सेना द्वारा स्थगित करने के बाद आज एमसीडी सदन की बैठक बुलाई गई। बैठक शुरू होते ही आम आदमी पार्टी और भाजपा के पार्षदों ने जमकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन और भाजपा दोनों ही एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। आप पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी दलित को मेयर नहीं बनने देना चाहती। आम आदमी पार्टी ने भाजपा को दलित विरोधी बताते हुए सदन के बाहर प्रदर्शन किया। आप पार्षदों के साथ विधायक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। वहीं, सदन में मेयर ने कहा कि एलजी ने मेयर चुनाव कराने के लिए पीठासीन अधिकारी नामित नहीं किया, ये ही संविधान की हत्या है। मेयर ने सदन की बैठक स्थगित कर दी। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा वाले देश में दलितों और पिछड़ों को आगे बढ़ते हुए नहीं देख पा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का हमीरपुर से चुनाव लड़ने से इन्कार, अब रायजादा पर नजरें

एजेंसी, शिमला

हमीरपुर और कांगड़ा संसदीय सीट के लिए कांग्रेस मजबूत मोहरों की माथापच्ची में फंस गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिल्ली दौरे के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ संभावित प्रत्याशियों और चुनावी रणनीति पर मंथन किया। रात करीब दस बजे मुख्यमंत्री दिल्ली से चंडीगढ़ पहुंचे। शुक्रवार को सुक्खू शिमला संसदीय सीट के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के प्रचार के लिए डोडरा क्वार और राजगढ़ जाएंगे।

हमीरपुर संसदीय सीट से बीते दिनों आस्था अग्निहोत्री और ल्लउपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के चुनाव लड़ने से इन्कार के बाद एक बार फिर सतपाल रायजादा को ही पार्टी टिकट दिए की चर्चा तेज हो गई है। कांगड़ा से विधायक रघुवीर बाली या डॉ. राजेश शर्मा पर हाईकमान दांव खेलने की तैयारी में है।

इसी हफ्ते के अंत तक कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए हमीरपुर और कांगड़ा के प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश कमेटी को लोकसभा चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री या उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री को हमीरपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ाने की सिफारिश की थी लेकिन अग्निहोत्री ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया है। ऐसे में कांग्रेस के पास अब दोबारा से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को ही प्रत्याशी बनाने का विकल्प बचा है।

उधर, नगरोटा बगवां से कांग्रेस विधायक रघुवीर सिंह बाली ने भी बीते दिनों पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर चुनाव को लेकर अपनी भावनाओं से अवगत कराया था। उन्होंने लिखा था कि चुनाव लड़ाने को लेकर फैसला लेने से पहले मुझे विश्वास में लिया जाए, ऐसे में पार्टी अब क्या फैसला लेती है, इस पर सभी नजरें टिकी हैं। देहरा से विस चुनाव लड़ चुके डॉ. राजेश शर्मा को भी कांगड़ा संसदीय सीट से चुनाव लड़ाने का विचार किया जा रहा है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि हर समीकरण को ध्यान में रखते हुए पार्टी विचार विमर्श कर रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता : सीएम

एजेंसी, इंदौर। सीएम डॉ. मोहन यादव इंदौर में भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी की नामांकन रैली में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विरासत कर के बारे में बोल रही है, लेकिन आज सबसे पहले विरासत टैक्स गांधी परिवार को ही भरना चाहिए। सीएम ने कहा कि भारत में चुनाव लड़ते हैं और अमेरिका के कानून की बात करते हैं। बता दें, कांग्रेस नेता व थिंक टैंक सैम पित्रोदा ने अमेरिका में लागू विरासत कर का जिक्र करते हुए कहा कि यह अच्छा। कांग्रेस उनसे पहले आय की असमानता दूर करने का जिक्र कर चुकी थी, इसलिए पित्रोदा के बयान को उसी कड़ी में माना जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस को जमकर घेरा और कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद देश के विकास की जगह देश की बबार्दी के लिए ही काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा पांच साल तैयारी करती है जैसे एक बच्चा परीक्षा की तैयारी करता है।

भाजपा हुई मुखर यादवलैंड फतह करने के लिए पहली बार

- पार्टी ने इटावा-मैनपुरी पर फोकस बढ़ा दिया है

एजेंसी, लखनऊ

सपा के गढ़ यादवलैंड फतह के लिए भाजपा पहली बार मुखर नजर आ रही है। पार्टी ने इटावा-मैनपुरी पर फोकस बढ़ा दिया है। वह सियासी लिहाज खत्म कर आगे बढ़ने की रणनीति अपना रही है। इसके पीछे सियासी निहितार्थ हैं। क्योंकि मुलायम सिंह ने यहीं से सियासी सफर की शुरूआत की थी। भाजपा जसवंत नगर से ही पूरे यादवलैंड में संदेश देने की तैयारी में है। यही वजह है कि पहले सैफई और मैनपुरी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचते हैं। फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जसवंत नगर में जनसभा करते हैं और 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह भी इटावा में ही जनसभा करेंगे।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल यादव जीतीं, लेकिन, इटावा, फरुर्खाबाद, कन्नौज, फिरोजाबाद भाजपा के पास हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव ने पर्चा दाखिल कर इस क्षेत्र के सियासी रण को रोचक बना दिया है। यही वजह है कि भाजपा एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सैफई और मैनपुरी में अखिलेश का नाम लिए बिना परिवारवाद का आरोप लगाया और श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा उठाया था। इसके सियासी निहितार्थ हैं। इन मुद्दों के जरिए उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि सपा प्रदेश के अन्य यादवों का ख्याल नहीं रख रही है।

इसके जवाब में बुधवार को जसवंत नगर के ताखा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसभा कर साफ किया कि वह सिर्फ और सिर्फ पीडीए के साथ हैं। हालांकि अगले दिन कन्नौज में मुलायम सिंह यादव के साथ ही जनेश्वर मिश्र, आजम खां और अमर सिंह को याद करते हुए इतिहास दोहराने का आह्वान किया। जिस वक्त वह कन्नौज में रिश्तों की दुहाई दे रहे थे, उसी वक्त सीएम योगी जसवंत नगर में सपा पर सवाल उठा रहे थे।

उन्होंने सवाल किया कि आखिर सपा ने प्रदेश के अन्य यादवों को टिकट क्यों नहीं दिया? उन्होंने यहां तक कहा कि प्रदेश के विकास में योगदान देने की वजह से मुलायम सिंह के निधन पर वह खुद श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। लेकिन, कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि देने में सपा ने परहेज किया। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण का जिक्र करते हुए ब्रजभूमि के विकास और उससे करहल व जसवंत नगर को जोड़ने की दुहाई देकर साफ कर दिया है कि पार्टी किसी भी तरह का चूक नहीं होने देना चाहती है।

जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र इटावा जिले में है, लेकिन लोकसभा क्षेत्र मैनपुरी में शामिल है। यहां से विधायक शिवपाल सिंह यादव हैं। वरिष्ठ पत्रकार रतनमणि लाल कहते हैं कि मुलायम सिंह यादव ने जसवंत नगर से अपनी सियासी पहचान कायम की। यहां से वह आगे बढ़े तो आसपास के लोकसभा क्षेत्र पर भी प्रभाव जमाया। फिर यहां से शिवपाल लगातार विधायक बन रहे हैं।

भाजपा की अब तक की रणनीति से यह बात स्पष्ट हो गई है कि वह जसवंत नगर में जमीं तैयार कर मुलायम के किले को ढहाना चाहती है। पिछले चुनाव में मैनपुरी छोड़ अन्य सीटों पर कब्जा जमा लिया। इस बार वह मैनपुरी में भी सियासी लिहाज को दरकिनार करते हुए पूरी तरह से आक्रामक है। दूसरी बात यह है कि अखिलेश यादव ने पहले करहल और फिर कन्नौज हो की चुना है। इससे यह भी स्पष्ट है कि सैफई परिवार इस इलाके को अपनी सियासी नाभी के तौर पर देख रहा है।

वरिष्ठ पत्रकार का तर्क है कि जब तक शिवपाल भाजपा के प्रति सॉफ्ट थे तो उसका फोकस जसवंत नगर पर नहीं था। अब वह सॉफ्ट कनेक्शन खत्म हो गया है। ऐसे में भाजपा ने जसवंत नगर को केंद्र बना दिया है।

सपा प्रत्याशी के साथ हो गया 'खेल', परचा खारिज

- अब ज्योत्सना हो सकती हैं उम्मीदवार

एजेंसी, शाहजहांपुर

उत्तर प्रदेश की शाहजहांपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी राजेश कश्यप का नामांकन पत्र खारिज हो गया है। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान कलक्ट्रेट पहुंचे सपा प्रत्याशी ने खुद इसकी पुष्टि की है। उन्होंने सपा के एमएलसी राजपाल कश्यप पर खेल करने का आरोप लगाया। अब ज्योत्सना गौड़ सपा प्रत्याशी हो सकती हैं। इन्होंने भी सपा से नामांकन कराया था। ज्योत्सना राजपाल कश्यप की भांजी हैं।

शाहजहांपुर लोकसभा चुनाव के लिए 21 प्रत्याशियों ने परचा दाखिल किया था। इस बीच सपा प्रत्याशी राजेश कश्यप कलक्ट्रेट पहुंचे। कलक्ट्रेट से बाहर निकलने पर सपा प्रत्याशी ने बताया कि राजपाल कश्यप ने उनके साथ खेल करके अपनी भांजी ज्योत्सना गौड़ को सपा से प्रथम प्रत्याशी करा दिया। जबकि उनका परचा खारिज कर दिया गया है।

सपा के एमएलसी राजपाल कश्यप समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनकी भांजी ज्योत्सना गौड़ हरदोई के मझरेता की रहने वाली हैं। उन्होंने सपा से अपना नामांकन कराया था। फिलहाल अभी नामांकन पत्रों की जांच चल रही है। बता दें कि शाहजहांपुर लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अगर ज्योत्सना गौड़ का परचा वैध पाया जाता है तो वह सपा की प्रत्याशी हो सकती हैं।

शाहजहांपुर में नामांकन के अंतिम दिन तक लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों ने कुल 21 नामांकन कराए।

इसमें भाजपा से एक, समाजवादी पार्टी से दो, बसपा से एक, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से एक, सीपीआई से एक, राष्ट्रीय सनातन पार्टी से एक, संयुक्त विकास पार्टी एक, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से एक, भारतीय भाईचारा पार्टी से एक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राष्ट्रीय आजाद पार्टी से एक, मानव क्रांति पार्टी से एक, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से एक, आजाद अधिकार पार्टी से एक और सात निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन कराए थे।

अब जमेगा चुनावी रंग : भाजपा के बाद कांग्रेस के आठ प्रत्याशी मैदान में

- कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन से आप के सुशील गुप्ता मैदान में है

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

कांग्रेस ने वीरवार देर रात हरियाणा लोकसभा चुनाव के लिए नौ में से 8 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। अंबाला से मुलाना के विधायक वरुण चौधरी, सिरसा से पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, हिसार से पूर्व सांसद जयप्रकाश, करनाल से यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा, रोहतक से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी, भिवानी-महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह और फरीदाबाद से पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह को टिकट दी गई है।

गुरुग्राम सीट पर अभी भी अभिनेता राज बब्बर और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के बीच पेच फंसा हुआ है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन से आप के सुशील गुप्ता मैदान में है। कांग्रेस उम्मीदवारों की इस सूची में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गुट का दबदबा दिखा है।

अधिकतर उम्मीदवार उनके करीबी हैं। कांग्रेस के टिकट के लिए 400 नेताओं ने आवेदन किया था। कांग्रेस ने हर लोकसभा सीट पर जातीय व क्षेत्रीय समीकरण को देखते हुए उम्मीदवार घोषित किए हैं।

इन आठ चेहरों में ब्राह्मण, पंजाबी, गुर्जर, ओबीसी, अहीर, एससी और जाट नेता हैं। रोहतक लोकसभा सीट पर पिछला चुनाव में मात्र सात हजार हजार वोटों से हारने वाले राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर फिर से दांव लगाया है। दीपेंद्र के लिए उनके पिता व पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी काफी जोर लगा रहे थे।

उनके सामने भाजपा के मौजूदा सांसद अरविंद शर्मा हैं। इस सीट पर एक बार जाट-गैर जाट उम्मीदवारों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। वहीं, कांग्रेस ने भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से महेंद्रगढ़ के विधायक व अहीर बिरादरी से आने वाले राव दान सिंह पर दांव लगाया है।

इस सीट से पूर्व सीएम बंसीलाल की पोती व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी भी टिकट की दावेदार थी। यह पहली बार है जब बंसीलाल का परिवार चुनावी मैदान में नहीं होगा। राव का मुकाबला अब भाजपा सांसद व जाट बिरादरी से आने वाले चौधरी धर्मबीर से होगा। पार्टी का सबसे चौकाने वाला निर्णय हिसार सीट पर रहा। पार्टी हिसार से तीन बार के सांसद जयप्रकाश पर भरोसा जताया है। इस सीट से हाल ही में भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह टिकट के मुख्य दावेदार थे। कुछ समय पहले उनके पिता चौधरी बीरेंद्र सिंह भी कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इस सीट से इनेलो ने सुनैना चौटाला और जजपा ने नैना चौटाला को मैदान में उतारा है। हिसार में अब चारों ही जाट उम्मीदवार हैं। वहीं, सिरसा सुरक्षित सीट से पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा पर भरोसा जताया है। कुमारी सैलजा दो बार इसी सीट से सांसद रह चुकी हैं। सैलजा की यह पारंपरिक सीट रही है। उनके पिता भी चार बार सांसद रह चुके हैं। सैलजा का मुकाबला भाजपा के अशोक तंवर से होगा। वहीं, पार्टी ने अंबाला लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूलचंद मुलाना के बेटे व विधायक वरुण मुलाना को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला भाजपा के स्व. सांसद रतन लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया के साथ होगा।

पूर्व सीएम मनोहर लाल के सामने कांग्रेस ने उतारा युवा पंजाबी चेहरा

कांग्रेस ने पूर्व सीएम मनोहर लाल के सामने पंजाबी बिरादरी के युवक कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा पर दांव खेला है। मनोहर लाल भी पंजाबी हैं। बुद्धिराजा भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नजदीकी माने जाते हैं। वह सीईटी और नौकारियों का मुद्दा काफी उठाते रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी महाराज को मैदान में उतारा है। वह हरिद्वार विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। उनके सामने मोहन लाल बड़ौली हैं, जो ब्राह्मण हैं और सतपाल महाराज भी ब्राह्मण हैं। कांग्रेस ने सतपाल को उतारकर जाट वोटों के सहारे मुकाबले को रोचक बना दिया है। कांग्रेस ने फरीदाबाद से पुराने दिग्गज नेता गुर्जर समुदाय से आने वाले महेंद्र प्रताप सिंह पर भरोसा जताया है। वह पांच बार विधायक व दो बार मंत्री रहे हैं।

किसका किसके बीच मुकाबला

लोकसभा	कांग्रेस/आप	भाजपा
अंबाला	वरुण चौधरी	बंतो कटारिया
सिरसा	कुमारी सैलजा	अशोक तंवर
हिसार	जय प्रकाश	रणजीत सिंह चौटाला
कुरुक्षेत्र	सुशील गुप्ता	नवीन जिंदल
करनाल	दिव्यांशु बुद्धिराजा	मनोहर लाल
भिवानी महेंद्रगढ़	राव दान सिंह	चौधरी धर्मबीर
फरीदाबाद	महेंद्र प्रताप	कृष्णपाल गुर्जर
रोहतक	दीपेंद्र हुड्डा	अरविंद शर्मा
सोनीपत	सतपाल ब्रह्मचारी	मोहनलाल बड़ौली
गुरुग्राम	अभी घोषणा बाकी	राव इंद्रजीत सिंह

करनाल में कांग्रेसी नेता की कोठी से सियासी बिसात बिछा रहे मनोहर लाल

- तीन माह के लिए है किराये पर

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व करनाल लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनोहर लाल करनाल में किराये की एक कोठी से सियासी बिसात बिछा रहे हैं। दसों सीटों को लेकर अचूक चुनावी रणनीति तैयार करने के लिए उन्होंने जो कोठी किराये पर ली है, वह करनाल के ही एक कांग्रेस नेता की है।

पूर्व मुख्यमंत्री यहीं से न केवल खुद का चुनाव प्रबंधन देख रहे हैं, बल्कि मुख्यमंत्री सिंह सैनी के करनाल विधानसभा उपचुनाव के साथ-साथ प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रचार को धार भी दे रहे हैं। करनाल के सेक्टर-6 स्थित 167 नंबर कोठी को मनोहर लाल ने तीन माह के लिए किरायानामा किया है।

खास बात ये है कि इस कोठी में आरएसएस और दिल्ली हाईकमान से जुड़े कुछ विश्वसनीय पदाधिकारियों की ही एंट्री है। स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं की यहां आवाजाही नहीं है। करनाल के नेताओं से मिलने के लिए मनोहर लाल ने सेक्टर 8 स्थित भाजपा के कार्यालय में समय तय कर रखा है। वह भाजपा कार्यालय में ही पदाधिकारियों की बैठक लेते हैं और निर्देश देते हैं। दिनभर की राजनीतिक गतिविधियों के बाद मनोहर लाल किराये की कोठी पर पहुंचते हैं और यहां पर तमाम सियासी गुणा भाग करते हैं।

इससे पहले, मनोहर लाल ने राम नगर में मकान लिया था, सीएम रहते यह मकान ही सीएम हाउस रहा और यहां पर उनके प्रतिनिधि बैठते थे, लेकिन बाद में इसे भाजपा के उप कार्यालय के तौर पर ही प्रयोग किया जा रहा है। कोठी किराये पर लेने को लेकर स्थानीय भाजपा नेता तर्क देते हैं कि क्योंकि रामनगर भीड़ का इलाका है, इसलिए सेक्टर-6 में कोठी किराये पर ली है, ताकि बिना लोगों की आवाजाही के प्रदेशभर के चुनावी माहौल पर निगरानी रखी जा सके और रणनीति तैयार की जा सके। हालांकि, कोठी को लेकर मनोहर लाल पहले ही कह चुके हैं, उनको बाद में पता लगा कि ये कांग्रेस नेता की कोठी है।

चौथे महीने दिल्ली में कोठी मिलने का आत्मविशवास...

आत्मविश्वास से लबरेज मनोहर लाल को विश्वास है कि इस कोठी में मात्र तीन माह के लिए आशियाना रहेगा। चुनावों के बाद वह करनाल से सांसद होंगे और इसके नाते उनको दिल्ली में सरकारी कोठी मिल जाएगी। इसी कारण अप्रैल से लेकर जून माह तक ही इस कोठी का किरायानामा किया गया है। हालांकि, दिल्ली में कोठी मिलने का फैसला करनाल लोकसभा की जनता को करना है और इसका परिणाम 4 जून को ही हो पाएगा।

सीएम पद छोड़ने के बाद संगठन की कमान संभाली

इस समय नायब सिंह सैनी प्रदेश के सीएम हैं और प्रदेशाध्यक्ष का पद भी उनके पास ही है। भाजपा अभी तक नए प्रदेशाध्यक्ष तय नहीं कर पाई है। चूंकि सैनी को प्रचार के लिए प्रदेश के अलग अलग हलकों के साथ साथ पड़ोसी राज्यों में भी जाना पड़ रहा है, इसलिए संगठन को धार देने और मजबूती देने के लिए यह मोर्चा मनोहर लाल ने संभाला है। किस लोकसभा क्षेत्र में किस विपक्षी नेता को पार्टी में शामिल करना है या नहीं, ये फैसला इसी कोठी से हो रहा है। पिछले दिनों चरखी दादरी से पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान की भाजपा में एंट्री यहीं से हुई है।

नशीली गोलियों व कैप्सूल का जखीरा बरामद

- सिरसा पुलिस ने बाइक सवार एक युवक को किया काबू

देश रोजाना ब्यूरो, सिरसा

लोकसभा चुनाव के मध्य नजर जिला भर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की एंटी नारकोटिक्स, सेल ऐलनाबाद की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 42600 नशीली गोलियों तथा कैप्सूल का जखीरा बरामद किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि काबू किए गए युवक की पहचान मंगत राम पुत्र तरसेम लाल निवासी बुढाभाणा जिला सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐलनाबाद एंटीनाकोटिक्स, सेल के प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीण कुमार पुलिस टीम के साथ शहर सिरसा के हिसार रोड पर स्थित दिल्ली पुलिया के पास आने जाने वाले वाहनों को चेक कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि इसी दौरान शहर के किसान चौक की तरफ से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति आया और सामने पुलिस पार्टी को देखकर मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर मौके से भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शक की बिनाह पर पुलिस टीम ने उक्त युवक को काबू कर जब नियमानुसार उसकी तलाशी ली तो उसके मोटरसाइकिल पर रखी गत्ते की पेटियों से विभिन्न प्रकार की 42600 नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ करने पर काबू किया गया। युवक उक्त गोलियों व कैप्सूल के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि मौका पर औषधि नियंत्रण अधिकारी को बुलाकर उन्हें सुपुर्द कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

सीएम ने भारतीय कामगार संघ के पदाधिकारी व श्रमिकों से की मुलाकात

देश रोजाना ब्यूरो, करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने करनाल पहुंचकर भारतीय कामगार संघ के पदाधिकारी व श्रमिकों से मुलाकात की। इस दौरान उनकी समस्याएं सुनने के बाद समाधान के प्रति विश्वास दिलाया। इस मौक पर मुख्यमंत्री ने कहा कामगार और श्रमिकों ने आज यह तय किया है कि वह सभी हरियाणा की 10 सीटों पर कमल का बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और मजबूत करेंगे।

दुष्यंत चौटाला पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा उनके पास जो भी शिकायत आएगी उसकी जांच की जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल हमारे वरिष्ठ नेता है। उन्होंने कहा मैं भी श्रमिक हूं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गरीब परिवार से आते हैं, इसलिए वह गरीबों और श्रमिकों की परेशानियों को बहुत अच्छी तरीके से समझते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जेजेपी टूट चुकी है और कांग्रेस तो हमेशा झूठ बोलती रही है।

यात्री ट्रेनों के साथ 40 मालगाड़ियों का संचालन ठप

- अंबाला-लुधियाना ट्रैक पर चल रहा धरना

देश रोजाना ब्यूरो, अंबाला

किसान आंदोलन का असर मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों सहित मालगाड़ियों पर भी नजर आने लगा है। करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) पर 40 मालगाड़ियों का संचालन पूरी तरह से ठप हो गया है। इससे जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित होने के आसार बन गए गए हैं। फिलहाल डीएफसीसीआईएल के अधीन 15 मालगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। इसमें कोयले व फूड ग्रेन से संबंधित सामान की सप्लाई की जा रही है। अगर ऐसे ही हालात चले तो आने वाले समय में कोयले का संकट गहरा सकता है और इसका असर पंजाब व हरियाणा पर भी पड़ेगा।

विदित हो कि अंबाला-लुधियाना मुख्य रेलवे सेक्शन प्रभावित होने से और डीएफसीसीआईएल कॉरिडोर बंद होने से दिल्ली, सहारनुपर, पंजाब, हिमाचल व जम्मू की तरफ से आने वाली मालगाड़ियों को भी मुख्य मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों की मुख्य लाइन पर चलाया जा रहा है। इससे यात्री ट्रेनों का संचालन भी बुरी तरीके से प्रभावित हो रहा है। अंबाला कैंट से पंजाब व जम्मू की तरफ जाने वाली मालगाड़ियों को दो-दो के अनुपात में चलाया जा रहा है यानी एक मालगाड़ी के साथ दूसरी मालगाड़ी भेजी जा रही है। लंबी मालगाड़ी के संचालन के दौरान अन्य ट्रेनों को बीच रास्ते के स्टेशनों पर भी रोका जा रहा है। चंडीगढ़ से साहनेवाल के बीच 83 किमी का एकल ट्रैक है, इसलिए इस एकल लाइन से ही मालगाड़ियों व मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

पंकज गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक, डीएफसीसीआईएल, अंबाला अधिकारी के अनुसार किसान आंदोलन का असर यात्री ट्रेनों पर ही नहीं बल्कि डीएफसीसीआईएल के कलानौर-शंभू सेक्शन पर भी हुआ है। इस सेक्शन पर मालगाड़ियों का संचालन बाधित हो रहा है। कोयले और फूड ग्रेन से जुड़ी 15 मालगाड़ियों को अब मुख्य लाइन से ही संचालित किया जा रहा है जो कि चंडीगढ़ से होकर न्यू सरहिंद स्टेशन तक जा रही हैं।

41.2 डिग्री पहुंचा पारा, बचाव के लिए सरकार ने तैयारियां तेज कीं

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

हरियाणा में तापमान 40 डिग्री पार कर गया। सिरसा में वीरवार को दिन का तापमान 41.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। हालांकि एक मई के बाद तापमान तेजी से बढ़ेगा। उधर, सरकार भी गर्मी और लू को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने सरकार को जानकारी दी कि मई और जून के महीने में तापमान सामान्य से ज्यादा रहने के आसार हैं।

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने सभी प्रशासनिक सचिवों से ईंट-भट्ठों आदि पर काम करने वाली महिलाओं, उनके बच्चों और मजदूरों को लू से बचाव के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा-मजदूरों और उनके बच्चों के लिए धर्मशाला, सामुदायिक केंद्र और क्रेच की व्यवस्था करें। इसके साथ सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

बस अड्डों व रेलवे स्टेशनों पर ओआरएस कॉर्नर बनेंगे

स्वास्थ्य विभाग की एसीएस ने कहा, गर्मी को देखते हुए बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर ओआरएस कॉर्नर बनाने का निर्णय लिया गया है। अस्पतालों में लू और गर्मी से बचाव के लिए सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में हैं।

अस्पतालों में ठंडे स्थानों पर बेड भी लगाए गए हैं। जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए मोरनी और कलेसर अग्निशमन प्रणाली को दुरुस्त किया गया है। निगरानी के लिए दो नोडल अधिकारी भी लगाए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव पी. अमनीत कुमार ने बताया कि 26 से आंगनबाड़ी वर्करों के माध्यम से लू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। ऊर्जा और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए के सिंह ने बताया कि बिजली और पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे।

पेयजल से कार धोई तो लगेगा पांच हजार जुमार्ना

शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने बताया कि शहरी कामगारों और उनके बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए व्यवस्था की जा रही है। शहरों में पेयजल से कार धोने पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सड़कों पर पेयजल बहाने पर पांच हजार रुपये जुमार्ना लगेगा। विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मनरेगा मजदूरों के कार्य समय में भी बदलाव करने के निर्देश दिए गए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्याउ लगाने को भी कहा गया है।

कर्ण शिवानी गेहूं किस्म बन सकती है किसानों की लाडली

- पैदावार 5 से 10 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक बढ़ी

देश रोजाना ब्यूरो, करनाल

करनाल स्थित भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर) की ओर से तैयार गेहूं की किस्म डीबीडब्ल्यू 327 यानी ह्यकर्ण शिवानीह्न ने देश में उपज का नया कीर्तिमान बना लिया है। पिछले साल किसानों को मुहैया कराई गई एवं 2021 में रिलीज इस किस्म ने देश के बड़े गेहूं उत्पादक राज्यों पंजाब और हरियाणा में शुरूआती परिणामों में पैदावार पांच से 10 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक बढ़ा दी है।

सबसे खास बात ये है कि इस साल जारी की गई तीन नई किस्में डीबीडब्ल्यू 327 की रिकॉर्ड पैदावार को भी पार करती दिख रही हैं। जिससे उम्मीद की जा रही कि कर्णनगरी की ह्यकर्ण शिवानीह्न देशभर के किसानों की लाडली गेहूं किस्म बन जाएगी।

आईआईडब्ल्यूबीआर की ओर से रिलीज करने के बाद इसे दो साल किसानों तक पहुंचने में लगे, इस साल बहुत से किसानों ने इसे अपनाया। जिसके अब तक आए शुरूआती परिणामों में असाधारण पैदावार का प्रदर्शन किया है। आईआईडब्ल्यूबीआर के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के अनुसार जलवायु अनुकूल और बायोफोर्टिफाइड किस्म को उत्तर पश्चिमी मैदानी इलाकों के सिंचित क्षेत्र के लिए जारी किया गया था लेकिन परिणामों पर शोध जारी रहा। पिछले साल 2023 में इस किस्म को मध्य क्षेत्र के लिए भी अधिसूचित कर दिया गया है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने डीबीडब्ल्यू 327 को सर्वश्रेष्ठ फसल विज्ञान प्रौद्योगिकी के रूप में भी मान्यता दी थी। जिससे संस्थान के वैज्ञानिकों में भी खुशी है। इस किस्म की कुछ स्थानों पर सर्वाधिक उपज क्षमता 87.7 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक पाई गई है। इसकी औसत उपज 79.4 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक बताई गई है। जो गेहूं की पैदावार का एक नया बेंचमार्क है।

इसके साथ ही भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल की ओर से इसी साल रिलीज की गई डीबीडब्ल्यू 370, डीबीडब्ल्यू 371 व डीबीडब्ल्यू 372 किस्म ने भी 2021 में रिलीज डीबीडब्ल्यू 327 की सिर्फ बराबरी ही नहीं की बल्कि पैदावार के रिकॉर्ड को तोड़ती नजर आ रही है। इसमें डीबीडब्ल्यू 371 की पैदावार कहीं-कहीं कटिंग प्रयोगों में डीबीडब्ल्यू 327 से भी अधिक पाई जा रही है।

पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के चियारथल खुर्द गांव के किसान दविंदर सिंह उर्फ हरजीत सिंह ने संस्थान के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह को भेजे एसएमएस में बताया कि डीबीडब्ल्यू 327 किस्म से 33.70 क्विंटल प्रति एकड़ यानी 84 क्विंटल प्रति हेक्टेयर पैदावार हुई है। वहीं हरियाणा के पानीपत जिले के बरौली गांव के किसान सुरेश कुमार ने संस्थान को बताया कि उन्होंने अपने खेत में इस बार डीबीडब्ल्यू 327 किस्म से 32.40 क्विंटल प्रति एकड़ (81 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) गेहूं की पैदावार ली है। करनाल के गगसीना गांव निवासी जापान सिंह ने बताया कि मौसम कुछ खराब रहने के बावजूद उनके खेत में डीबीडब्ल्यू 371 की पैदावार 29 से 30 क्विंटल प्रति एकड़ रही है, जो अब तक सर्वाधिक है। आमतौर पर अन्य किस्मों से गेहूं की पैदावार 22 से 24 क्विंटल प्रति एकड़ रहती है।

डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, निदेशक भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल ने कहा कि नई गेहूं की किस्में तो इस साल ही कुछ किसानों को दी गई हैं, लेकिन उनकी पैदावार से किसान उत्साहित हैं, जिससे उम्मीद है कि इन तीनों नई किस्मों को किसान अपनाएंगे, इससे देश में गेहूं की पैदावार तेजी से बढ़ेगी। इसमें डीबीडब्ल्यू 370 चपाती के लिए सर्वोत्तम है, डीबीडब्ल्यू 372 किस्म खेतों में गिरती नहीं है, वहीं डीबीडब्ल्यू 371 की पैदावार डीबीडब्ल्यू 327 से भी अधिक है।

किसी आत्मा की सबसे बड़ी गलती अपने असल रूप को ना पहचानना है और यह केवल आत्म ज्ञान प्राप्त कर के ठीक की जा सकती है।
-महावीर स्वामी

संपादकीय

केंद्रीय चुनाव आयोग को खुद सुधारनी होगी अपनी छवि

केंद्रीय चुनाव आयोग पर इन दिनों सबकी निगाह लगी हुई है। सभी यह देखना चाहते हैं कि 29 अप्रैल के बाद वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में क्या फैसला लेता है। दोनों पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप है। वैसे अभी तक आम जनता के दिमाग में यही है कि चुनाव आयोग एकतरफा फैसले लेता है। यह केंद्रीय चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह देश की जनता का विश्वास जीते और यह विश्वास दिलाए कि उसके लिए सभी राजनीतिक दल एक समान हैं। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो संभव है कि देश के मतदाताओं में चुनाव को लेकर इतनी ज्यादा विरक्ति पैदा हो जाए और वे मतदान करने के लिए घर से ही न निकलें। जैसा कि पहले चरण के मतदान के दौरान नागालैंड में हुआ। 19 अप्रैल को नागालैंड के छह पूर्वी जिलों के चार लाख से अधिक मतदाताओं ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया था। ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स आर्गनाइजेशन ने फ्रंटियर नगालैंड टेरिटरी की मांग पर दबाव बनाने के लिए चुनाव का बहिष्कार किया था। पूर्वी नागालैंड के 20 विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी मतदान करने नहीं आए। सुबह से लेकर शाम तक इंतजार करने के बाद भी एक भी मतदाता वोट डालने नहीं आया। शून्य मतदान का यह आंकड़ा शायद भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार दर्ज किया गया है। हालांकि नागालैंड में मतदान न करने का कारण राजनीतिक था, लेकिन यदि ऐसी स्थिति चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर पैदा हुई तो क्या होगा? लोग तो अब यह सवाल उठाने लगे हैं कि क्या चुनाव आयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी को वही सजा सुना सकता है, जो उसने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को सुनाया था? यह सभी जानते हैं कि जब से चुनाव प्रचार शुरू हुआ है, लगभग सभी राजनीतिक दलों ने किसी न किसी तरीके से आचार संहिता का उल्लंघन किया है। हर राज्य से चुनाव आयोग के पास शिकायतें पहुंच रही हैं, लोग एक दूसरे पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन केंद्रीय चुनाव आयोग को अब अपनी छवि को सुधारने की कोशिश करनी ही होगी। ऐसे में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन की याद आना स्वाभाविक है। टीएन शेषन ने अपने कार्यकाल में चुनाव आयोग को इतना मजबूत बना दिया था कि बड़े से बड़ा नेता उनके फैसले के खिलाफ मुंह खोलने की जुर्रत नहीं कर पाया। उनकी पाक-साफ और निष्पक्ष नीतियों ने चुनाव आयोग की हैसियत क्या होती है, यह तत्कालीन सत्ताधारी दल से लेकर विपक्षी दलों को भी समझा दी थी। आज भी ऐसे ही चुनाव आयुक्त की दरकार है जो निष्पक्ष रहकर बिना किसी दबाव के फैसले ले और लोकसभा चुनाव को निष्पक्षता से संपन्न करा सके।

शून्य मतदान का आंकड़ा शायद भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार दर्ज किया गया है।

बोधिवृक्ष

● अशोक मिश्र

लक्ष्य पर ध्यान रखने से ही मिलेगी सफलता

स्वामी विवेकानंद एक ऐसे साधु थे जिन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम को भी पर्दे के पीछे रहकर आगे बढ़ाया। कहते हैं कि उन्हीं की प्रेरणा से सन 1905 में क्रांतिकारी संगठन अनुशीलन समिति का गठन किया गया था। उन्होंने ही साधु होते हुए भी देश के युवाओं से कहा था कि उठो, जागो और तब तक आगे बढ़ते रहो जब तक तुम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लेते हो। यह एक तरह से देश के स्वाधीनता संग्राम के कूद पड़ने और देश को स्वतंत्र करा लेने के लिए किया गया आह्वान था। वह कहते थे कि अपने लक्ष्य पर सारा ध्यान केंद्रित कर लो, तो लक्ष्य पाना आसान हो जाता है। एक बार की बात है। स्वामी विवेकानंद अमेरिका के किसी इलाके में सुबह-सुबह टहल रहे थे। उन्हें ध्यान ही नहीं रहा और वे काफी दूर तक निकल गए। जब वे एक पुल के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कुछ बच्चे नहर में बहती चीजों पर राइफल से निशाना लगा रहे हैं। बच्चों का निशाना ठीक से लग नहीं रहा था। कई बार प्रयास करने के बाद भी जब कोई बच्चा सफल नहीं हो पाया, तो स्वामी विवेकानंद के मन में भी इच्छा हुई कि वे भी निशाना लगाएं। उन्होंने बच्चों से यह बात कही तो बच्चे भी तैयार हो गए और उन्होंने राइफल स्वामी विवेकानंद को पकड़ा दी। स्वामी विवेकानंद ने एक वस्तु पर बच्चों को बताकर निशाना साधा और उनका निशाना पहली बार में ही ठीक बैठा। बच्चे आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने पूछा कि आपने यह कैसे कर लिया। इस पर विवेकानंद ने जवाब दिया कि जब भी कोई काम करो, अपने लक्ष्य पर ही सारा ध्यान केंद्रित कर दो। जब तुम लक्ष्य पर ही ध्यान रखोगे, तो तुम्हें सफलता जरूर मिलेगी। अगर लक्ष्य से ध्यान भटका तो कोई भी काम नहीं हो पाएगा। यही सफलता का राज है।

news@deshrojana.com

सामयिकी

अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

मलेरिया के अस्सी फीसद मामले अकेले भारत में

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मलेरिया की वर्तमान प्रसार दर इसी तरह बनी रही तो अगले 20 वर्षों में मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। भारत की बात करें तो यहां भी मलेरिया से निपटनें में हर वर्ष हजारों करोड़ रुपया खर्च हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की तकरीबन 85 प्रतिशत आबादी मलेरिया के जोखिम वाले क्षेत्रों में निवास कर रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया की 65 प्रतिशत रोगी उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं। अत्यधिक रोग भार वाली आबादी नृजातीय जनजातियां हैं जो इन क्षेत्रों के दुर्गम वनीय क्षेत्रों में निवास करती है। यहां के लोग गरीब तो हैं ही साथ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अकाल है।

गर्मी, गंदगी, गरीबी और मच्छर, भारतीय स्थिति में ये तीनों ही स्थितियां अलग-अलग नहीं, बल्कि इकट्ठी हैं। नतीजतन इसके दुष्प्रभाव भी इकट्ठे और बड़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो पूरी दुनिया में मलेरिया के कुल मामलों में से 80 प्रतिशत मामले भारत और 15 प्रतिशत उप सहारा अफ्रीकी देशों से होते हैं। चिकित्सा पत्रिका लासेंट ने भी कहा है कि भारत में हर साल दो लाख से अधिक लोगों की मौत मलेरिया से होती है। इस पत्रिका की मानें तो यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास क्लीनिक और अस्पतालों में होने वाली मौतों की संख्या के आंकड़े के आधार पर है। जबकि बड़ी संख्या में मलेरिया से लोगों की मौतें घरों में होती है।

भारत में मलेरिया उन्मूलन के प्रयास वर्ष 2015 में शुरू किए गए तथा वर्ष 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन की शुरुआत के बाद इन प्रयासों में और तेजी आई। मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017-2022) जुलाई 2017 में शुरू की गई जिसके अपेक्षित परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। मलेरिया से निपटने के लिए 2019 में देश के चार राज्यों में पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हाई बर्डन टू हाई इम्पैक्ट पहल की शुरुआत हुई है। इसी तरह इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने मलेरिया उन्मूलन अनुसंधान गठबंधन-भारत (एमईआरए-इंडिया) की स्थापना की है, जो मलेरिया नियंत्रण पर कार्य करने वाले भागीदारों का एक समूह है। गौरतलब है कि 1953 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम (एनएमसीपी) शुरू किया जो घरों के भीतर डीडीटी का छिड़काव करने पर केंद्रित था। इसके अच्छे प्रभाव देखकर राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एनएमईपी) 1958 में प्रारंभ किया गया। लेकिन 1967 के बाद मच्छरों द्वारा कीटनाशकों तथा मलेरिया रोधी दवाओं के प्रति प्रतिकार क्षमता उत्पन्न कर लेने से देश में मलेरिया ने पुनः पैर फैलाना शुरू कर दिया। उसका परिणाम यह हुआ कि देश में मलेरिया तथा उसके प्रभाव से उत्पन्न अन्य बीमारियां बढ़ने लगीं। इसे ध्यान में रखते हुए 1997 में भारत सरकार ने अपना लक्ष्य रोग के उन्मूलन से हटाकर उसके नियंत्रण पर केंद्रित किया और कीटनाशकों के सार्वत्रिक छिड़काव को रोककर चुनिंदा भीतरी जगहों पर छिड़काव शुरू किया।

2003 में राष्ट्रीय ज्ञात कारण बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम यानी एनवीबीडीसीपी के तहत मलेरिया नियंत्रण को अन्य ज्ञात-कारण बीमारियों के साथ मिला लिया गया। क्योंकि ऐसी सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक ही रणनीति होती है, जैसे- रासायनिक नियंत्रण, वातावरण प्रबंधन, जैविक नियंत्रण और निजी सुरक्षा उपाय। उल्लेखनीय है कि 2005 में भारत में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य भी मलेरिया सही सभी ज्ञात बीमारियों पर नियंत्रण लगाना है। अच्छी बात यह है कि मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण बनाने के लिए विश्व बैंक भारत सरकार की लगातार मदद कर रहा है।

ध्यान देना होगा कि विश्व बैंक के सहयोग से 1997 तथा 2005 के मध्य आईडीए साख द्वारा अंशतः वित्तीय सहायता प्राप्त एक मलेरिया नियंत्रण परियोजना चुनिंदा राज्यों एवं जिलों में लागू की गई थी। एनवीबीडीसीपी के आंकड़ों पर गौर करें तो इस दरम्यान यानी 1997 में मलेरिया की घटनाएं 26.6 लाख से घटकर 2003 में 18.6 लाख रह गईं। गौर करें तो आज की तारीख में मलेरिया प्रतिवर्ष 40 से 90 करोड़ बुखार के मामलों का कारण बनता है, वहीं इससे 10 से 30 लाख मौतें हर वर्ष होती हैं। यानी कह सकते हैं कि मलेरिया से प्रति 30 सेकेंड में एक मौत होती है। इनमें से ज्यादातर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चे होते हैं। गर्भवती महिलाएं भी इस रोग की वजह से संवेदनशील होती हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

चिट्ठी आई है

कामना रहित रहना ही बेहतर है

एक बच्चे को गुब्बारे से सुख मिलता है। वही बच्चा जब बड़ा हो जाता है तो उसे गुबारा अच्छा नहीं लगता है। किसी व्यक्ति की इच्छा हुई कि मेरे पास टीवी या बड़ा मोबाइल होना चाहिए। इस इच्छा ने उसके मन को चंचल कर दिया। अब टीवी की इच्छा उसे दुःखी कर रही है। उसके किसी मित्र ने कहा कि एक महीने बाद में तुम्हें टीवी और मोबाइल भेंट कर दूंगा। मित्र के इस आश्वासन में उसका दुःख दूर हो गया। कारण यह था कि टीवी मिलने के आश्वासन से इच्छा पूरी हो गई। मन का आनन्द बाहर आ गया। अगर आपमें इच्छाएं ही न हों। सबसे उत्तम यही है कि आप इच्छा रहित हो जाएं। आप यथासंभव दूसरों की इच्छाएँ पूरी करें। आप स्पष्ट रूप से समझ लें कि निर्धन गृहस्थ और साधु दोनों के जीवन में अभाव तो है, पर पहला दुःखी और दूसरा सुखी है। कारण यह है कि पहले के जीवन में इच्छाएं हैं और दूसरे के जीवन में इच्छाएं नहीं हैं। भगवान महावीर ने कहा है कि कामनाओं को दूर करो दुःख दूर हो जाएंगे।

कांतिलाल मांडोत, सोनीपत

पाठकों से 'चिट्ठी आई है' कालम के लिए विचार, सुझाव और शिकायतें आमंत्रित हैं।
-संपादक

एक्स हैंडल

Sumit Chauhan@Sumitchauhaan

मेरठ में चुनावी कवरेज के दौरान खेतों में गेहूं की कटाई में हाथ आजमाया जिसने बचपन की यादें ताजा कर दीं। बचपन में दूसरों के खेतों में कटाई करते थे जिसके बदले में गेहूं मिलता था। कई खेत काट कर साल भर का अनाज इकट्ठा कर लेते थे क्योंकि दलित होने के कारण हमारे पास अपनी खेती की जमीन नहीं थी। ज्यादातर दलित भूमिहीन खेती मजदूर हैं इसलिए सोचा ये अनुभव आपके साथ भी साझा करूँ। क्या आपने कभी गेहूं की कटाई की है?

सुमित चौहान
संपादक, द न्यूज बीक

cmoharyana@cmohry

करनाल विधानसभा चुनाव कार्यालय में सम्मानित कार्यकताओं के साथ विचार विमर्श किया और आगामी चुनावों के लिए उनके सुझाव ध्यान से सुने। करनाल के अपने देवतुल्य परिवारजनों को विश्वास दिलाता हूं कि पिछले 10 वर्षों में जो विकास कार्य हुए हैं आपके आशीर्वाद से उसे और तेज गति से आगे बढ़ाएंगे। कोरोना के वैश्विक संकट के समय में भी श्रमिकों की मदद करने का काम भी मोदी सरकार ने किया है।

नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री
हरियाणा

Adv. Anurag Nishad Nishchal@NishchalAnurag

बसपा के साथी इस बात से खुश है कि इस एजेंसी की इस महिला ने मोदी जी का इंटरव्यू लिया था अब आकाश जी का इंटरव्यू ली। भाई यही महिला मोदी जी से कड़े सवाल नही कर सकी थी। अपने भाई की हैसियत इन लोगों से कहीं आगे है आज बड़े से बड़ा पत्रकार उनका समय मांग रहा। पूरे पांच साल आकाश जी ने खुद को तपाया हैं, 2019 के लोक सभा में बहनजी पर चुनाव आयोग का बैन लगा बड़ी रैली थी बहनजी की आकाश जी पहली बार उस रैली में बहनजी का संदेश लेकर लोगों के सामने आयें थे. तब और आज में जमीन आसमान का अंतर है... आकाश अब आकाश में है।

दलबदलू : हमको उनसे वफा की है उम्मीद...

तनवीर जाफरी
स्वतंत्र लेखक

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा? तो शायद ही इसके जवाब में कोई 'हां' कहे। आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। दूसरी श्रेणी के वह लोग हैं जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतः अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी, जातिवादी, क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जाते हैं।

अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर देश की सेवा करने की गरज से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिए कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इन पर भी हावी हो जाता है। इस दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारे देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है। अपराधी, स्वार्थी, झूठे, मक्कार, चरित्रहीन, जातिवादी, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि किस पत्रकार ने किसी एमएलए से ही एमएलए का फुल फार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिए मर मिटने के लिए तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाइव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने को कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण देखने सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मकसद ही धनार्जन, स्वार्थ और अपने राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो, तो जाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज कोई महत्व रखती। ऐसे जमीरफरोशों और मौकापरस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और दलबदलुओं को बार बार निर्वाचित करती रहती हो। उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भलीभांति वाकिफ होते हैं जहां वे अपना राजनीतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुनबा बढ़ाने की गरज से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेते हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उस पर 'दलबदलू' होने का ठप्पा लग चुका है। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौकापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं जिनका या तो मकसद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई जरूरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर-दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। उन्होंने यही सोचकर दल बदला था कि नए दल में उनका राजनीतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज, फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। उसमें एक ही गुण था कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूंकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिए उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फिलहाल कोई खास जरूरत नहीं रही इसलिए भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री को पन्ना प्रमुख बनाकर उनकी राजनीतिक हैसियत का अंदाजा करा दिया है। जनता को सोचना पड़ेगा कि जो नेता उस पार्टी के वफादार न हुए जिसमें रहकर उन्हें मान, नाम, इज्जत, पद रुतबा आदि मिला जिसकी वजह से ही कोई दूसरा दल आज उनकी कीमत लगा रहा है, वह स्वार्थी नेता भला जनता,अपने मतदाताओं व अपने वादों के प्रति कैसे वफादार हो सकता है ? बकौल मिर्जा गालिब- हमको उनसे वफा की है उम्मीद? जो नहीं जानते वफा क्या है?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

डे इन हिस्ट्री

27 अप्रैल 2024

27 अप्रैल 1986 को अमेरिका में जन्मी जेना कोलमैन फिल्म अभिनेत्री हैं।

- 1526 : बाबर दिल्ली का सुलतान बना।
- 1606 : शहजादा खुसरो को बादशाह जहांगीर ने कैद किया।
- 1662 : नीदरलैंड और फ्रांस ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1748 : मुगल बादशाह मोहम्मद शाह का निधन हुआ।
- 1848 : कलकत्ता विश्वविद्यालय ने महिलाओं को विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में पात्रता के लिए पहली मंजूरी दी।
- 1912 : रंगमंच और फिल्मों की महान अदाकारा जोहरा सहगल का जन्म हुआ।
- 1945 : दूसरे विश्व युद्ध में नाजी नेता हिटलर की सेनाओं के खिलाफ अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ की सेनाओं ने मिलकर मोर्चा बांधा।
- 1967 : अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- 1989 : बांग्लादेश में तूफान से 500 लोगों की मौत हुई।
- 1993 : अफगानिस्तानी विमान 'एएनएस 32' दुर्घटनाग्रस्त होने से 76 लोगों की मौत हुई।

त्वरित टिप्पणी

धंस रहे हैं बड़े शहर, प्रकृति की चेतावनी को समझिए

संजय मग्गू
प्रधान संपादक

चीन से एक खबर आ रही है कि उसके आधे से ज्यादा बड़े शहर धंस रहे हैं। जो शहर समुद्री इलाके से सटे हुए हैं, वे समुद्र का जलस्तर बढ़ने से डूबने की कगार पर हैं। वैसे तो यह हमारे लिए पढ़कर भूल जाने वाली एक खबर हो सकती है, लेकिन इस खबर के साथ पूरी दुनिया के लिए छिपी चेतावनी से हम अपनी आंखें नहीं फेर सकते हैं। वैसे भी हमारे देश की शान और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के जिलों की जमीन भी धंस रही है, यह चेतावनी भूवैज्ञानिकों ने कई बार दी है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, देहरादून से जुड़े शोधकर्ताओं ने 2014 और 2019 के बीच डीआईएनएसएआर का उपयोग करके भूधंसाव के नए क्षेत्रों की पहचान की है। शोधकर्ताओं को महिपालपुर, बिजवासन, कुतुब विहार, द्वारका के पश्चिमी हिस्से, अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास, गुरुग्राम और फरीदाबाद के उन क्षेत्रों का पता चला है, जहां जमीन धंस रही है। जमीन धंसने की घटनाएं भारत या चीन तक ही सीमित नहीं हैं, पूरी दुनिया इसकी चपेट में है। शोधकर्ता इसका कारण बेतहाशा भूजल दोहन और अनियंत्रित शहरीकरण को मानते हैं। पूरी दुनिया में विकास का मतलब बड़ी-बड़ी इमारतें, विशालकाय फैक्ट्रियों, लंबी-चौड़ी सड़कों जैसी चीजों से लिया जाता है। बड़े-बड़े शहरों में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए किए जा रहे भूगर्भ जल दोहन ने जमीन को अंदर से खोखला कर दिया है। जब धरती के नीचे से जल खींच लिया जाता है, तो वहां एक रिक्त स्थान पैदा होता जो जमीन के धंसने का प्रमुख कारण है। फरीदाबाद में जहां 2014 से 16 के बीच जमीन धंसने की जो रफ्तार 2.15 सेमी प्रति वर्ष थी, वो 2018 के अंत तक बढ़कर 5.3 सेमी प्रति वर्ष और 2018-19 के बीच बढ़कर 7.83 सेंटीमीटर प्रति वर्ष पर पहुंच गई थी। शोधकर्ताओं ने इस बढ़ते भूधंसाव के लिए तेजी से गिरते भूजल स्तर को जिम्मेदार माना है। ऐसा ही कुछ हाल दिल्ली के कई इलाकों और गुरुग्राम में भी है। जर्नल साइंस में प्रकाशित एक रिसर्च के मुताबिक दुनिया के 34 देशों में 200 से ज्यादा जगह पर भूजल के अनियंत्रित दोहन के कारण जमीन धंसने के सबूत मिले हैं। चीन के करीब आधे शहरों के धंसने की खबर ने हमें एक बार फिर चेतावनी दी है कि यदि हमने भूगर्भ जल दोहन पर लगाम नहीं लगाई, तो इसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। हमें अपनी वर्तमान विकासवादी अवधारणा को तिलांजलि देकर प्राचीन भारतीय परंपरा को एक बार फिर जीवित करना होगा। ऊंची-ऊंची अट्टालिकाएं खड़ी कर देना की विकास नहीं होता है। प्रकृति का संरक्षण करते हुए अपने लिए अधिकतम सुविधाएं जुटाना ही सम्यक निदान है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो भारत, चीन, ईरान, इंडोनेशिया जैसे देशों के 63.5 करोड़ लोगों को इसका दुष्परिणाम भोगने के लिए तैयार रहना होगा। तब पछताने के सिवा कुछ हाथ नहीं लगेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नीता मग्गू द्वारा आर.प्रहरी मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, वार्ड नंबर 12, नजदीक हरियाणा सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बाली नगर, पलवल से प्रकाशित और इंप्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21-22, सेक्टर 59, नोएडा, 201301 से मुद्रित। **संपादकः संजय मग्गू** (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन एवं प्रकाशन के लिए जिम्मेदार) फोन नंबर-0129-4059300, 4317287, मोबाइल नंबर-7027599300, प्रसारः 9871669296 आरएनआई नंबरः **HARHIN/2021/81389, Email info@deshrojana.com, Website www.deshrojana.com**

शहर की धड़कन...
शनिवार, 27 अप्रैल 2024
Rojana
जीटी बेल्ट
देश रोजाना
www.deshrojana.com
करनाल/सोनीपत/पानीपत/कुरुक्षेत्र

P 08
अम्बाला में एसी का कंप्रेसर फटा, दुकानदार समेत चार घायल

हरियाणा में कांग्रेस के 8 उम्मीदवारों की घोषणा

- श्रुति चौधरी का टिकट कटा, बृजेंद्र को ना, राज बब्बर के चक्कर में फंसी गुरुग्राम सीट

शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना

AICC PRESS RELEASE
LOK SABHA ELECTIONS - 2024
HARYANA
The candidates selected by the Central Election Committee for the ensuing elections to the Lok Sabha from Haryana

Sl. No.	No & Name of Constituency	Candidates Selected
1	1 AMBALA - SC	Varun Choudhary
2	3 SIRSA - SC	Kumari Selja
3	4 HISAR	Jai Prakash
4	5 KARNAL	Divyanshu Budhiraja
5	6 SONIPAT	Satpal Brahmachari
6	7 ROHTAK	Deepender Singh Hooda
7	8 BHIWANI-MAHENDRAGARH	Rao Dan Singh
8	10 FARIDABAD	Mahendra Pratap

For favour of Publication
(K.C. VENUGOPAL)
General Secretary, AICC
25th April, 2024

चंडीगढ़। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों में से 8 सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इनमें हिसार से भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए सांसद बृजेंद्र सिंह की टिकट नहीं दिया गया है। उनकी हिसार और सोनीपत से टिकट मिलने की चर्चा थी।

उनकी जगह पर हिसार से पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश और सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी को टिकट दी गई है। वहीं भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस ने विधायक किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी की टिकट काट दी है। यहां से पूर्व सीएम हुड्डा के करीबी राव दान सिंह चुनाव लड़ेंगे। करनाल से हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा चुनाव लड़ेंगे। रोहतक से राज्यसभा सीट छिनने की चचाओं के बीच दीपेंद्र हुड्डा को ही उम्मीदवार बनाया गया है। कुमारी सैलजा सिरसा से चुनाव लड़ेंगी जबकि अंबाला से वरूण चौधरी मुलाना और फरीदाबाद से पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप को टिकट दी गई है।

गुरुग्राम से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। यहां से कैप्टन अजय यादव दावेदार हैं लेकिन कांग्रेस राज बब्बर को टिकट देना चाहती है। कुरूक्षेत्र की सीट इंडिया ब्लॉक के तहत कांग्रेस ने आप को दी है, जहां से सुशील गुप्ता उम्मीदवार हैं।करनाल में युवा कांग्रेस अध्यक्ष पर भरोसा जतायाकांग्रेस की लिस्ट में सबसे चौंकाने वाला नाम करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा का है। पार्टी हाईकमान ने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पर भरोसा जताया है। जबकि ये कयास लगाए जा रहे थे कि करनाल से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ कांग्रेस बड़ा दांव खेलेगी, लेकिन टिकटों के ऐलान के बाद सियासी गलियारों में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। वहीं अंबाला से कांग्रेस विधायक वरुण चौधरी को टिकट दिया गया है। यह पहले से ही तय था कि मुलाना विधायक वरुण चौधरी को ही कांग्रेस लोकसभा उम्मीदवार बनाएगी।हिसार से टिकट मिलने की आस लगाए बैठे चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे रिटायर्ड कब्बर अफसर एवं भाजपा के टिकट पर सांसद रह चुके बृजेन्द्र सिंह को टिकट नहीं दिया गया।

हिसार से कांग्रेस ने हुड्डा के करीबी जय प्रकाश उर्फ जेपी को टिकट दिया है। जय प्रकाश हिसार से पहले भी सांसद रह चुके हैं। हाल ही में जय प्रकाश ने आदमपुर उपचुनाव में भी भव्य बिश्नोई के सामने कांग्रेस की टिकट पर ताल ठोकी थी मगर हार का सामना करना पड़ा था। जाट बाहुल्य हिसार सीट पर कांग्रेस ने भी जाट कैंडिडेट को मैदान में उतारा है। हरिद्वार कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी को सोनीपत लोकसभा सीट से टिकट दिया गया है। सतपाल हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी हैं। हुड्डा सतपाल की टिकट के लिए शुरू से पैरवी कर रहे थे। कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक कांग्रेस उम्मीदवारों की फेक लिस्ट जारी हुई थी, उसमें भी सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी को ही प्रत्याशी दशार्या गया था। सिरसा से कांग्रेस ने पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद कुमारी सैलजा को टिकट दिया है। सैलजा वर्ष 1990 में सिरसा लोकसभा से सांसद चुनी जा चुकी हैं और केंद्र में मंत्री बनी थीं। सैलजा के पिता चौधरी दलबीर सिंह भी सिरसा से सांसद रह चुके हैं। रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा की टिकट फाइनल मानी जा रही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में वह 7 हजार वोटों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा से हार गए थे। यही वजह रही कि पार्टी हाईकमान को दीपेंद्र के रुख को देखते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाना पड़ा। वहीं फरीदाबाद से पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। महेंद्र प्रताप की साफ और स्वच्छ छवि को देखते हुए पार्टी हाईकमान ने उन्हें टिकट देने का फैसला किया है।

भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से कांग्रेस ने पूर्व सांसद श्रुति चौधरी का टिकट काटकर हुड्डा के करीबी राव दान सिंह को टिकट दिया है। श्रुति चौधरी भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुकी हैं। वह पहली बार 2009 में इसी संसदीय क्षेत्र से चुनी गई थी। राव दान सिंह महेंद्रगढ़ से कांग्रेस के विधायक हैं और उन्होंने भाजपा के दिग्गज नेता रामबिलास शर्मा को इस सीट से हराया था। राव दान सिंह 2000, 2005, 2009 और 2019 में महेंद्रगढ़ विधानसभा से विधायक चुने गए हैं।

करनाल में होगा उप चुनाव : सुप्रीम कोर्ट

शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना

चंडीगढ़। करनाल विधानसभा उप चुनाव रद्द करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस पामी दिंघतन्नम श्री नरसिम्हा की पीठ ने खारिज करते हुए उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि करनाल निवासी कुनाल चानना ने पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट में याचिका दायर कर उप चुनाव को चुनौती देते हुए कहा था कि यह उपचुनाव असवैंधानिक है। हाइकोर्ट की डबल बैंच ने 3 अप्रैल 2024 को फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी व उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए। हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ कुनाल चानना ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसपर शुक्रवार दिनांक 26 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई व करनाल विधानसभा उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए गए व उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा से भाजपा विधायक पद के दावेदार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस्तीफा देने के बाद करनाल विधानसभा सीट पर चुनाव आयोग ने उप चुनाव कराने का ऐलान किया था।

हुडा ग्रुप के दिव्यांशु बुद्धिराजा को करनाल से मिला टिकट

- सबसे चौंकाने वाला नाम करनाल लोकसभा सीट से दिव्यांशु बुद्धि राजा का है

शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव के मध्य नजर हरियाणा की 9 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवारों के नाम पर मोहर लगानी थी जिनमें से आठ नाम पर मोहर लगी है। सबसे चौंकाने वाला नाम करनाल लोकसभा सीट से दिव्यांशु बुद्धि राजा का है।

हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धि राजा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ करनाल से कांग्रेस के उम्मीदवार बनाए गए हैं। दिव्यांशु बुद्धि राजा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बनने से पहले एनएसयूआई हरियाणा के अध्यक्ष रह चुके हैं। करनाल लोकसभा के लिए कांग्रेस के दिग्गज नेता कुलदीप शर्मा पानीपत से बुल्ले शाह के नाम कई दिनों से सुर्खियों में थे। मूल रूप से गोहाना के रहने वाले दिव्यांशु बुद्धि राजा को करनाल लोकसभा की टिकट मिलना सीधा संदेश है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा दीपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबीहोने का लाभ उनको मिला है लंबे इंतजार के बाद आखिरकार हरियाणा के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर ही दी। कांग्रेस ने पहली सूची में 8 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। अंबाला से वरुण चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। सिरसा से कुमारी सैलजा, हिसार से जय प्रकाश, करनाल से दिव्यांशु बुधिराज, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी, रोहतक से दीपेंदर सिंह हुडा, भिवानी महेंद्रगढ़ से राव धन सिंह, फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले प्रत्याशियों के नाम पर पांच बार स्क्रीनिंग कमेटी, दो बार सीईसी की बैठक हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं

निकल सका। इतना ही नहीं एक बार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ में भी हरियाणा कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई थी।

हरियाणा की 9 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह सेवानिवृत आईएएस अधिकारी को फिलहाल टिकट नहीं दी गई है। भाजपा छोड़कर कांग्रेस के अंदर शामिल हुए बृजेंद्र सिंह तथा उनके बाद उनके पिता चौधरी वीरेंद्र सिंह के साथ यही बनी ना खुदा मिला ना बिसाले सनम। प्रियंका गांधी राहुल गांधी सोनिया गांधी पूरे गांधी परिवार के काफी करीब होने का दावा करने वाले चौधरी वीरेंद्र सिंह के साथ कांग्रेस ऐसा करेगी इसकी उम्मीद किसी को भी नहीं थी।

टिकटों के बंटवारे में एक बात स्पष्ट हो गई की एक तरफ भूपेंद्र सिंह हुड्डा की तूती बोली। हुडा ग्रुप के दिव्यांशु बुद्धि राजा को करनाल से टिकट मिला, जयप्रकाश को हिसार से टिकट मिला, राव दान सिंह को भिवानी से टिकट मिला। कांग्रेस की टिकटों के बंटवारे में एक तरफा खेल भूपेंद्र सिंह हुड्डा का चला। किरण चौधरी अपने बेटी श्रुति चौधरी को टिकट दिलवा पाने में असफल रही। कुमारी शैलजा सिरसा लोकसभा सीट से केंद्रीय नेतृत्व की बात को टाल ना पाई तथा चुनाव लड़ने को तैयार हुई जबकि वह अतीत में यह कह चुकी थी कि वह विधानसभा के चुनाव लड़ने की इच्छुक हैं ।

न्यूज डायरी

साफ सफाई का ध्यान रखकर मलेरिया से बच सकते हैं : कमल किशोर

प्रीति सैनी, साढ़ौरा। विश्व मलेरिया दिवस पर छात्रों एवं अभिभावकों में जागरूकता लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एस एम एल वी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ललहाड़ी कलां के छात्रों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली को विदयालय के प्रिंसिपल कमल किशोर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि मलेरिया,मानव जीवन के लिए खतरनाक बीमारी है परंतु जागरूकता के साथ इससे बचा सकता है।उन्होंने बताया कि एक जगह पानी न खड़ा रहने दें,अपने फ्रिज,कूलर की नियमित साफ-सफाई करते रहें ताकि लारवा ही ना बने।उपरोक्त जानकारी देते हुए स्कूल प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोट मुसतरका से डॉक्टर मंजीत सिंह और बलविंद्र सिंह भी शामिल हुए।उन्होंने बच्चों को कई चार्ट दिखाकर खुद को मलेरिया से बचने के तरीके बताए कि इस मौसम में पूरी बाजू के कपड़े पहनें,वहीं सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें और कहीं भी आस-पास अवाँछित गड्ढा दिखाई दे,तो उसे मिट्टी से भर दिया जाए।बच्चों ने इस अवसर पर तमाम बातों को ध्यान से सुना और रैली निकालकर संदेश दिया।इस अवसर पर धनी राम,संदीप राणा,प्रमोद शास्त्री,मधु राणा,मनविंदर कौर,पूजा यादव,राजेश कुमार,भगवान सिंह,चमन लाल,संजीव कुमार,पवन कुमार, बलविंदर सैनी,देवेंद्र सैनी,देवीचरण,विकास शर्मा,विशाल सिंह,राजीव शर्मा,वीरेंद्र शर्मा,राम सिंह,मनप्रीत सिंह,मनदीप कौर आदि उपस्थित रहे।

जब तक समस्या का हल नहीं निकलता तब तक जारी रहेगा प्रदर्शन : कर्मचारी नेता

निर्मल संधु, इंद्री। आल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन सब यूनिट गढ़ीबीरबल का एसडीओं गढ़ी बीरबल के खिलाफ अपनी मांगों के समर्थन में चौथे दिन भी आंदोलन जारी रहा। आज एसडीओं गढ़ीबीरबल ने आल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों को बातचीत के लिए बुलाया ओर उनको सभी मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया मगर यूनियन के पदाधिकारियों ने शनिवार और रविवार तक समस्याओं का समाधान करने का समय एसडीओं को दिया ओर कहा कि अगर रविवार तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो सोमवार से फिर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। आज चौथे दिन के प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट गढ़ीबीरबल के प्रधान जय कुमार ने ओर संचालन सब यूनिट सचिव बलिंद्र ने किया।

भ्रष्टाचार के आरोप में रेणू फुलिया को सस्पेंड कर ट्रांसफर करने के आदेश जारी करें सीएम : शांडिल्य

- अम्बाला मंडल कमीशनर रेणू फुलिया और उनके परिवार पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना

अम्बाला। विश्व हिन्दू तख्त एवं एंटी टेरोरिष्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने अंबाला मंडल कमीशनर रेणू फुलिया व उनके परिवार पर भ्रष्टाचार के लगे गंभीर आरोपों के बाद भी नायब सैनी सरकार ने रेणू फुलिया को आज तक न सस्पेंड किया और न ही अंबाला मंडल कमीशनर पद से हटाया और न ही करोड़ों रूपए की जमीन घोटाले में घिरे उनके पति आईएएस आर आर फुलिया को आज तक इंफोर्मेशन कमीशनर पद से सरकार ने हटाया वीरेश शांडिल्य ने कहा कि जबकि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा था कि चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रेणू फुलिया को बदला जाएगा।

सरकार ने सीनियर आईएएस अवनीत पी कुमार के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी रेणू फुलिया व उनके परिजनों के खिलाफ कमेटी तो बना दी लेकिन आज तक रेणू फुलिया को न सस्पेंड किया और न ट्रांसफर किया जबकि रेणू फुलिया उन्हें दबाने के लिए गैंगस्टरों की मदद ले रही है। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने बताया कि उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी व चुनाव आयोग को पत्र लिखकर तत्काल प्रभाव से रेणू फुलिया को सस्पेंड कर उन्हें ट्रांसफर किया जाए।

हरियाणा में बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

- मंडी में गेहूं के धीमे उठान से किसान परेशान

शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना

चंडीगढ़। हरियाणा में लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। कई इलाकों में हो रही बारिश की वजह से किसान परेशानहरियाणा में लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। कई इलाकों में हो रही बारिश की वजह से किसान परेशान है। ऐसे में एक ब फिर किसानों की चिंता बढ़ गई है।

मौसम सम विभाग ने हरियाणा के कई जिलों में बारि की संभावना जताई है। अगर बारिश होती ह तो अन्नदाताओं की मेहनत बर्बाद हो सकती है। वहीं मंडी में गेंहू के धीमे उठान से किसान परेशान है।आढ़तियों का कहना है कि सरकार ने जिस एजेंसी को मंडियों से लोडिंग व गोदामों में अनलोडिंग का टेंडर दिया है, वह एजेंसी सही काम नहीं कर रही है। इतना ही नहीं उसके पास पर्याप्त लेबर न होने के कारण हालात बदतर हो गए हैं। वहीं व्यापार मंड के प्रांतीय अध्यक्ष व कान्फेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि धीमे उठा के कारण बारिश में किसान का लाखों क्विंटल गेहूं खराब हो गया है। सरकार को ठेकेदारों पर दबाव बनाकर तुरंत अनाज का उठान करवाना चाहिए। अगर ऐसे में फिर बारिश होती है तो अनाज मंडी में खुला पडा गेंहू भीग सकता है।बता दें कि हरियाणा में गेहूं के फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। ऐसे में किसान गेंहू बेचने के लिए मंडी पहुंच रहे है। लेकिन मंडी में धीमे उठान के कारण किसान परेशान है। पहले भी अव्यवस्था के कारण करनाल, पानीपत, अंबाला, यमुनानगर व कैथल कमंडियों में बारिश से 20 लाख टन गेहूं भीग गया।

इसके खराब होने का अंदेशा है। इस बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर प्रदेश के सात जिलों पंचकूला, कुरुक्षेत्र,, करनाल, कैथल, सिरसा, फतेहाबाद और जींद में ओलावृष्टि और बाकी जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। अगर बारिश होती है तो इससे किसानों की परेशानी बढ़ सकती है।

संजय कुमार और अमिताभ ढिल्लों एडीजीपी रैंक पर प्रोमोट, जुलाई से मिलेगा लाभ

हरियाणा के 2 आईपीएस अधिकारियों की सैलरी में हुई बढ़ोत्तरी

- अभी दोनों ऑफिसर्स को मिल रहा है 1 लाख 99 हजार रुपए का पे स्केल

शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना

पंचकूला। हरियाणा में 2 आईपीएस अधिकारियों क सैलरी में बढ़ोत्तरी हुई है।आईपीएस अधिकारियों की सैलरी में बढ़ोत्तरी हुई है। एडीजीपी रैंक पर प्रमोट हो चुके आईपीएस संजय कुमार और अमिताभ ढिल्लों की लेवल 15 का पे स्केल दिए जाने को लेकर ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं।

इन दोनों अधिकारियों को बढ़ी हुई सैलरी का लाभ 1 जुलाई से मिलेगा। अभी दोनों ऑफिसर्स को 1 लाख 99 हजार रुपए का पे स्केल मिल रहा है। जुलाई से दोनों ऑफिसर्स को लेवल-14,15 का 2 लाख 17 हजार 600 रुपए पे स्केल दि जाएगा। राज्य सरकार ने तीन महीने पहले 4 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन ऑर्डर जारी किए थे। इनमें 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी आलोक कुमार राय औ एसके जैन को डीजीपी रैंक पर प्रमोट किया गया था। 1997 बैच के आईपीएस, आईजी अमिता ढिल्लों और संजय कुमार को एडीजीपी बनाया गया था।एक साल से पेंडिंग था प्रमोशन इन आईपीएस अधिकारियों का प्रमोशन पिछले एक वर्ष से ज्यादा समय से लंबित था।

प्रमोशन को लेकर कानूनी पेंच फंसा हुआ था। पहले आईजी से एडीजीपी में प्रमोट हुए अफसरों के मामले में खामियां मिली। जिसकी शिकायत केंद्र सरकार तक की गई थी। इस मामले में डीओपीटी की ओर से वेकें के तहत ही प्रमोशन करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इन आईपीएस अफसरों के आग्रह पर पिछले दिनों गृह मंत्री अनिल विज ने प्रदेश के एडवोकेट जनरल बलदेव राज महाजन के पास कानूनी सलाह के लिए फाइल भेजी थी, जिसमें एजी ने अपनी सलाह में कहा था कि सरकार चाहे तो वह प्रमोशन कर सकती है। इसके तहत ही सरकार ने उक्त अफसरों के प्रमो का फैसला लिया। हरियाणा में डीजीपी रैंक में अब 7 अधिकारी शामिल हो गए हैं। इनमें 1988 बैच के मनोज यादव केंद्रीय प्रतिनियुक्त में रेलवेसुरक्षा बल में डीजी पद पर तैनात हैं। 1989 बैच के डॉ. आरसी मिश्रा पुलिस आवास निगम और मोहम्मद अकील डीजी जेल पद पर सेवाएं दे रहे हैं। 1990 बैच के क्कर शत्रुजीत कपूर प्रदेश के डीजीपी हैं और देसराज सिंह डीजी होमगार्डस हैं। अब आलोक कुमार राय और एसके जैन भी डीजी रैंक में आ गए हैं।

करनाल विधानसभा उपचुनाव संबधित याचिका खारिज होने से विपक्ष हुआ पस्त : मीना चौहान 'रायसन'

- प्रदेश उपाध्यक्ष ने आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर वोट डालने की अपील की

संजीव चौहान, देश रोजाना

तरावड़ी। नीलोखेड़ी विधानसभा के अंतर्गत गांव बडसालू में शक्ति केंद्र प्रमुख एवं बूथ प्रमुखों के अलावा काफी अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया ।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान रायसन ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की तथा लोगों को भारतीय जनता पार्टी की रीती नीतियों से अवगत कराते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर वोट डालने की अपील की' इस अवसर पर करनाल विधानसभा उपचुनाव से संबंधित सुप्रीम कोर्ट में लगी याचिका के खारिज होने पर बातचीत करते हुए मीना चौहान ने पत्रकारों को बताया कि करनाल विधानसभा उप चुनाव रद्द करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को पीठ ने खारिज करते हुए उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि करनाल निवासी कुनाल चानना ने पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट में याचिका दायर कर उप चुनाव को चुनौती देते हुए कहा था कि यह उपचुनाव असवैंधानिक है। हाइकोर्ट की डबल बैंच ने 3 अप्रैल 2024 को फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी व उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए।

हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ कुनाल चानना ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसपर शुक्रवार दिनांक 26 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई व करनाल विधानसभा उप चुनाव जारी रखने के आदेश दिए गए व उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया।

'गरीबों को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही भाजपा'

- मुख्यमंत्री ने करनाल में श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी सरकार ने जिसने देश व प्रदेश में श्रमिकों की भलाई के लिए कार्य किया है। मोदी जी ने गरीबों के लिए जो योजनाएं चलाई विपक्ष के पेट में उसके लिए भी दर्द है।

कांग्रेस जैसी पार्टियां खुद तो श्रमिकों और गरीबों के लिए कुछ नहीं कर पाई। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। भाजपा सरकार गरीब की मजबूती के लिए काम करने वाली सरकार है। गरीबों को कैसे मजबूत किया जाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए काम करते रहते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल की नई अनाज मंडी में राष्ट्रीय कामगार संघ की ओर से आयोजित श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसके अलावा भी मुख्यमंत्री ने करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के लिए वोट की अपील की। श्रमिकों ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वादा किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष ने केवल श्रमिकों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने न तो श्रमिकों के बारे में आज तक सोचा और न ही कोई योजना बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के बारे में सोचा और उनकी भलाई के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश व प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को लाभ पहुंचाया। हरियाणा प्रदेश के श्रमिकों को कोई दिक्कत न आए इसके लिए काम किया। मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए श्रमिकों की बात सुनी और उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। सीएम ने कहा कि श्रमिकों को भविष्य में भी कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी सरकार उनके साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी।

उन्होंने आह्वान किया कि करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा का साथ दें ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, भाजपा नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, संघ के अध्यक्ष जंग बहादुर, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, ओमप्राकश, रोहताश जांगडा, श्याम लाल, पूनम ठाकुर सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

हरियाणा में कांग्रेस की टिकटों के बाद घमासान की संभावना, बीरेंद्र और किरण चौधरी ने बुलाई बैठकें

शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना

चंडीगढ़। हरियाणा में कांग्रेस की तरफ से देर रात 8 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी गई है। कांग्रेस की तरफ से अंबाला से वरुण मुलाना, करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा, सोनीपत से सतपाल ब्रहमचारी, रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा, फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप सिंह, भिवानी र राव दान सिंह, सिरसा से कुमारी सैलजा हिसार से जयप्रकाश जेपी को टिकट दिया है। कांग्रेस की टिकटों के बंटवारे के बाद अब अंदरुनी सुगबुगाहट शुरू हो गई है। हिसार लोकसभा सीट से टिकट के इंतजार में बैठे बृजेंद्र सिंह और भिवानी से श्रुति चौधरी को बड़ा झटका लगा है। इन दोनों की टिकट कट गई है। अब किरण चौधरी की तरफ से अपने समर्थकों की बैठक बुलाई गई है। माना ज रहा है कि किरण चौधरी की तरफ से बड़ा फैसला लिया जा सकता है वहीं जब मीडिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए बीरेंद्र सिंह के साथियों ने भी 28 अप्रैल को जींद के दीप होटल में बैठक बुलाई है। माना जा रहा कि इस बैठक में चुनावी चर्चा होगी। वहीं कि इस बैठक में चुनावी चर्चा होगी।

वहीं बीरेंद्र सिंह ने कहा कि कोई बुलाएगा तो चुनाव प्रचार में जाएंगे अन्यथा वो प्रचार नहीं करेंगे। बताया जा रहा है कि हरियाणा में कांग्रेस टिकटों में हुड्डा खेमे का दबदबा रहा है। हु खेमे के 7 लोग टिकट लेने में सफल रहे हैं वहीं सिरसा से एसआरके गुट की सैलजा को टिकट मिली है। यहां पर भी सैलजा के लिए राह आसान नहीं है।

7 लाख 5 हजार 983 मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

परी बजाज, करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है।

गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 5 हजार 983 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 7 लाख 5 हजार 983 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 84 हजार 145 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 62 हजार 709 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 59 हजार 129 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- पुलिस हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों को सलाखों का मार्ग दिखा रही है

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं।

हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों को सलाखों का मार्ग दिखा रही है। इस कड़ी में आज नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने करनाल में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 181 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो के प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ वातालाप के माध्यम से इस गंभीर विषय पर चर्चा की और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें नशा क्यों नहीं करना चाहिए, इसके मनुष्य के मस्तिष्क और शरीर पर क्या प्रभाव पड़ते हैं। परिवार और समाज के साथ साथ राष्ट्र पर क्या प्रभाव पड़ते हैं। इस विषय पर गंभीरता से चिंतन मनन किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़कर विषयवस्तु पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रतिबंधित नशा तो मनुष्य के लिए घातक है ही लेकिन तम्बाकू का नशा जिसमें बीड़ी सिगरेट और हुक्का आता है कम खतरनाक नहीं है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि भारत में लगभग 27 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं जिससे लगभग 14 लाख लोगों की मृत्यु प्रति वर्ष हो जाती है।

'सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में लोगों को करें जागरूक'

परी बजाज, करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि सडक सुरक्षा नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। अगर कहीं अनदेखी होती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा नियमों के बारे में लोगों को नियमित रूप से जागरूक किया जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागर में जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक में रखे गए एजेंडों पर संबंधित विभाग के अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा गैर सरकारी सदस्यों के द्वारा दिए गए सुझावों को भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करें। बैठक में अध्यक्ष के समक्ष कुल 18 एजेंडे रखे गए जिनमें से 11 एजेंडे पिछली बैठक से लंबित थे तथा नए 7 एजेंडे शामिल थे।

डीएवी मधुबन में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित

सुभाष सिसोदिया, देश रोजाना

घरौंडा। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में सीबीएसई द्वारा विज्ञान विषय की दो दिवसीय 25 तथा 26 अप्रैल को क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की क्षमता को संवर्धित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्री मंतोष पाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने विषय विशेषज्ञ डॉ कुसुम अहलावत तथा कल्पना लाठर का स्वागत किया।

विषय विशेषज्ञ डॉ कुसुम अहलावत तथा कल्पना लाठर ने विज्ञान शिक्षण को रोचक पूर्ण कैसे बनाया जाए तथा विज्ञान विषय में प्रतिदिन होने वाले नवीन बदलावों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

ट्रक और मोटरसाईकिल रेहड़ी की टक्कर में एक घायल

योगेश गुप्ता, रादौर। तेज रफ्तार ट्रक ट्राला चालक ने मोटरसाईकिल रेहड़ी पर सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया। लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे रैफर कर दिया गया। घटना के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

गांव लक्सीबांस निवासी सुरता राम ने बताया कि उसके पास मोटरसाईकिल रेहड़ी है। जिसमें वह किराए का काम करता है। जठलाना से वह अपनी रेहड़ी में प्लाइबोर्ड लोड़ करके रादौर लाया था। शाम करीब साढ़े आठ बजे वह बस स्टैंड के समीप सड़क किनारे खड़ा हुआ था।

युवाओं को नशे की ओर न जाकर खेलों में लेना चाहिए भाग : संदीप गर्ग

मानव गर्ग, देश रोजाना

लाडवा। शुक्रवार को स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने लाडवा अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में गांव खेड़ीदबदलान के युवाओं को क्रिकेट खेलने के लिए क्रिकेट किट भेंट की।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि यह बहुतही अच्छी बात है कि गांव खेड़ीदबदलान के युवा खेलों की तरफ जा रहे हैं और यदि युवा खेलों में भाग लेंगे और खेल प्रतियोगिताओं में खेलेंगे तो एक न एक दिन जरूर कुछ हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले भी उनके द्वारा खेलों को बढ़ावा देने हेतू कई गांवो में युवाओं को क्रिकेट किट वितरीत की गई है। युवाओं को नशे की ओर न जाकर बल्कि खेलों में भाग लेना चाहिए, तकि उनका स्वास्थ्य भी सही रह सकें। वहीं ग्रामीण युवा विशाल ने बताया कि पिछले काफी समय से उनको क्रिकेट किट की आवश्यकता थी जो संदीप गर्ग द्वारा पूरी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग हर इंसान की सहायता करते हैं और साथ रहते हैं। मौके पर कृष्ण सिंह, अनिल कमार, रवि कुमार, नवीन शर्मा, वीणा देवी आदि मौजूद थे।

स्वच्छ सर्वेक्षण के नागरिक सहभागिता घटक को लेकर चलाई अनेक जागरूकता गतिविधियां

अशोक कुमार, देश रोजाना

करनाल। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निदेर्शानुसार निगम क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण के नागरिक सहभागिता घटक को लेकर अनेक जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

इसे लेकर नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम शहर के विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों व अध्यापकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं। माउंट लिटेरा जी स्कूल में आयोजित हुआ जिज्ञासा कार्यक्रम- शहर के माउंट लिटेरा जी स्कूल में जिज्ञासा कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में उन्होंने ठोस अपशिष्टद्द प्रबंधन को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया और अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या दीप बेदी ने की। जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने अतिरिक्त निगम आयुक्त से भी प्रश्न किए।

चुनाव आचार संहिता की आड़ में नई अवैध कॉलोनी ना पनपने दें : अतिरिक्त उपायुक्त

- अवैध कॉलोनी व निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्यवाही

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त ने डीटीपी को निर्देश दिए कि जिला में नई अवैध कॉलोनियों को पनपने न दिया जाए। अगर कोई चुनाव आचार संहिता की आड़ में कॉलोनी विकसित करता है तो उसे बख्शा न जाए और उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव आचार संहिता की आड़ में नई अवैध कॉलोनियां विकसित करने की फिराक में रहते हैं ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए और संबंधित विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया जाता है उनकी भी दुबारा से जांच करते रहें कि वे दुबारा निर्माण कार्य नहीं किया गया। अगर वहां दुबारा से निर्माण कार्य किया गया है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएं।

बैठक में डीटीपी ओमप्रकाश ने बताया कि जनवरी 2024 से लेकर 5 मार्च तक 23 अवैध निर्माण व कॉलोनियों को ध्वस्त करने का शेड्यूल बनाया गया था जिसमें से 19 को ध्वस्त किया गया तथा 4 अवैध कॉलोनियों/निर्माण कार्यों पर पुलिस बल उपलब्ध होने के उपरांत तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2022 से लेकर 10 अप्रैल 2024 तक 73 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से पुलिस विभाग द्वारा 58 में एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं तथा शेष जांच प्रक्रिया में हैं। इसी प्रकार से कंट्रोल्ड एरिया से संबंधित 23 शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिनमें से 18 में पुलिस विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं तथा शेष जांच प्रक्रिया में हैं। डीटीपी ने बताया कि 19 जुलाई 2022 में जिला में पहले से विकसित 60 अवैध कॉलोनियां पाई गई थीं। सरकार की पॉलिसी के अनुसार 46 कॉलोनी वासियों ने नियमित करने के लिए विभाग के पास आवेदन किया है।

न्यूज डायरी

श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति ने भव्य श्याम संकीर्तन एवं भंडारा किया आयोजित

अर्पित वधवा, थानेसर। श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा वीरवार देर सांय नरकातरी रोड़ स्थित दुर्गा नगर में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। साथ-साथ ही श्री खाटू श्याम मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली द्वारा श्याम संकीर्तन हुआ। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि आयोजक श्याम लाल सिंगला परिवार ने श्याम पूजन किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम भजनों से समां बांधा। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो..., पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे..., देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,मेरे दुख के दिनों में वो बड़ा काम आता है...., हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढाओ..., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया... और मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार... इत्यादि भजनों पर श्याम प्रेमी झूम उठे। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाया गया। श्याम संकीर्तन में सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। श्याम आरती के पश्चात बाबा का श्रृंगार प्रसाद लेने के लिए भक्तों में होड लगी रही। चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में मंदिर विस्तार हेतु निर्माण कार्य चल रहा है अतः इस पुनीत कार्य में यथासंभव सहयोग प्रदान करें। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा, उपाध्यक्ष अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष चोपड़ा, एल डी कंबोज, विनीत राजपाल, राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा, राकेश चौहान, अशोक अरोड़ा, लवकेश शर्मा, सुरेंद्र काठपाल, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध, नरेश सैनी, कृष्ण कुमार, रवि शर्मा, अंशुल आहुजा, रमेश लांबा, शेर सिंह शेरा और ललित अत्री सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

श्रीराम कथा में सुनाया शिव विवाह प्रसंग

दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र। अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर में श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथावाचक संत तुलसी महाराज(अयोध्या धाम) ने शिव विवाह प्रसंग बहुत ही सुंदर शब्दों में भजनों सहित सुनाया। कथा से पूर्व मुख्य यजमानों बी एन शर्मा,सुनील सिंगला,एम के खन्ना,दर्शन पुरी,विनोद सिंगला,विशेष गर्ग,राहुल सिंगला,उमाशंकर और अश्वनी मित्तल ने श्रीराम कथा का पूजन किया। सभी यजमानों ने व्यासपीठ की पूजा करके कथावाचक को तिलक लगाया। विवाह प्रसंग सुनाते हुए तुलसी महाराज ने कहा कि भूतभावन भगवान शंकर दूल्हे के वेश में काफी जच रहे थे। कैलाश पर्वत पर उनके गणों ने शिव का ऐसा श्रृंगार करवाया जो आज तक किसी दूल्हें का नहीं हुआ होगा। सूर्यदेव ने छत्र लगा रखा था तो चंद्र देव मस्तक का मुकुट बनकर उनकी शोभा बढ़ा रहे थे। गंगा-यमुना शिव को सुंदर चंवर डुला रही थी और आठों सिद्धियां उनके आगे नृत्य कर रही थी। भगवान विष्णु तथा इंद्र इत्यादि देव बारात में आगे-आगे चल रहे थे। अनेक रुप धरे शिव के गण अपनी परंपरागत वेशभूषा की वजह से शिव की ससुराल में कौतूहल का विषय बने। हिमवान नगर के निवासियों ने अपने जमाई दूल्हा बाबू बने शिव का स्वागत किया। शमीर्ले शिव से माता पार्वती की सखियों ने काफी हंसी ठिठोली की। पार्वती के पिता राजा हिमालय व माता मैना ने शंकर के अद्भुत रुप को देखा। विवाह में हाथ बंटाने आई कन्याओं ने पार्वती से कहा कि हमने तो ऐसा वर आज तक नहीं देखा है और न ही भविष्य में देखने की इच्छा है। श्रीराम कथा की आरती में सभी सहयोगियों और कालोनीवासियों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

कुवि के रसायन विभाग में वार्षिक समारोह और विदाई पार्टी आयोजित

दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आरके सदन में अपना वार्षिक समारोह और विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य प्रदर्शन और आकर्षक खेलों में प्रतिभागिता की।विभाग के अध्यक्ष प्रो. जीपी दुबे ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विभाग की हर गतिविधि में भाग लेना हर विद्यार्थी का कर्तव्य है, इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है और सीखने की प्रक्रिया में कभी पिछड़ना नहीं चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षकों द्वारा समारोह के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टार कलाकारों और छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, 2022-23 सत्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालने वाली एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जो शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।इस अवसर पर रसायन विभाग के सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित

परी बजाज, करनाल। जिला में अवैध खनन को रोकने के लिये गठित जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आज यहां जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें बताया गया कि इस साल फरवरी से अब तक 57 लाख 53 हजार जुमार्ना वसूला गया और अवैध परिवहन(ट्रांसपोर्टेशन)की 14 एफआईआर दर्ज की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला में कहीं से भी अवैध खनन की सूचना प्राप्त होने पर फौरन कार्रवाई की जाये। जिला खनन अधिकारी के अनुसार अवैध खनन कार्य में लगे 39 वाहनों को तीन महीने में जब्त किया गया। सुपरदारी मामलों में 3 लाख 48 हजार 950 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। अतिरिक्त खनन करने पर तातारपुर में 64 हजार 193 और सदरपुर में 68 हजार 950 रुपये जुमार्ना वसूल किया गया। फरवरी में 2 लाख 20 हजार, मार्च में 47 लाख 44 हजार 100 और अप्रैल में अब तक 11 लाख 37 हजार 850 रुपये वाहन मालिकों पर जुमार्ना लगाया गया।

'लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा पूरी तरह तैयार'

- भाजपा 370 सीटें और एनडीए 400 पार सीटों के लक्ष्य को लेकर चल रही है : कंवरपाल गुर्जर
- साथ ही चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ाना भी भाजपा का टारगेट है : कृषि मंत्री

नितिन सिंगला, देश रोजाना

जगाधरी। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर जिला यमुनानगर भाजपा संगठन पूरी तरह तैयार है, लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड जीत के लिए भाजपा जिला संगठन का बैठकों का दौर जारी है।इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में चुनाव प्रबंधन समिति द्वारा यमुनानगर और जगाधरी विधानसभा के पदाधिकारियो एक अहम बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता अंबाला लोकसभा प्रभारी पवन सैनी ने की।हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर , विधायक घनश्यामदास अरोड़ा और जिला अध्यक्ष राजेश सपरा साथ रहे।

अम्बाला लोकसभा भाजपा प्रभारी पूर्व विधायक डाक्टर पवन सैनी ने भाजपा संगठन की इस बैठक में पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा तथा लोकसभा चुनाव को लेकर किए जाने वाले कामों पर चर्चा की। अम्बाला लोकसभा चुनाव समिति के सभी विभागों के प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं ने इन बैठकों में अब तक हुए कार्यक्रमों की जानकारी लोकसभा प्रभारी पवन सैनी को दी। चुनावी अभियान को धार देने के लिए खास मुद्दों पर मंथन हुआ। पार्टी द्वारा चलाए गए अभियान और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के चुनावी लक्ष्यों की रूपरेखा भी बैठक में तैयार की गई। बैठक में अंबाला लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक पवन सैनी ने कार्यकताओं की संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा,मेहनत और लगन के साथ कार्य करे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि जब देश का गरीब, किसान, महिलाएं और युवा सशक्त होंगे तो देश मजबूत होगा। हर नागरिक का सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी लगातार काम कर रहे हैं। मोदी सरकार ने किसानों की हर मुश्किल को आसान करने का काम इन 10 सालों में किया है। चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, ऐसे में सभी नेता और कार्यकर्ता और अधिक मेहनत करें तथा लोगों को मोदी सरकार और नायब सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में बताएं।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प रखा है वो तभी पूरा होगा जब एक बार फिर से मजबूती के साथ मोदी सरकार बनेगी।उन्होंने कहा कि हमारा देश विकसित बने हम उसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे है।भाजपा का लक्ष्य जनता के सपनों के अनुरूप शक्तिशाली और विकसित भारत का निर्माण करना है।उन्होंने बताया कि भाजपा जनसहयोग से चलने वाली पार्टी है।

भाजपा ने जो कहा है वह करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में जिसका शिलान्यास किया उसका उद्घाटन भी किया।कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने भाजपा कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा की भाजपा कार्यकताओं के दम पर ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।जिस मजबूती के साथ हमने 2019 में लोकसभा चुनाव जीता उससे अधिक मजबूती के साथ हमें वोट प्रतिशत को बढ़ाते हुए सभी सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है।

हिमानी के परिजनों और अभिभावक सेवा मंच के पदाधिकारियों ने डीएसपी से की मुलाकात

नितिन सिंगला, देश रोजाना

जगाधरी। आज बड़ी संख्या में हिमानी के परिजन और अन्य घायल बच्चों के परिजन अभिभावक सेवा मंच के बैनर तले एस पी गंगा राम पुनिया से मिलनें पहुँचे उनकी गैर हाजरी में परिजनों ने डी एस पी से मुलाकात कर जमैटो कम्पनी का नाम एफ आई आर में जुडवाने हेतु माँग पत्र सौंपा। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने कम्पनी के मैनेजर का जोड़ते-जोड़ते न मालूम कारणों से हटा दिया। जिससे कम्पनी के कर्मचारी को अगले दिन ही जमानत मिल गई। जबकि कम्पनी व मैनेजर पर गैर इरादतन हत्या का मामला चलना चाहिए और जमैटो के कर्मचारी पर गैर जमानती जैसी सख्त धारायें लगानी चाहिए थी।

पुलिस ने इस मामलें में ढिलाई बरतते हुए हल्की धारायें लगाई जिससे अपराधी अगले दिन ही छूट गया। डी एस पी ने एपलीकेशन मार्क कर सभी को सिटी थाने में भेज दिया वहाँ पर थाना अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में परिजन मुंशी लिपिक से मिले।

विवेक चौधरी ने दी चुनाव संबंधी हर पहलू की जानकारी

अशोक कुमार, करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में लोकसभा और करनाल विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले पीठासीन(पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों(एपीओ) की ट्रेनिंग निरंतर जारी है।

लगातार चौथे दिन शुक्रवार को भी स्थानीय डा. मंगलसेन सभागार में पीठासीन(पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों(एपीओ)के सातवें और आठवें समूह को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी ने उपस्थित पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) को चुनाव संबंधी हर पहलू पर विस्तृत जानकारी दी। चौधरी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने की जिम्मेवारी हमारे कंधों पर है।

गांव बोउपूर की लड़की की कनाडा में हुई हत्या

- कनाडा में रह रही लड़की की हत्या के मामले को लेकर डीएसपी से मिले परिजन

कुलभूषण शर्मा, देश रोजाना

गुहला चीका। उपमंडल के गांव बोउपूर निवासी एक लडकी की कनेडा में हत्या किए जाने के मामले को लेकर मृतक लडकी के परिजनों ने आज डी.एस.पी. गुहला को एक लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

डी.एस.पी. गुहला को शिकायत देने पहुंचे लडकी के पिता सेवा सिंह, नृपेन्द्र पूनिया, लाभ सिंह, अजमेर सिंह आदि ने बताया कि उनकी लडकी मनप्रीत कौर यहां पढे के बाद अगली पढ़ाई करने के लिए 19 दिसंबर 2022 को कनेडा गई थी, जो कनेडा के कैलगरी शहर में रह रही थी। उन्होंने बताया कि बेटी की शादी 30 अगस्त 2022 को सिख रीति रिवाज के अनुसार मनेंद्र सिंह निवासी शमला जिला पटियाला, पंजाब के साथ की थी और शादी में उन्होंने अपनी हैसियत से बढकर दान दहेज दिया था। उन्होंने बताया कि मेरी बेटी मनप्रीत कौर ने कनेडा जाने के 6 महीने बाद अपने पति मनेंद्र को स्पाउज वीजा पर कनेडा बुला लिया था। परिजनों का आरोप है कि शादी में दिए गए दान दहेज से लडकी के ससुराल वाले शुरू से ही खुश ना थे और समय-समय पर दहेज की मांग करते थे और इसको लेकर उन्होंने लडकी के ससुराल वालों को बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वे बार-बार और दहेज की मांग करते रहे। उन्होंने कहा कि ससुराल वालों की शह पर मनेंद्र सिंह कनेडा जाने के बाद वहां जाकर भी अपने माता-पिता के इशारे पर मेरी लडकी मनप्रीत कौर के साथ मार-पीट करता था और मार-पीट का विडियो बनाकर अपने माता-पिता को भेजता था और उसने मेरी बेटी मनप्रीत कौर का पासपोर्ट छीन कर वहां पर रह रही अपनी बहन व जीजा को दे दिया था ताकि मनप्रीत कौर भारत ना आ सके। उन्होंने कहा कि मनेंद्र की जिसके साथ शादी हुई थी उसका शादी के बाद मालूम पड़ा कि वह नशा करता था और कनेडा जाने के बाद वहां पर भी नशा करता था।

परिजनों का आरोप है कि दोषीगण ने मेरी बेटी मनप्रीत कौर का मोबाईल भी पिछले एक महीने से छीन कर अपने कब्जे में ले लिया था ताकि वह अपने माता-पिता को किसी भी प्रकार की सूचना ना दे सके। मृतक लडकी के पिता सेवा सिंह का आरोप है कि 21 अप्रेल 2024 को उनकी बेटी मनप्रीत कौर की उसके पति मनेंद्र द्वारा हत्या कर दी है जिसमें मनेंद्र के माता-पिता की भी साजिश है।

महावीर गुड्डू को पद्मश्री सम्मान मिलने पर न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकारों ने दी बधाई

- लोक कलाकार महावीर गुड्डू का सम्मान हरियाणा के समस्त कलाकारों का सम्मान है : नीरज सेठी

दलबीर मलिक, देश रोजाना

कुरुक्षेत्र। हरियाणा प्रदेश में कला के क्षेत्र में पहला पद्मश्री पुरस्कार आना समस्त कलाकारों के लिए गौरव की बात है। लोक कलाकार महावीर गुड्डू का सम्मान हरियाणा के सभी कलाकारों का सम्मान है।

महावीर गुड्डू की कला के प्रति तपस्या और समर्पण के कारण उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा जाना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। कुरुक्षेत्र में रंगमंच के लिए सक्रिय न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी ने हरियाणा के सफीदों निवासी लोक कलाकार महावीर गुड्डू को पद्मश्री सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए अपने विचार रखे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री पुरस्कार हासिल करने वाले महावीर गुड्डू गांव गांगोली में एक सामान्य परिवार में जन्मे और शिक्षा-दीक्षा के बाद वे प्राध्यापक बने। 1972 में उन्होंने हरियाणवीं कला के क्षेत्र में अपना पहला कदम रखा था। हालांकि उनका परिवार कला व संस्कृति के क्षेत्र में नहीं रहा है, लेकिन उन्होंने हरियाणवीं संस्कृति को अंगीकार करते हुए कला के क्षेत्र में कदम रखा और निरंतर अपनी कला-साधना से एक विशेष पहचान बनाई। न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के नाटक निर्देशक विकास शर्मा ने बताया कि लोक कलाकार महावीर गुड्डू जमीन से जुड़े कलाकार हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया बूथों का निरीक्षण

परी बजाज, करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने आज असंध हलके के गांव चोचड़ा, राहड़ा, बल्ला और बाल राजपूतान के सरकारी स्कूलों में बनाये गये मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण भी थे। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। चुनाव को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिये। हर पात्र व्यक्ति को निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करना चाहिये।

उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास कोई असलहा वगैरह है तो उसे फौरन पुलिस के पास जमा करा देना चाहिये। श्री उत्तम सिंह ने चुनाव के दौरान गांवों में भाईचारा बनाये रखने की भी अपील की। साथ ही कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से शराब आदि बेचने अथवा अन्य गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा हो तो फौरन उसकी सूचना पुलिस को दें।

वरूण चौधरी ने विधायक रेनूबाला से मुलाकात कर आगामी रणनीति पर की चर्चा

प्रीति सैनी, देश रोजाना

साढ़ौरा। अंबाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार एवं मुलाना विधान सभा क्षेत्र से विधायक वरूण चौधरी ने अपने प्रचार की शुरूआत करते हुए सढौरा की विधायक रेनूबाला व इंजीनियर ऋषि पाल चौधरी से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की।

इस मौके पर वातार्लाप करते हुए सढौरा विधायक रेनूबाला ने कहा कि भाजपा के झूठे वादों और जुमलों से देश की जनता पूरी तरह ऊब चुकी है और अब बदलाव के मूड़ में है। रेनूबाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले की तरह देश में रोजगार के अवसर पैदा करेंगी, उच्च स्तर की शिक्षा मुहैया करायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एम्स जैसे बड़े-बड़े संस्थान बनाए और अब भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देश की जनता को प्रदान करेगी। रेनूबाला ने कहा कि जनता की निगाहें कांग्रेस पर टिकी है और इंडिया गठबंधन हरियाणा में दस की दस लोकसभा सीटें जितेगा। रेनूबाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार हर बच्चे की सरकार होगी, हर जवान की सरकार होगी, हर बुजुर्ग की सरकार होगी, हर महिला की, हर मां की, बेटी की सरकार होगी।

देश की जनता भाजपा से बहुत दुखी : स्वीटी रंगा

दलबीर मलिक, देश रोजाना

कुरुक्षेत्र। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद हल्का के गांव बजगाव और संतोखपुरा में वोट की अपील करते हुए।

स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा ने खेतों तक जाकर जन-जन से डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है और ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। मान सिंह बजगांवा ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है।

'सरकारी मंशा को नहीं होने देंगे सफल'

- किसानों की ओर से सरकारी फरमान का डटकर किया जाएगा विरोध : रतन मान

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर से सहकारी कर्जो पर पुनः ब्याज लागू किए जाने के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वाधान में करनाल स्थित सहकारी बैंक परिसर में किसानों ने एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध जताते हुए नारेबाजी की।

इससे पूर्व स्थानीय अर्जुन नगर स्थित दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन की अध्यक्षता में किसान पंचायत का आयोजन किया। किसान पंचायत को वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सांगवान, किसान नेता राम दुरेजा, इंद्री ब्लॉक अध्यक्ष दिलावर सिंह डबकोली, किसान नेता विनोद राणा ने संबोधित किया। किसान भवन से माल रोड स्थित सहकारी बैंक तक किसानों प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने के उपरांत प्रदेशाध्यक्ष रतन मान की अगुवाई में बैंक महाप्रबंधक शीतल से भेंट करके पूरे मामले को लेकर चर्चा की, लेकिन चर्चा सकारात्मक न होने के कारण भाकियू असहमत नजर आए। किसानों ने कहा कि सरकार नए-नए कानून लागू करके किसानों पर अन्याय कर रही है, लेकिन किसान किसी भी कीमत पर इसे सहन नहीं करेगें। रतन मान ने कहा कि सरकार किसानों द्वारा पैक्सों के माध्यम से लिए गए कर्जो पर 7 प्रतिशत की दर से सालाना ब्याज थोपने का प्रयास कर रही है। पूर्व में प्रदेश में शासित कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने किसानों की मांग पर जीरो प्रतिशत की दर पर कर्ज देने की योजना लागू की गई थी।

अब मौजूदा सरकार इस योजना को खत्म करने की चाल चल रही है। मान ने कहा कि किसानों से अनावश्यक तौर पर कई तरह के कागजात मांगे जा रहे है। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी किसान भाई अभी किसी बैंक अधिकारी व कर्मचारी के द्वारा मांगे जाने पर किसी प्रकार के अपने दस्तावेज ना दें। इस अवसर पर किसान नेता बाबू राम डाबरथला, जोगिन्द्र सांगवान, देविन्द्र सांगवान, रणबीर कतलाहड़ी, रमेश बड़सत, सतपाल, राजा राम मान सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने बताया कि आने वाली 28 अप्रैल को जींद की जाट धर्मशाला में संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की बैठक बुलाई गई है। जिसमें इस मुद्दे को भी जोरशोर से उठाया जाएगा और प्रदेश स्तर पर आंदोलन चलाने की रणनीति भी बनाई जाएगी। जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले करनाल जिला की 39 पैक्सों के सामने किसान पंचायतों का आयोजन किया जाएगा।

न्यूज डायरी

प्रो. सोमनाथ सचदेवा से हरियाणा प्रदेश राईस मिल्स के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से हरियाणा प्रदेश राईस मिल्स और राईस डीलर्स एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत छाबड़ा की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों की इंटर्नशिप और प्रशिक्षण सहित अनेकों विषयों पर चर्चा की।कुलपति प्रो. सोमनाथ ने शिक्षा के क्षेत्र में उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग और मिलकर काम करने पर जोर दिया जिसका समर्थन राईस मिल्स और राईस डीलर्स एसोसिएशन ने किया। इस बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और हरियाणा प्रदेश राईस मिल्स एसोसिएशन के बीच समझौते को लेकर सहमति बनी जिसके अंतर्गत हरियाणा प्रदेश की विभिन्न राईस मिल्स में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रशिक्षुता अवधि में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने इस दिशा में कदम उठाने के लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्रदेश के उद्योगपतियों को इस दिशा में सहयोग करने का आह्वान भी किया।प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा से भी मुलाकात की तथा विश्वविद्यालय को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. महेन्द्र सिंह, केयूसीटीआईई के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. जसविन्द्र सिंह, राईस मिल्स एसोसिएशन के सचिव राजेन्द्र सिंह, शाहाबाद राइस मिल्स के एसोसिएशन के प्रधान रोहित वधवा व एडवोकेट शमशेर सिंह उपस्थित थे।

स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता का संदेश देती है रेड क्रॉस: राजा सिंह झींजर

कुलभूषण शर्मा, गुहला चीका। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जन सेवा की वह मिसाल है, जो लोगों में परोपकार की भावना पैदा करती है। यह विचार जिला जूनियर रेड क्रॉस काउंसलर गोल्ड मेडलिस्ट प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने सरकारी स्कूल हरिगढ़ किंगन में जीवन सुरक्षा कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा रेड क्रॉस की राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ी उपलब्धि है जो जरूरतमंद लोगों की सेवा में अग्रणी पंक्ति पर रहकर जन सेवा की मिसाल कायम करती है। झींजर ने कहा कि जिला उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा सचिव जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कैथल रामजी लाल जी के नेतृत्व में जन सहयोग एवं सेवा को समर्पित कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता रेड क्रॉस का प्रमुख उद्देश्य है। यह मानवता के संदेश के साथ शांति का प्रयास लेकर समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए काम करती है। प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने हरिगढ़ किंगन सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को जन सेवा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमारी जानकारी और समझदारी के द्वारा ही खुशहाल परिवार और समाज की स्थापना हो सकती है। विद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ वीरमती सीडा ने विद्यार्थियों की स्वच्छता रैली को रवाना करते हुए कहा कि जीवन का पहला सुख निरोगी काया है जिसे उचित खान-पान और सादगी भरे व्यवहार से कायम रखा जा सकता है। डॉक्टर सीड़ा ने कहा कि हमें हमेशा अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही भौतिक सुविधाओं का लाभ उठा सकता है। जूनियर रेड क्रॉस कार्यशाला में विद्यालय के 50 जूनियर बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला में अनेक विद्यार्थियों ने अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर तरनजीत कौर, प्रीतम दास, मौलिक मुख्याध्यापक महेंद्र सिंह, ओमी देवी, चंद्रभान वर्मा, उर्मिला देवी, महेंद्र सीडा, प्रीतम दास, कार्यालय सहायक अनिल कुमार, बलकार सिंह, धर्म सिंह, बलजीत सिंह सहित सभी अध्यापक उपस्थित थे।

एमएससी भूगोल तृतीय सेमेस्टर में छाए खालसा कॉलेज के विद्यार्थी

परी बजाज, करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के एमएससी भूगोल तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की मेरिट में स्थान बनाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने बताया कि एमएससी भूगोल के पांच विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है जो की एक हर्ष के साथ-साथ गर्भ का विषय है। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थी साहिल ने 65 प्रतिशत अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में छठा स्थान प्राप्त किया है। वहीं छात्र प्रतिभा ने भी 65 प्रतिशत अंकों के साथ छठा स्थान प्राप्त किया है। छात्र मुकुल ने 63.4 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां, अभिषेक ने 62.8 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां तथा गौरव ने 62.4 प्रतिशत अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 11वां स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सभी मेरिट में आए विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सभी का अभिनंदन किया और कहा कि सभी विद्यार्थियों को कॉलेज की तरफ से हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाती है और सुंदर माहौल में सभी को शिक्षित किया जा रहा है। विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने प्राध्यापकों प्रो. कुलदीप कुमार, प्रो. ज्योत्सना राणा एवं प्रो. शालू के कुशल शिक्षण को दिया।

बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर एकत्रित किए बीजों के 8 सैंपल

दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र। कृषि विभाग के अधिकारियों ने कुरुक्षेत्र जिले में अलग-अलग जगहों पर औचक छापेमारी करके बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से बीजों के 8 सैंपल एकत्रित किए है। यह सैंपल किसानों के हित को जहन में रखकर लिए गए है। इन बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सीजन के दौरान निरंतर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर सैंपल लिए जाएंगे, अगर किसी भी स्तर पर बीजों की गुणवता में कमी पाई या फिर निर्धारित दरों से ज्यादा रेट में बीजों की बिक्री की तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह आदेश उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए है। उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुरेंद्र मलिक के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के गुण नियंत्रक शशीपाल शर्मा की टीम ने पिहोवा व थानेसर में अलग-अलग जगहों पर बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी की।

अम्बाला में एसी का कंप्रेसर फटा, दुकानदार समेत चार घायल

- पीड़ितों के पेट से लेकर हाथ पर आई चोटें
- हादसे की सूचना मिलने के बाद इलाका पुलिस मौके पर पहुंची

शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना

अम्बाला। अम्बाला छावनी में एसी का कम्प्रेसर फटने से चार लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

उधर, धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदारों का जमावड़ा लग गया।अंबाला छावनी के रामपुर गांव के मोड़ पर एक एसी रिपेयर की दुकान में ठीक करते समय अचानक एसी का कम्प्रेसर फट गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि धमाके की गूंज काफी दूर तक सुनाई दी और दुकान में दो मैकेनिक सहित दो हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी के पेट तो किसी की बाजू में गहरी चोटें आई।उपचार के लिए छावनी नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां से रामपुर गांव निवासी कुलवंत की बिगड़ती हालत को देखते हुए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया।डॉक्टर का कहना था कि मैकेनिक कुलवंत की एक बाजू की नस कट गई तो दूसरी में गहरे घाव के कारण उसे रेफर कर दिया। जबकि मैकेनिक राज कुमार के भी शरीर पर जगह चोटें आई और हेल्पर अकबरपुर निवासी गौरव व चंदपुरा निवासी गुरजीत को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में दाखिल कर लिया।हादसे की सूचना मिलने के बाद इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

उधर, धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदारों का जमावड़ा लग गया और दुकान का भी सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें का मूलमंत्र अपनाएं सभी देशवासी : अरोड़ा

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की एक बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं नैशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में फाउंडेशन के देश भर में करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत चल रहे प्रोजेक्ट्स पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया लगातार छः वर्षो से देश भर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है।

फाउंडेशन के करप्शन फ्री इंडिया अभियान के तहत कई प्रोजेक्ट चला कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लम्बी लड़ाई लडी पड़ेगी जैसे कि हमारे देश को आजाद करवाने के लिए हमारे देश के क्रांतिवीरों ने लड़ी थी और देश को आजाद करवाया था। उसी तरह से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रत्येक देशवासी को जागरूक होना होगा। न रिश्वत दें और न रिश्वत लें का मूलमंत्र अपनाना होगा। सच्चाई और ईमानदारी से जीवन को जीना होगा एंव दूसरो को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। भ्रष्टाचारियों को सामने लाना होगा। फाउंडेशन द्वारा देश भर में सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। इस अवसर पवन शर्मा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान, शिक्षण संस्थानों में सेमिनार, ईमानदार अधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी अवार्ड से सम्मानित करना, भ्रष्टाचार को सामने लाने वालो का सम्मान आदि प्रोजेक्ट किए जाते हैं।

न्यूज डायरी

जागरूक मतदाता है लोकतंत्र का भाग्य विधाता : डॉ. सुरेन्द्र शर्मा



यज्ञदत्त शास्त्री, पिहोवा। डीएवी कॉलेज पिहोवा में ज़िला निर्वाचन कार्यालय के मार्ग निर्देशन में वोटर जागरूकता प्रकोष्ठ और राजनिति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक सभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक वोटरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दो सौ के लगभग छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र शर्मा ने प्रो दीप किरण और डॉ गुरप्रीत कौर की गरिमामई उपस्थिति में छात्रों को मतदान शपथ दिलाई। इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि चुनाव में मत अधिकार का प्रयोग करना हर नागरिक का अधिकार ही नहीं अपितु दायित्व भी है। युवाओं को आगे आकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक डॉ सुदीप कुमार ने बताया कि प्रो रविंद्र, प्रो आदित्य, डॉ निशा शर्मा, प्रो मनु और प्रो अजय ने कक्षाओं में जा कर छात्रों को मतदान शपथ दिलाई। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज द्वारा यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि प्रत्येक छात्र अपने मताधिकार का प्रायोग करे।

जल्द अपना असला करवाएं जमा : नसीब सिंह

निर्मल संधु, इंद्री। थाना प्रभारी नसीब सिंह. ने कहा कि लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष ढंग से करवाने के लिए यह अति आवश्यक है कि हम आदर्श आचार संहिता के सभी नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अपने निजी स्वार्थ से हटकर प्रत्येक नागरिक को देश के सबसे बड़े पर्व को सफल बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। नसीब सिंह ने शस्त्र लाइसेंस धारकों से अपील की कि वे सभी जल्द से जल्द अपने शास्त्र अपने नजदीकी या संबंधित थाना में जमा करवाएं, उन्होंने कहा यदि कोई व्यक्ति अपने शास्त्रों को अन्य किसी स्वीकृति प्राप्त गन हाउस में रखता है, तो उसकी रसीद संबंधित थाना में अवश्य जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई शस्त्र लाइसेंस धारक अपने शस्त्र जमा नहीं करवाएगा या आदर्श आचार संहिता के नियमों की पालना नहीं करेगा तो ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी।

सावित्री जिंदल ने रवि बतान के ससुर पृथ्वी तुर्क के निधन पर व्यक्त किया शोक

दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र। पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल ने भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल उनके आवास पर पहुंची। उन्होंने स्वर्गीय पृथ्वी सिंह तुर्क के बेटे विद्या भारती के क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं हम फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय चौधरी, दामाद भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान सहित अन्य परिजनों के साथ दुख साझा किया और परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की है। पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल ने कहा कि पिता का साया एक पेड़ की तरह होता है, जिसकी छांव में पूरा परिवार रहता है। जब छांव प्रदान करने वाला यह पेड़ अपनी अंतिम यात्रा पर निकला जाता है, तो परिवार के लोगों को इनके जाने से काफी क्षति होती है। इसलिए परम पिता परमात्मा इस दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिवार के लोगों को दुःख सहन करने की शक्ति दे।

दिव्यांशु बुद्दिराजा को लोकसभा टिकट मिलने पर बांटे लड्डू



परी बजाज, करनाल। आज करनाल के वाल्मीकि चौंक (कमेटी चौंक) पर करनाल के युवा साथिओं ने सिकन्दर संधु प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस हरियाणा के साथ भाई दिव्यांशु बुद्दिराजा को करनाल से लोकसभा उम्मीदवार बनाकर कांग्रेस पार्टी की तरफ से भेजने के लिए धन्यवाद किया और सभी युवा साथिओं के साथ मिलकर युवा कांग्रेस ने करनाल में लड्डू बाँटकर सेकड़ों युवाओं के साथ खुशी बनायी। कांग्रेस हाईकमान का धन्यवाद करते हुए युवा नेता को करनाल से उम्मीदवार बनाकर भेजने पर शीर्ष नेतर्त्व का धन्यवाद किया। दिव्यांशु बुद्दिराजा जी एक आम परिवार से निकले हुए हैं । और हमेशा युवाओं के हर मुद्दे पर सरकार के खिलाप आवाज को बुलंद किया है चाहे युवाओं के बेरोजगारी का मुद्दा हो या हरियाणा में फैमिली आईडी का मुद्दा हो हमेशा हरियाणा के हितों में अग्रसर हो आवाज को बुलंद किया है। सभी युवाओं से आग्रह करता है भाई दिव्यांशु बुद्दिराजा का बढ़ चढ़कर साथ दे। और हरियाणा के युवाओं की आवाज बनने का काम करें। अब सभी युवा साथी मनोहर लाल खट्टर को रिटायर करके घर बैठाने का काम करेंगे।

दांतों का मुफ्त थ्री डी स्कैन 28 अप्रैल को

परी बजाज, करनाल। करनाल में पहली बार सेहत मंद मुस्कान और दांतों के टेड़ेपन से मुक्ति दिलाने के लिए थ्री डी स्केन तकनीक को करनाल में इंट्रोड्युज कियार जा रहा हैं। करनाल में 1990 से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रहे डा. अनूप जैन लेकर आ रहे हैं। वह इस तकनीक और दांतों की देखभाल दांतों को चेहरे के हिसाब से सुदर एलानइमैंट में सुंदर बनाने के लिए 28 अप्रैल को सुबह दस बजे से जैन डैंटल क्लीनिक कुंजपुरा करनाल में एक निशुल्क दंत चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत : रेनूबाला गुप्ता

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। करनाल की निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता ने कहा कि करनाल सहित प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास और सुशासन से भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। नरेन्द्र मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सब भाजपा प्रत्याशी को अपना वोट और आशीर्वाद देकर ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं। भारत की जनता अब समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के कल्याण के लिए मुफ्त खाद्यान्न योजना, आयुष्मान योजना, उज्जवल गैस कनेक्शन, पीएम आवास जैसी कई योजनाएं चला रहे हैं, जिनसे गरीबों का विकास हो रहा है। करनाल लोकसभा से मनोहर लाल को जिताने के लिए जनता का साथ उनके साथ है। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक बड़ी विजय प्राप्त करेंगे।

डीसी को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

नितिन सिंगला, जगाधरी। जगाधरी वर्कशॉप रेलवे कालोनी से फरकपुर रोड पर बंद रेलवे फाटक को खुलवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को इलाका वासियों ने उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र मित्तल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से रेलवे कालोनी से फरकपुर रोड की और जाने वाले रेलवे फाटक के रास्ते को बंद किया हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस और रहने वाले व्यापारियों का न केवल व्यापार खत्म हो गया बल्कि इस क्षेत्र की कालोनियों के वासी भी शहर से अलग हो गए। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र से पूर्व सांसद एवम वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आमजन के लिए दोपहिया वाहन और पैदल मार्ग की मांग मान ली थी।

ओबीसी वर्ग की सच्ची हितेषी है भाजपा : गुर्जर

- अनुसूचित जाति वर्ग और ओबीसी वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सी योजनाएं की शुरू

नितिन सिंगला, देश रोजाना

जगाधरी। हरियाणा सरकार में कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र की मोदी सरकार व हरियाणा की भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग व ओबीसी वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सी योजनाएं शुरू की है व पंचायती चुनाव में भी इन वर्गों को आरक्षण देकर इन्हें आगे बढ़ने का कार्य बीजेपी सरकार ने किया है।

कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव अनुसूचित जाति वर्ग व ओबीसी वर्ग के हितों से खिलवाड़ करने का कार्य किया है, कांग्रेस सरकार की सदा सोच रही है कि अनुसूचित जाति वर्ग व ओबीसी वर्ग के आरक्षण में से कुछ हिस्सा काटकर अल्पसंख्यक समुदाय को दे दिया जाए , कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में दो-तीन बार कोशिश भी करी है परन्तु सफल नहीं हो पायी है ,सच्चर कमेटी के माध्यम से भी मुसलमान की दशा अनुसूचित जाति वर्ग से भी दयनीय बताई गई जो की हकीकत से बहुत दूर कोरी कल्पना थी ,हकीकत ये है कि कांग्रेस का मुख्य मकसद तो ओबीसी व अनूसूचित जाति वर्ग को परेशान करके अल्पसंख्यक समुदाय को लुभाना है, कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस की एससी,एसटी, और ओबीसी वर्ग के अधिकारों पर बहुत पुराने समय से नजर है। यहां तक कि बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर ने भी 27 अक्टूबर 1951 को कहा था कि पिछले 20 वर्षों में पंडित नेहरू ने लगभग दो हजार भाषण दिए हैं, लेकिन उन्होने एक बार भी अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के बारे में बात नहीं की है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कांग्रेस पाटी को हमारे लोगों के प्रति कितनी सहानुभूति है।

इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं आयुष

- आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के आयुष ने 99.91 परसेंटाइल और एआईआर 1511 हासिल की

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। जेईई मेंस में 99.91 परसेंटाइल व एआईआर 1511 हासिल करने वाले आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के छात्र आयुष राणा इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। आयुष के पापा विजय कुमार बीएसएनल में डिविजनल इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। उनको देखते हुए आयुष ने इस फील्ड को चुना और अपने लक्ष्य को पाने लिए तैयारी शुरू कर दी। उनकी माता मनु ठाकुर ने उसका हौसला बढ़ाया।

आयुष भविष्य में कंप्यूटर साइंस इंजीनियर बनना चाहता है। अपने परीक्षा परिणाम से उत्साहित आयुष राणा का कहना है कि अपने लक्ष्य को लेकर बराबर तैयारी करते रहना चाहिए, निरंतर प्रयास करने से एक दिन सफलता जरूर मिलती है। अपने परीक्षा परिणाम को लेकर आयुष पहले से ही उत्साहित थे जब परीक्षा परिणाम आया तो तो परिजन खुशी से झूम उठे संस्थान की ओर से भी उन्हें बधाइयां मिलनी शुरू हो गई। अपनी सफलता का श्रेय आयुष माता-पिता और शिक्षकों को देते हैं। परिजनों ने उन्हें मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया और भविष्य की मंगलकामनाएं की। इसी क्रम में हिमांक सांवल ने 99.88, वैनी दुआ ने 99.70, पार्थ पाहवा ने 99.62 और आदिल खान ने 99.55 परसेंटाइल हासिल किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है। उनके अलावा आकाश एजुकेशनल के 11 स्टूडेंट्स ने 99 व उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए। 36 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 95 व उससे अधिक 59 स्टूडेंट्स ने 90 व उससे अधिक परसेंटाइल अंक हासिल किए। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, परमेश्वर झा ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया और कहा हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें।

आज होगा श्री गणेश विकट संकट चतुर्थी का पूजन

अर्पित वधवा, थानेसर। मारकंडा नदी के तट पर श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में 27 अप्रैल को भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती नंदन भगवान गणेश की अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी के सान्निध्य में विशेष पूजा एवं अनुष्ठान किया जाएगा। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि पंचांग के अनुसार वैशाख महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को विकट संकट चतुर्थी मनाई जाती है।

विकट संकष्टी चतुर्थी का दिन भगवान गणेश को समर्पित होता है। उन्होंने बताया कि भगवान श्री गणेश को विघ्नहर्ता तथा सुखकर्ता माना गया है। उनकी शरण में आने के बाद जीवन के हर कष्ट से मुक्ति मिलती है। विधि-विधान से गणेश जी का पूजन करने वाले श्रद्धालुओं के जीवन की सभी समस्याएं दूर होती है व उनकी सारी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है।

सड़क का पुन निर्माण होने पर विधायक धर्मपाल गोंदर का आभार : अमित बंसल

संजीव चौहान, देश रोजान

तरवाड़ी। तरावड़ी जीटी रोड से शहर की तरफ सोंकडा पुलिया तक नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर केद्वारा सड़क का पुन निर्माण कराया गया ।उसको लेकर नगर पालिका तरावड़ी के वाइस चेयरमैन अमित बंसल ,पार्षद देश राज तथा शहरवासियों ने विधायक धर्मपाल गोंदर का आभार जताया और लड्डू भी बाटे।

तरावड़ी टी पॉइंट से लेकर अंदर शहर की मुख्य सड़क काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिससे वहां से गुजरने वाले रहीगिरो को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था ।इसको लेकर कई बार संजीव चौहान पत्रकार ने विधायक धर्मपाल गोंदर से अपील की । तब जाकर विधायक ने सड़क की इस समस्या को संज्ञान में लिया। और सड़क का निर्माण कार्य 70 लाख रुपए की लागत से करवा ।इसको लेकर नपा तरावड़ी के वाइस चेयरमैन तथा वार्ड नंबर 6 के पार्षद देशराज अन्य शहर के लोगों ने तथा आसपास के दुकानदारों ने विधायक का आभार प्रकट किया। अमित बंसल ने बताया कि चुनाव के बाद अचार सहिता खत्म होने के बाद सोंकडा पुलिया से आगे की सड़क का निर्माण भी करवाएंगे। बोले विधायक धर्मपाल गोंदर ने अपने हलके में खूब विकास कार्य करवाए है। जिससे विधायक हलके की जनता के चहीते विधायक बन गए है।

रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे मनोहर लाल : शिव नाथ कपूर

संजीव चौहान, देश रोजाना

तरावड़ी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पंजाबी सभा के महासचिव शिव नाथ कपूर ने दावा जताया है कि करनाल से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर रिकार्ड मतों से करनाल लोकसभा से विजयी होंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिव नाथ कपूर ने बताया कि जिस प्रकार अपने मुख्यमंत्रित्व काल में मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा देकर हर वर्ग को सम्मान प्रदान किया उससे हर समुदाय का उन्हे भरपूर समर्थन मिल रहा है। हरियाणा में बिना खर्ची बिना पर्ची के योग्यता के आधार पर बेरोजगारों को नौकरियां प्रदान कर भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने में मनोहर लाल खट्टर ने देश में एक मिसाल कायम की है।

एक प्रश्न के जवाब में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि शिव नाथ कपूर ने बताया कि सनातन धर्म एवं हिंदू समाज के लिए 500सालों से लंबित राम मंदिर व धारा 370को निरस्त करके नरेंद्र मोदी ने जो दृढ़संकल्प का परिचय दिया है वह अपने आप में बेमिसाल है।

पॉलिटेक्निक में लगाया रक्तदान शिविर

- मानवता की सेवा के लिए रक्तदान सबसे बेहतर कार्य : निदेशक केके कटारिया

परी बजाज, देश रोजाना

करनाल। जीबीएन राजकीय पॉलिटेक्निक नीलोखेड़ी में शुक्रवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा और द रेडवुड ट्रीज फाउंडेशन हरियाणा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्यतिथि हरियाणा के तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक केके कटारिया ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

वहीं रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा के जनरल सेक्रेटरी डॉ. मुकेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की चेयरपर्सन तेजिंदर पाल कौर और नीलोखेड़ी पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल ज्वाला प्रसाद भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यतिथि तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक केके कटारिया ने कहा कि मानवता की सेवा के मार्ग अनेक हैं। रक्तदान भी इनमें से एक है। रक्तदान को महादान कहा गया है। हम जब भी रक्तदान करते हैं तो किसी न किसी की मदद के लिए आगे आते हैं। आज हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी न किसी की जान बचाएगा। उन्होंने कहा कि आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं होती हैं, ऐसे में चोटिल हुए लोगों को तुरंत रक्त की आवश्यकता रहती है, जिसकी पूर्ति केवल रक्तदान के माध्यम से ही की जा सकती है। इस प्रकार हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से किसी का जीवन बच सकता है।

उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि जैसे आपने रक्तदान किया, वैसे ही मैने भी करनाल में ही पहली बार रक्तदान किया था। ये संस्थान बहुत पुराना है और ऐतिहासिक है। इस संस्थान का देश में बहुत बड़ा योगदान है। यहां के 500 से ज्यादा बच्चे बड़ी कंपनियों में अच्छे पैकेज पर काम कर रहे हैं। यहां से पास आउट लगभग सभी बच्चों को रोजगार मिला है। जब यहां से मेरे पॉलिटेक्निक का युवा 18 साल का होकर बाहर निकले तो देशहित में अपना वोट डाले। रक्तदान करके अपने जीवन में नई प्रथा की शुरूआत करने वाले सभी बच्चों को बधाई दी। रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा के जनरल सेक्रेटरी डॉ. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रक्त का हर कण अमूल्य है।

यह बड़े हर्ष का विषय है कि नीलोखेड़ी पॉलटेक्निक में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान 140 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि जब आप रक्त का दान करते हैं तो सिर्फ अपना रक्त नहीं देते बल्कि एक या एक से अधिक लोगों को जीवनदान भी देते हैं। जब ब्लड किसी व्यक्ति को सीधे चढ़ाया जाता है तो उस व्यक्ति की जान तो बच रही होती है, इसके साथ-साथ रक्तदान करने वाले व्यक्ति का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है।

देश रोजाना राष्ट्रीय समाचार पत्र के हरियाणा प्रदेश जी टी बैल्ट के पत्रकारों को किसी भी तरह की विज्ञापन व समाचार से संबंधित जानकारी लेने के लिए देश रोजाना करनाल ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं।
ऑफिस इंचार्ज, परी बजाज
133, सेक्टर 12 पार्ट 2, नजदीक जाट भवन करनाल।
मोबाइल नंबर, 9996946501, 9056601836

खेल को खेल भावना से खेलें खिलाड़ी: एसडीएम

- जिला में 67 वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं का एसडीएम विकास यादव ने किया उद्घाटन

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। राज्य का शिक्षा विभाग, जिला खेल विभाग के सहयोग से 19 वर्ष आयु के लड़कों और लड़कियों की 67 वीं नेटबॉल राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को पटौदी रोड़ स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन में हुआ।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रेवाड़ी के एसडीएम विकास यादव पहुंचे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह खनगवाल ने की। इस मंच से एसडीएम विकास यादव ने खिलाडिय़ों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल भावना एक दृष्टिकोण है, जो खिलाड़ी को ईमानदारी पूर्वक खेलने, टीम के साथियों और विरोधियों के प्रति शिष्टाचार बरतने, नैतिक व्यवहार और सत्यनिष्ठा दिखाने तथा जीत या हार में बड़प्पन के प्रदर्शन की प्रेरणा देता है। सच्ची खेल भावना ही खिलाड़ी को भीड़ से अलग करती है।

उन्होंने कहा कि हमें हार-जीत की परवाह किए बगैर खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। हर व्यक्ति को किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए। खेल से अनुशासन प्यार-प्रेम भाईचारे की भावना पनपती है जो देश के नव निर्माण में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का वह हिस्सा है जिससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ सफलता की राह में आगे बढ़ते हुए एक मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाते हुए खेल को खेल भावना से खेलने और हारने पर निराश न होते हुए आगे बढ़ने और परिश्रम कर पुनः अच्छे प्रदर्शन से सफलता अर्जित करने का आह्वान किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में खनगवाल ने रेवाड़ी जिले में पहली बार हो रहे राष्ट्रीय खेल महोत्सव में पधारे देश भर के खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मेजबान विद्यालय के अलावा पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास तथा रेवाड़ी (कन्या) की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

19 टीमें इस प्रतियोगिता में ले रही भाग

रेवाड़ी में पहली बार आयोजित की जा रही इस राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग के लडके तथा लड़कियों की नेटबॉल के मुकाबले पांच दिनों तक चलेंगे। इस राष्ट्रीय खेल उत्सव में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना,विद्या भारती, डीएवी, सीबीएसई तथा आईपीएससी की टीमों के बीच मुकाबले होंगे तथा 30 अप्रैल को समापन सत्र पर विजेता टीमों को प्रस्तुत किया जाएगा। एईओ भूपेंद्र यादव ने बताया कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन के अलावा प्रथम स्कूल में संबंधित मैच आयोजित किया जा रहे हैं तथा 30 अप्रैल को विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

प्राचार्य का कथन

प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया के संचालन में आयोजित इस राष्ट्रीय महोत्सव के उद्घाटन सत्र में ध्वजारोहण, मार्च पास्ट, शपथ, शाब्दिक अभिनंदन, स्वागत गीत, खेल गीत तथा लोक नृत्यों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर सहायक निदेशक (खेल) शमशेर सिंह, ऑब्जर्वर हिमांशु शुक्ला, जिला खेल अधिकारी मदनपाल, फायर अधिकारी मामचंद, निवर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह, धर्मवीर बल्ड़ोदिया, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर, राजबाला, राकेश वत्स, मेजबान विद्यालय के प्राचार्य डा. आरएन सिंह, निदेशक मुकेश यादव, कोच चरण सिंह, डा. दुष्यंत आदि उपस्थित रहे।

जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्कशॉप आयोजित

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देश पर साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली रोड़ स्थित पुलिस लाईन में सभी थानों के साइबर डैक्स इंचार्ज और साइबर थाना में तैनात अनुसंधानकर्ताओं/कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्कशॉप आयोजित की गई। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाना, साइबर डेस्क और थाने में तैनात अनुसंधानकर्ताओं/कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ाना था। इस कार्यशाला में दिल्ली से वरिष्ठ प्रबंधक साइबर विशेषज्ञ त्रिलोक चंद्र ने साइबर थाना में तैनात अनुसंधानकर्ताओं/कर्मचारियों से विभिन्न साइबर अपराधो के प्रकारों, सीडीआर/आईपीडीआर के विश्लेषण, आईपी एड्रेस ट्रैकिंग, मोबाइल फोरेंसिक, ईमेल ट्रेसिंग के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक डेटा और हैशिंग तकनीकों के संग्रह और संरक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इसके साथ ही साइबर एक्सपर्ट द्वारा साइबर अपराधों की जांच के दौरान विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल को लेकर भी जानकारी दी गई। साइबर अपराध होने पर इन्वेस्टिगेशन में आने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया तथा इसके समाधान के लिए उपयोग में आने वाली आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डीएसपी ट्रैफिक रेवाड़ी आशीष चौधरी ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए अनुसंधानकताओं/कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत करवाने व उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन किया गया है ताकि बढ़ते साइबर अपराधो से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

विद्यार्थियों को दी विभिन्न अपराधों से बचाव की जानकारी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता व उनकी टीम ने शुक्रवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव पदैयावास में पहुंचकर स्कूल के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के अपराधों (महिला/बच्चों विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध इत्यादि), उनकी पहचान, अपराधों से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभाव इत्यादि के बारे में बताया। पुलिस टीम द्वारा इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों/स्टाफ को विभिन्न प्रकार के अपराधों के लिए लागू किए गए सजा के प्रावधानों सहित विशेष अधिनियमों (पोक्सो एक्ट, बाल किशोर अधिनियम इत्यादि) के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

पुलिस टीम ने उपस्थित विद्यार्थियों/स्टाफ को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 सेवा के बारे में बताते हुए उन्हें पुलिस की दुर्गा शक्ति व डायल-112 ऐप्स को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने व इन ऐप्स का प्रयोग करने के बारे में बताया गया। इनके अतिरिक्त पुलिस टीम द्वारा ळ१स्त्र टङ्कल्ल्र३ङ्ग१ल्लॅ, यातायात नियमों का पालन करना व विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों/अपराधियों की पहचान व बचाव उनके निवारण इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा वहां मौजूद विद्यार्थियों/स्टाफ को नशे से दूर रहने, नशे के आदी लोगों के पुनर्वास/नशा मुक्ति में बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

पुलिस टीम ने विद्यार्थियों/स्टाफ को बताया कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिला थाना, डायल 112 व ह्लदुर्गा शक्तिह्व एप पीड़िता की मदद के लिए है। महिलाएं कभी भी अपनी शिकायत इन पर दे सकती है। कहीं भी मनचलों व असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने या कहीं भी जमावड़ा रहने पर इसकी जानकारी पुलिस को दें। पुलिस द्वारा मनचलों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

डीसी ने सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल संचालकों को दिए निर्देश

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने जिला के सभी सरकारी और निजी स्कूल संचालकों को ग्रीष्म ऋतु के दौरान विद्यार्थियों को लू तथा गर्मी की विभीषिका से बचाने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। हेतु आवश्यक कदम उठाने बारे। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु का आरम्भ हो गया है तथा इसका प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने स्कूल संचालकों को निर्देश दिए जिला के विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को गर्मी व लू से बचाने के लिए विशेष ध्यान रखते हुए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें।

वोटर इन क्यू एप से मतदान केन्द्र पर लाइन की मिलेगी अपडेट : राहुल हुड्डा

- 30 शहरी विधानसभा क्षेत्रों में वोटर इन क्यू नामक एप होगी संचालित

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हरियाणा निर्वाचन आयोग की ओर से ह्यवोटर इन क्यूह्व नाम से एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर जा सकते हैं।

अब मतदाताओं को वोट डालने के लिए अपनी बारी के लिए अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। वोटर इन क्यू एप प्रयोग की दी स्वीकृति : जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी 25 मई को होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 30 शहरी विधानसभा क्षेत्रों में वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की जाएगी। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देखकर वोट डाले बिना ही वापिस चले जाते हैं।

लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भी प्रयोग के तौर पर स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है।

न्यूज डायरी

दुकानदार से लूट मामले में तीन गिरफ्तार

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। अपराध शाखा - दो धारूहेड़ा पुलिस ने लुट की वारदात में प्रयोग की गई चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव देवास निवासी सोनू, राजस्थान के जिला कोटपुतली के गांव महतावास निवासी पंकज व गांव विजय सिंह पूरा निवासी रोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लुट की वारदात में प्रयोग की गई चोरी की बाइक को बरामद कर लिया है। गत 25 अप्रैल को पुलिस को यह सूचना मिली कि तीन नौजवान लडके राजस्थान के थाना मुण्डावर एरिया से चोरी की गई बाइक को बेचने की फिराक मे बावल एनएच 48 साबन फ्लाईऔवर के निचे खडे हुए है। इस सूचना को सच मानकर तुरन्त रैडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर इन आरोपियों को काबू करके उसका नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम सोनू निवासी गांव देवास जिला महेंद्रगढ़, पंकज निवासी गांव महतावास व रोहित निवासी गांव विजय सिंह पूरा जिला कोटपुतली राजस्थान बतलाया। जो आरोपियों से बाइक के कागज पेश करने बारे कहा गया तो वह बाइक के कोई भी कागज पेश नहीं कर पाए। पुलिस द्वारा जांच करने पर पता चला की बाइक थाना मुण्डावर इलाके से चोरी की गई है। पुछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उपरोक्त बाइक को वह तीन माह पहले जिला महेंद्रगढ़ के गांव पड़ताल भोजावास निवासी एक युवक से खरीद कर लाए थे। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बावल में में चोरी का मामला दर्ज करके आरोपी सोनू, पंकज व रोहित को गिरफ्तार कर लिया है। लूट की इन वारदातों का हुआ खुलासाः पुलिस की गहन पूछताछ में आरोपी सोनू व रोहित ने इनसे बरामद बाइक का इस्तेमाल अपने एक अन्य साथी के साथ गत 18 अप्रैल को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल के सामने एक दुकानदार से हथियार के बल पर नकदी और मोबाइल लूटने की वारदात को अंजाम देने जो उक्त वारदात का खुलासा हुआ। इस वारदात को लेकर दशरथ कुमार निवासी वार्ड 5 बावल की शिकायत पर थाना बावल में एक मुकदमा भी दर्ज है। अब पुलिस इन तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करके रिमांड पर लेगी। इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना-2022 के तहत जिलास्तरीय कमेटी गठित

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा द्वारा हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना-2022 के तहत पीड़ित को मुआवजा के संबंध में जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में डीसी स्वयं क्लेम सेटलमेंट कमिश्नर, संबंधित एसडीएम क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर, पुलिस अधीक्षक सीएमओ रेवाड़ी, आरटीए रेवाड़ी, रमेश वशिष्ठ को जिला स्तरीय कमेटी का सदस्य व शाखा प्रबंधक एनआईसी रेवाड़ी विनोद कुमार को सदस्य सचिव बनाया गया है। कमेटी क्वाटरली मीटिंग करेगी और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करेगी।

बावल में विजय संकल्प रैली आज

कौशिक, देश रोजाना, बावल। शनिवार को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में आने वाले बावल विधानसभा क्षेत्र की बावल अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री विप्पलब देव होंगे जबकि पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह भी अपनी बात रखेंगे। बाद दोपहर 3 बजे यह रैली होने जा रही है।

बावल में दुकानदार को लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

धनेश विद्यार्थी/कौशिक, बावल, रेवाड़ी। अपराध शाखा- दो धारूहेड़ा पुलिस ने कस्बा बावल में दुकानदार से मारपीट करने के बाद लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। खास बात यह है कि ये तीन लोग चोरी की बाइक पर बैठकर इस वारदात को अंजाम देने आए थे। इनमें से दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। देर शाम पुलिस ने इनको अग्रिम पूछताछ के अदालत में पेश कर वहां से 3 दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया है। इनकी आरोपियों की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव देवास निवासी सोनू, राजस्थान के जिला कोटपुतली के गांव विजय सिंहपुरा निवासी रोहित के रूप में हुई। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से बावल में दुकानदार से लूट की वारदात में इस्तेमाल वह बाइक भी बरामद कर ली है जोकि जांच में चोरी की निकली। सीआईए ने एक रेडिंग पार्टी तैयार कर मौका पर दबिश दी, तब राजस्थान के थाना मुण्डावर एरिया से चोरी की गई बाइक को बेचने की फिराक में ये बदमाश खड़े हुए मिले। पुलिस टीम ने इन आरोपियों की पहचान सुनिश्चित करने के बाद इनके पास मिली बाइक के दस्तावेज मांगे, जोकि ये पेश नहीं कर पाए। उसके बाद इनको पकड़ लिया गया। पुलिस की जांच में आगे पता चला कि यह बाइक थाना मुण्डावर इलाके से चुराई गई थी। फिलहाल लूट मामले के तीनों आरोपियों की पहचान पुलिस को मिल गई है और पुलिस तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी भी जल्द करेगी।

अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

देश रोजाना ब्यूरो, कोसली



कोसली में लाला रामरतन धर्मशाला में रेवाड़ी निवासी अधेड़ व्यक्ति विजय ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही के लिए भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार रहा रेवाड़ी के मौहल्ला शुक्रपुरा निवासी करीब 50 वर्षीय विजय गत दिवस कोसली रोड़ स्थित लाला रामरतन धर्मशाला में किराए पर ठहरा था। उसने पंखे पर फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक विजय मेलों में दुकान लगाता था। उसने यह कदम क्यों उठाया, यह पता नहीं चल पाया। पुलिस के जांच अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मृतक रेवाड़ी में अकेला रह रहा था। इस घटना के बाद दिल्ली से मृतक की बहन को बुलवाया गया है। उसके आने के बाद ही शव का पंचनामा कार्यवाही कराई जाएगी।

बाल विवाह कराने पर हो सकती है दो साल की कैद व एक लाख का जुर्माना: डीसी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। जिला प्रशासन बाल विवाह रोकने के लिए पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया (अक्खा तीज) पर विवाह -शादियों के लिए अबूझ सावा व शुभ मुहूर्त होने के चलते बहुत अधिक शादियां होती हैं। ऐसे शुभ मुहूर्त पर बाल विवाह होने का अंदेशा भी बना रहता है। इस दौरान बाल विवाह की रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जिला प्रशासन की ओर से बाल विवाह करने व करवाने वालों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी को अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को रोकने के लिए पुजारी, गांव के सरपंच व नंबरदार सहित शहर के पूर्व पार्षदों को आगाह करने के साथ-साथ इस तरह की शादी पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने मैरिज पैलेस व बैंक्वेट हॉल के संचालकों, मैरिज पैलेस के मालिकों को निर्देश दिए कि वे अपने यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोह के सम्बंध में पहले दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच करें। जांच के दौरान यदि लड़के की आयु 21 वर्ष से कम और लड़की की आयु 18 वर्ष से कम है, तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें और वर वधु के आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रखें। डीसी ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष व लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले करना, कानूनन अपराध है। इस एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसके तहत दो साल की जेल व एक लाख रूपए तक के जुमार्ने का प्रावधान है।

स्मैक के साथ गिरफ्तार

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। एंटी नारकोटिक्स सेल ने अवैध नशीला पदार्थ स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव धामलाका निवासी यशवंत उर्फ यशु के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 46 मिलीग्राम अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बरामद किया है। गत दिवस पुलिस को सूचना मिली कि यशवंत उर्फ यशु निवासी गांव धामलाका जो नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का काम करता है। जो वह अभी रेवाड़ी में दीपक अल्ट्रासाऊड वाली गली मे बाइक पर घुमते हुए स्मैक बेच रहा है। इस सूचना को सच मानकर तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर आरोपी को काबू कर लिया गया।

शराब के साथ गिरफ्तार

राजबीर सांगवान, देश रोजाना, धारूहेड़ा। थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान वार्ड न. 04 धारूहेड़ा निवासी रोक्की यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पव्वा देशी शराब मार्का रसीला संतरा एनवी बरामद की है।

गत दिवस पुलिस को सूचना मिली कि रॉकी यादव निवासी वार्ड 4 धारूहेड़ा, अलवर बाईपास के रास्ते धारूहेड़ा की ओर सफेद कट्टे में अवैध शराब लेकर आ रहा है। इस सूचना को सच मानकर तुरन्त अलवर बाई पास के निकट नाका बन्दी करके इस आरोपी को काबू कर लिया। इसके कब्जे से पुलिस ने 40 पव्वा देशी शराब मार्का रसीला संतरा एनवी बरामद की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

लोकसभा चुनाव में हो रही रेवाड़ी की रै रै माटी

- सामंती और जातिवादी सोच ने रेवाड़ी के स्वाभिमान पर लगाया ग्रहण

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। लोकशाही की बड़ी पंचायत के लिए लोकसभा चुनाव में इतिहास के अनेक अध्याय समेटे रेवाड़ी क्षेत्र को आज तक अपना गौरवशाली स्थान प्राप्त नहीं हुआ। 1952 के प्रथम लोकसभा चुनाव में झज्जर की पूंछ बनाकर इसे झज्जर रेवाड़ी सेट कहा गया। रेवाड़ी के एक बड़े भाग 52 क्षेत्र को पेप्सू राज्य के साथ अन्य सीट के साथ जोड़ा गया।

कांग्रेस की टिकट पर लाला घमंडीलाल बंसल, जो मूल रूप से मौजूदा जिला महेंद्रगढ़ के कनीना क्षेत्र के मूल निवासी थे, ने यहां से पहले सांसद निर्वाचित हुए। 3 दिसंबर 1914 को रानीखेत में जन्मे बंसल एम ए एलएलबी उच्च शिक्षा प्राप्त विद्वान थे और एक संभ्रांत परिवार से संबंध रखते थे।

इस चुनाव में कुल मतदाता 3 लाख 82 हजार 413 में 2 लाख 46 हजार 224 यानी 64.4 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया। बंसल ने 1 लाख 2 हजार 435 मत प्राप्त कर जीत हासिल की जबकि सी पी आई के प्रताप सिंह दौलता ने 98 हजार 503 मत प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 1957 के दूसरे चुनाव में सामंती व जातिगत सोच के चलते रेवाड़ी को झज्जर, गुड़गांव और महेंद्रगढ़ तीन लोकसभा क्षेत्रों में बांट दिया। इस बार दौलता ने बंसल को लगभग 27 हजार मतों से हराकर अपनी पिछली बार की हार का हिसाब बराबर कर दिया। 1962 के चुनाव में रेवाड़ी को महेंद्रगढ़ सीट में शामिल किया गया और तब राव गजराज सिंह यहां से सांसद निर्वाचित हुए और 1967 में भी यथास्थिति बनी रही।

1971 के चुनाव में एक बार फिर रेवाड़ी का भूगोल बदल दिया गया। गुड़गांव लोकसभा सीट तोड़कर इसको महेंद्रगढ़ संसदीय सीट में जोड़ दिया गया और राव बीरेंद्र सिंह अपनी विशाल हरियाणा पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। 1977 के छठे चुनाव में जनता पार्टी के तूफान में अहीरवाल के राजा को मनोहर लाल सैनी के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा। 1980 के सातवें लोकसभा चुनाव में राव बिरेंद्र सिंह ने अपनी हार का बदला लेते हुए अपना दूसरा चुनाव जीता। 1984 और 1989 के चुनाव में जीत हासिल कर राव ने अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की। 1989 में रेवाड़ी के जिला बनने के बाद भी इस साइट को महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट का हिस्सा ही बनाए रखा गया।

1991 के 10 वें चुनाव में कर्नल राव राम सिंह ने राव बिरेंद्र सिंह को चौका मारने से रोक दिया। 1996 के लोकसभा चुनाव में कर्नल ने लगातार अपनी दूसरी जीत दर्ज करके राव बिरेंद्र सिंह को उनके महल में बिठा दिया। 1998 के चुनाव में राव बिरेंद्र सिंह के बेटे राव इंद्रजीत सिंह ने कर्नल राव राम सिंह को हराकर अपने पिता श्री राव बिरेंद्र सिंह की हार का बदला लिया मगर 1999 में हुए मध्यावधि लोकसभा चुनाव में कारगिल लहर के चलते राव इंद्रजीत सिंह को कारगिल शहीद डिप्टी कमांडेंट सुखवीर सिंह यादव की धर्मपत्नी सुधा यादव ने भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़कर पटकनी दे डाली।

साल 2004 के 14 वें लोकसभा चुनाव में राव इंद्रजीत सिंह अपनी जीत दर्ज कर फिर से अपनी गाड़ी को पटरी पर ले आए। 2019 में 17 वां लोकसभा चुनाव लगातार जीत कर अपनी जीत का चौका लगाया। साल 2009 के चुनाव में एक बार फिर रेवाड़ी का भूगोल बदल गया और रेवाड़ी सीट को पुनः गुड़गांव सीट में जोड़ दिया गया। उधर रेवाड़ी जिले की जाटुसाना विधानसभा सीट को नया कोसली विधानसभा क्षेत्र का नाम देकर रोहतक लोकसभा सीट में शामिल कर दिया गया।

दुर्भाग्य से आज तक किसी भी सांसद या राजनीतिक दल ने रेवाड़ी को लोकसभा सीट का दर्जा दिलाने की ना तो कभी पुरजोर तरीके से कोई मांग उठाई और नाही इस दिशा में कोई ठोस प्रयास ही किए गए। आमजनता की ओर से भी इस मामले में कोई मुहिम, मांग या आंदोलन कभी नहीं चलाया गया। परिणाम आपके सामने है। जिला रेवाड़ी की सियासी ताकत को विभाजित करने की जो मुहिम 1957 में शुरू हुई, उसका खामियाजा आज भी क्षेत्र की जनता भुगत रही है।

झूठी गारंटियों से कांग्रेस ने हिमाचल को ठगा: अनुराग ठाकुर

- कांग्रेस ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ने की कर रही तैयारी: अनुराग ठाकुर

एजेंसी, हिमाचल प्रदेश

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की अपनी झूठी गारंटीयों से माताओं बहनों, किसानों, गरीबों और एससी, एसटी, ओबीसी को ठगने के बाद अब कांग्रेस हमारे संतानों को भी ठगने की प्लानिंग कर रही है। एक ओर यह ठग हैं और दूसरी ओर हमारे मोदी जी हैं जिन्होंने जो कहा, सो किया। हमारी गारंटी के पूरे होने की गारंटी है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाएगी। कांग्रेस सामने हार को देख कर ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने की तैयारी कर रही है।

अनुराग ठाकुर आज अपने हिमाचल प्रवास के दूसरे दिन घुमारवीं विधानसभा में थे जहां उन्होंने दिन भर में विभिन्न स्थानों पर आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया। अनुराग ठाकुर ने अपने कार्यक्रमों के दौरान लोगों को कांग्रेस की गलत नीतियों से आगाह करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस आपसे अलग अलग हथकंडे अपना कर वसूली तो करती हीं है लेकिन इस बार उन्होंने आपकी मृत्यु के बाद भी आपसे वसूली जारी रखने का प्लान तैयार कर लिया है। आपकी मृत्यु के बाद वह आपकी संपत्ति हड़प कर आपके बच्चों के बजाय अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं। इसलिए आप सभी को कांग्रेस और उससे जुड़ी सभी पार्टियों से सचेत रहने की जरूरत है क्योंकि कांग्रेस संतान, संपत्ति, सनातन और सीमा विरोधी है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीवीपैट की पर्चियां के मिलान की याचिका को खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। आज एक बार फिर से विपक्ष बेनकाब हुआ है जो बार-बार अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। इन्हें बार-बार जनता ठुकराती है और यह लोग ईवीएम को गलत बता कर भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं। विपक्ष से अनुरोध है कि चुनाव मुद्दों पर और विचारधारा पर लड़ें। हम भारत को आगे बढ़ना चाहते हैं।

लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत। बागपत जिले में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर वोट डाले गए। वोट को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह 7 बजे मतदान की कार्यवाही शुरू हो गई थी और मतदान शुरू होते ही मतदान बूथों के बाहर वोट डालने के लिए मतदाताओं की लंबी.लंबी कतारे लग गई थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले में इसके लिए 979 बूथ बनाए गए थे। प्रशासनिक अधिकारी लगातार मतदान बूथों का निरीक्षण करते रहे और पल.पल की जानकारी जुटाते रहे। भाजपा.रालोद गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर राजकुमार सांगवान व सपा.कांग्रेस गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी अमरपाल शर्मा के बीच कांटे का मुकाबला देखा गया। इसके अलावा बसपा प्रत्याशी प्रवीण बैसला का भी गुर्जर बाहुल्य गांवों में काफी दबदबा देखा गया।

ईवीएम पर विपक्ष फिर बेनकाब, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत: अनुराग ठाकुर

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीवीपैट की पर्चियां के मिलान की याचिका को खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। आज एक बार फिर से विपक्ष बेनकाब हुआ है जो बार-बार अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है।

इन्हें बार-बार जनता ठुकराती है और यह लोग ईवीएम को गलत बता कर भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं। विपक्ष से अनुरोध है कि चुनाव मुद्दों पर और विचारधारा पर लड़ें। हम भारत को आगे बढ़ना चाहते हैं। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण हमारी पहचान है। दूसरी ओर विपक्ष की पहचान भय, भ्रम और भ्रष्टाचार है। यूपीए का नाम इंडी गठबंधन रख लेने से जनता के बीच उनका चेहरा नहीं बदला है। मुस्लिम कोटे से जुड़े एक सवाल के जवाब में श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट किया है कि मुस्लिम कोटा को समाप्त कर एसटी, एससी और ओबीसी को उनका हक दिया जाएगा। आज कांग्रेस के तुष्टीकरण की राजनीति की पोल देश के सामने खुल चुकी है। यह लोग तुष्टीकरण के नाम पर आपकी संपत्ति से लेकर कोटा और सभी हक एक विशेष समुदाय को देना चाहते हैं। पूरा देश देख रहा है कि कैसे राहुल गांधी अपने मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बेच रहे हैं।

मतदाताओं ने उम्मीदवारों का लिखा भाग्य, किसके सिर सजेगा सांसद का ताज

देश रोजाना ब्यूरो, अलीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की धरती पर अतरौली विधानसभा में भी वोटिंग का नजारा बदला बदला सा दिखाई दिया। भगवाधारी के पारांपरिक वोट में सेंधमारी करने में हद तक विपक्ष सफल रहा है। मतदाताओं को रिझा पाने में दो दलों की ही सियासी कहानी कामयाब होती दिखाई दे रही है। अलीगढ़ लोकसभा सीट से एक दल ने अचानक ब्राहण कार्ड खेला, लेकिन उसका समीकरण धरातल पर वोटिंग वाले दिन प्रभावी नहीं रहा। मतदाताओं ने उम्मीदवारों का भाग्य लिख दिया है, लेकिन अब देखना है कि 4 जून को किस उम्मीदवार के सिर ताज सजता है। अलीगढ़ लोकसभा सीट पर शुक्रवार को दूसरे चरण के तहत मतदान हुआ। अलीगढ़ सीट से 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इसमें भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन व बसपा उम्मीदवार प्रमुख रूप से मुकाबले में थे। मतदान प्रतिशत बढ़ने के साथ विधानसभा वार स्थितियां भी स्पष्ट होती गई।

भगवान पर अशोभनीय टिप्पणी करने पर, युवक को किया गिरफ्तार

बनवारी लाल कुशवाह, देश रोजाना, फिरोजाबाद। 24 अप्रैल को इस्टाग्राम पर आईडी से भगवान श्रीराम पर अमर्यादित कमेंट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि पर अफवाह फैलाने वालों एंव शांति सौहार्द बिगाडने वाले अराजक तत्वों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में थाना खैरगढ पुलिस टीम ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये युवक ने अपना नाम आसंन्ज पुत्र जयवीर सिंह निवासी बुधरई थाना खैरगढ जिला फिरोजाबाद बताया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मदनगीर मंडल के 38 बूथों पर हुआ हनुमान चालीसा का भव्य पाठ

स्वतंत्र सिंह भुल्लर, देश रोजाना

नई दिल्ली। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जगह-जगह हनुमान चालीसा के पाठ से सारा वातावरण गुंजयमान हो गया। इस अलौकिक एवं मर्मस्पर्शी अनुभव ने सभी को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का सुअवसर प्रदान किया।भाजपा कार्यकताओं ने दिल्ली के 9745 स्थानो पर हनुमान चालीसा का पाठ कर सनातन संस्कृति का अनुपम उदाहरण पेश किया।

यह अनुभव सबके लिए अनुपम एवं हृदय स्पर्शी रहा। मदनगीर मंडल में के 38 बूथों पर भी हनुमान चालीसा का भव्य पाठ किया गया। मदनगीर मंडल के सभी कार्यकताओं के सहयोग से हनुमान चालीसा का पाठ हर बूथ पर हुआ। हनुमान जयंती के अभी तक के इतिहास में यह नाजरा अनुपम एवं अविस्मरणीय बनाकर सभी के दिलों पर छा गया। महरौली जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल बैरवा एवं मदनगीर मंडल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप देवतवाल ने हनुमान चालीसा के पाठ में न सिर्फ भाग लिया बल्कि इसके आयोजन में भी अपनी अति महत्वपूर्ण भागीदारी निभाकर यश प्राप्त किया।

इस सफल और भव्य कार्यक्रम को लेकर मंडल अध्यक्ष दिलीप देवतवाल ने सभी मंडल पदाधिकारी एव कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति भारत की पहचान है तथा हनुमान चालीसा का इतने व्यापक स्तर पर पाठ उसकी लोकप्रियता का द्योतक। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार हमेशा सनातन धर्म को लेकर हर पर्व त्योहार को व्यापक स्तर पर मनाने व उसकी रक्षा के लिए कार्य करती आ रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री के पैतृक गांव में बने पिंक बूथ पर पुरूषों की ड्यूटी बनी चर्चा

देश रोजाना ब्यूरो, अलीगढ़। बाबूजी कल्याण सिंह का अतरौली गांव मढौली वीआईपी सीट के रूप में जानी जाती है। इस सीट सेकभी पूर्वसीएम कल्याण सिंह, उनकी पत्नी चुनाव लड़ चुकी हैं। अतरौली की सबसे वीआईपी सीट का बूथ केंद्र शुक्रवार को मतदान के दिन चर्चा का विषय रहा। इस बूथ को पिंक बूथ बनाया गया था। पर पिंक बूथ पर पुरुष कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई। जो कि हैरत की बात रही। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा मंत्री संदीप सिंह पौत्र कल्याण सिंह भी अतरौली विधान सभा से जीत कर मंत्री मंडल में शामिल हुए है। शुक्रवार को गांव मढौली में वीआईपी पिंक बूथ का निर्माण किया गया था। पिंक बूथ पर महिला कर्मचारियों के तैनाती का नियम है। पर इस बूथ पर पुरुष कर्मचारी काम करते हुए नजर आए। जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह अधिकारियों के निर्देश का पालन कर रहे हैं।

अधिक पानी पीये और बासी भोजन खाने से बचे: डॉक्टर सत्येंद्र शर्मा

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत

गर्मी बढ़ने के साथ.साथ अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। हर रोज बागपत के सरकारी अस्पतालों में नजलाए खासीए जुखामए बुखारए उल्टीए दस्त व एलर्जी आदि के मरीज आ रहे हैं। गर्मी में पसीना अधिक बहनाए पानी का कम पीना तथा दूषित भोजन करना सेहत पर भारी पड़ रहा है।

इसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरूरपुर खेड़की के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि गर्मियों में पेट खराब होने के दो बड़े कारण हैंए जिनमें पहला कारण दूषित या बासी भोजन करना और दूसरा कम पानी पीना है। ऐसे में लोगों को गर्मियों में खान. पान में विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। धूप में निकलने से पहले खूब पानी पीकर निकलें। खास बात यह है कि जो पानी पी रहे हैंए वह शुद्ध और साफ हो। बासी भोजन ना करें। जो भी खाये वह ताजा हो। उन्होंने कहा कि गर्मियों में तेज मसाले और बाहर का भोजन खासकर रेहड़ियों पर बिकने वाला फास्ट फूड न खाएं। अधिक से अधिक पानीए नींबू पानीए शिकंजी आदि पीयें। कोशिश करें कि यह पेय पदार्थ घर के ही बने होंए क्योंकि उनमें सफाई अधिक रहती है। उल्टी और दस्त से बचने को अधिक से अधिक पानी पीयें। जूसए शिकंजीए नींबू पानी आदि घर का ही बना पीयें।

बासी भोजन न खाएं यानी रात का बना भोजन सुबह और सुबह का बना भोजन शाम को न खाएं। अधिक से अधिक सलादए जिसमें खीराए ककड़ी हो खाएं। भोजन कम खाएंए पानी अधिक पीयें। दहीए लस्सी आदि का सेवन करें। रसदार फल जैसे संतराए मौसमीए अंगूर आदि खाएं। रेहड़ी और शादियों आदि में बनने वाले भोजन में मसाले अधिक होते हैं खाने से परहेज करें। हल्के रंग के और सूती वस्त्र पहनें।

शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को लगवाई गयी दौड़

राशिद मैनिजर, देश रोजाना

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस लाइन फिरोजाबाद में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड में उपस्थित समस्त कर्मचारीगण का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी।

साथ ही जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहारों को मद्देनजर रखते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से अंतर्जनपदीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर की जा रही चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जिग जैग बैरियर लगाकर चैकिंग किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये जिसमें क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, समस्त थाना प्रभारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

परेड के पश्चात महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द एवं पुलिसकर्मियों के बैरक, बाथरुम का निरीक्षण किया गया एवं साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। साथ ही महोदय द्वारा पुलिस लाइन भोजनालय, एमटी शाखा, आटाचक्की, बारबर शॉप, कैंटीन, व्यायामशाला, स्टोर आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

मेहंदी व रंगोली ,पोस्टर स्पर्धा से दिया मतदान करने का संदेश: हिमांशु शर्मा

राशिद मैनिजर, देश रोजाना

फिरोजाबाद। सखी क्लब के समन्वय से शुक्रवार को फिरोजाबाद विधानसभा कस्तूरबा गर्ल्स इंटर कॉलेज में विद्यालय स्तरीय मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिताओं में स्कूल की छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।मतदाता जागरुकता संबंधी नारे लिखकर, भारत निर्वाचन आयोग के प्रतीक चिन्ह की आकृतियां बनाकर आगामी सात मई को मतदान आवश्यक रूप से करने का संदेश दिया।रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं व बालिकाओं ने लोकतंत्र की यह पहचान 100 प्रतिशत हो मतदान, मतदान मेरा अधिकार, मतदान हमारी जिम्मेदारी, लोकतंत्र की जान आपका मतदान,सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो,हाथों में मेहंदी लगाकर वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना,मतदाता सूची में मैं हूं ना,जैसे नारे लिखकर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया।

लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में प्रतिभाग करने का जोश छात्राओं में भी पूरी तरह से नजर आया।प्रतियोगिता में छात्राओं ने बड़-चढ़कर हिस्सा लिया और मेहंदी से हाथों पर मतदान करने का संदेश हाथों पर जागरूकता की खातिर डिजाइन उकेरे ने। सखी क्लब संस्थापिका शिवांगी शर्मा ने कहा कि जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है। इस प्रकार हमारा देश संसार के जनतांत्रिक देशों में सबसे बड़ा है क्योंकि हमारे यहाँ मताधिकार प्राप्त नागरिकों की संख्या विश्व में सबसे बड़ी है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सुनीता रानी शर्मा, संजू लता शर्मा,ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा, सखी क्लब संस्थापिका शिवांगी शर्मा, श्रद्धा शर्मा, तबसुमगाजी, कल्पना उपाध्याय,रेखा पचौरी आदि उपस्थित रहे।

108 वर्षीय संपूणार्नंद परमहंस ने डाली वोट

देश रोजाना ब्यूरो, बागपत। लोकसभा चुनाव को लेकर बुजुर्गों में भी जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। वह लाठी तथा छड़ी के सहारे मतदान बूथ पर पहुंचे और उन्होंने देश हित में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुनहेडा गांव के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में 108 वर्षीय संपूणार्नंद परमहंस ने वोट डाली। उनका यहां पर पोलिंग पार्टी ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर प्रमुख समाजसेवी चंद्रपाल सिंह पवारए बलवीर डागरए बिंदर कुमारए बिल्लू बाडी आदि समेत काफी लोग मौजूद रहे।

वार्षिक पुरूस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

बनवारी लाल कुशवाह, देश रोजाना

शिकोहाबाद। बी0 डी0 एम0 म्यू0 गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या प्रो0 गीता यादवेन्दु की अध्यक्षता एवं सांस्कृतिक प्रभारी दर्शना कुमारी के निर्देशन मे लक्ष्मीबाई सभागार में वार्षिक पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यापर्ण किया गया संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

प्राचार्या प्रो0 गीता यादवेन्दु एवं उप प्रचार्या प्रो0 शशिप्रभा तोमर का सांस्कृतिक समिति द्वारा पट्टिका एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। वार्षिक पुरूस्कार वितरण समारोह में वर्ष भर विभागों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं की विजयी छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई। प्रतिभागी छात्राओं की संख्या लगभग 160 रही। प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सात्वंना पुरूस्कार दिये गये। पूनम, श्वेता, आकांक्षा, अंजली, बीनू, तान्या, प्रिया, सीता, जाह्नवी चैहान, सुम्बुल, वैष्णवी यादव, सोनम, मोहिनी, सौम्या, प्राची आदि छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या प्रो0 गीता यादवेन्दु ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से छात्राओं का समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार होता है। इस कार्यक्रम में अवसर पर उप सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ0 मोनिका सिंह एवं सांस्कृतिक समिति की सदस्या डॉ0 नीलम, प्रीति सिंह, पूजा राजपूत एवं पल्लवी का सहयोग रहा।

पुरूस्कार समारोह में अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ0 सीमारानी जैन, डॉ0 सीमारानी, डॉ0 नम्रता प्रसाद, ब्यूटी सिंह, ममता भारद्वाज, पिंकी, निधि जायसवाल, नूतन रायजादा, डॉ0 रेनू, डॉ0 चन्द्रा सिंह, डॉ0 भावना, डॉ0 सुनीता, नन्दिनी, आशी अग्रवाल, बबिता आदि विशेष की उपस्थिति सराहनीय रहीं।

मुख्यमंत्री योगी के आगमन पर अधिकारियों को ड्यूटी लगाने के लिए पुलिस लाइन में ब्रीफिंग की गई

- कार्यक्रम समाप्त होने तक कोई भी अधिकारी एवं पुलिस फोर्स अपने ड्यूटी स्थल को छोड़कर नहीं हटेंगे

राशिद मैनिजर, देश रोजाना

फिरोजाबाद। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के 27 अप्रैल को जनपद आगमन पर तिलक इंटर कॉलेज में प्रस्तावित आयोजित कार्यक्रम के संबंध में पुलिस लाइन में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के लिए पुलिस लाइन में ब्रीफिंग की गई।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री जी के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्थल एवं मार्गों पर ड्यूटी लगाई गई है वह अपनी-अपनी ड्यूटी एवं दायित्वों को भली-भांति निर्वहन करेंगे और गाड़ियों की पार्किंग सुव्यवस्थित ढंग से करना सुनिश्चित करेंगे, चौराहों पर ट्रैफिक संचालन को सुचारू रूप से चलाएंगे। कार्यक्रम समाप्त होने तक कोई भी अधिकारी एवं पुलिस फोर्स अपने ड्यूटी स्थल को छोड़कर नहीं हटेंगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने ब्रीफिंग के दौरान पुलिस के अधिकारियों एवं फोर्स को निर्देश दिए की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए सेक्टरवार पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं रूट चार्ट के अनुसार ड्युटियां लगाई गई है, प्रमुख चौराहों, हेलीपैड पार्किंग पर ऑफिसर्स की बड़ी सतर्कता के साथ कड़ी सुरक्षा हेतु ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अपनी अपनी लोकेशन के अनुसार ड्यूटी को बड़ी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात कर्मी अपने मोबाइल साइलेंट मोड पर रखेंगे और अपनी ड्यूटी ध्यानपूर्वक करना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही क्षमय नहीं होगी व अपनी ड्यूटी को बड़ी गंभीरता से अंजाम देंगे। ब्रीफिंग के दौरान नगर आयुक्त घनश्याम मीणा, अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी राम बदन राम, एसपी सिटी,एसपी ग्रामीण, समस्त पुलिस क्षेत्र अधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

डीजे पर डांस को लेकर मारपीट दुल्हन ने किया शादी से इंकार

बनवारी लाल कुशवाह, देश रोजाना

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में डीजे पर डांस करने को लेकर हुये विवाद में जमकर मारपीट हुई। दुल्हन पक्ष का आरोप है कि दुल्हे से लेकर सभी बाराती शराब के नशे में थे, जिन्होने तोडफोड और मारपीटर की। उसके बाद दुल्हे को साथ लेकर बाराती भाग गये। दुल्हन ने भी शादी करने से इंकार कर दिया। थाने में दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई, लेकिन सहमति न बन पाने के कारण बारात वापस लौट गयी।

थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव डाहिनी निवासी अरविंद की बेटी अंजली की शादी 24 अप्रैल को होनी थी। बारात भौंडेला फिरोजाबाद से आई थी। भौंडेला निवासी मयंक पुत्र साहब सिंह बारात लेकर आया था। गाजे- बाजे के साथ बाराती बारात में नाचते-गाते दुल्हन के दरवाजे पर पहुँचे थे। यहॉ दरवाजे की रस्म अदा की जाा रही थी। उसके बाद उनमें मारपीट होने लगी। गाना बजाने को लेकर बारातियों ने डीजे वाले को पीट दिया और सामान भी तोडफोड दिया। बारात में मारपीट होती देख दुल्हन पक्ष के लोग एकजुट हो गये तभी बाराती दुल्हे को साथ लेकर मौके से भाग खडे हुये। बाद में दुल्हा पहुँचा तो दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया।

दोनों पक्षों के बीच बात न बनती देख मामला थाने पहुँच गया। यहॉ गुरूवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बैठाकर शादी कराने का र्प्रयास किया, लेकिन सहमति न बनने पर बारात वापस लौट गयी। थाना प्रभारी अनिल कुमार का कहना है कि शादी में मारपीट होने के बाद दुल्हन पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया। बात न बनने पर बारात वापस लौट गयी।

गाजा पट्टी के लोगों के लिए अमेरिका के छात्रों का छलका दर्द

इस्राइल के खिलाफ किया प्रदर्शन, 93 गिरफ्तार

एजेंसी, वॉशिंगटन

दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है।

गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब इसकी चपेट में विश्वविद्यालय भी आ गए हैं।दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि गाजा के अधिकारियों का कहना है कि सात अक्तूबर के बाद से गाजा में इस्राइल के सैन्य अभियान में अब तक उनके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि हजारों शवों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

लॉस एंजिल्स के पुलिस कप्तान केली मुनीज का कहना है कि विश्वविद्यालय एक निजी परिसर है। समूह कुछ आदेशों का उल्लंघन कर रहा था। इसलिए छात्रों को गिरफ्तार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक व्यक्ति को घातक हथियार से हमला करने के लिए भी गिरफ्तार किया गया। हालांकि, फिलहाल किसी प्रदर्शनकारी या अधिकारी के घायल होने की खबर नहीं है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएससी के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने बुधवार दोपहर को परिसर के एलुमनी पार्क में इकट्ठा हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गिरफ्तारी का आदेश दिया। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान तनाव तब बढ़ गया, जब प्रदर्शनकारियों ने अपने टेंट और सामानों को हटाने से इनकार कर दिया।

विरासत टैक्स सीधे मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालेगा

मतदान के बाद बोलीं वित्त मंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बंगलूरू में मतदान करने के बाद विरासत टैक्स पर बात की। उन्होंने कहा कि यह मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालता है, जिससे उनकी गाढ़ी कमाई प्रभावित होती है। उन्होंने कहा, 'यह (विरासत टैक्स) सीधे मध्यम वर्ग पर प्रहार करता है। वे कड़ी मेहनत करते हैं, उनका पसीना और मेहनत इधर-उधर की छोटी-छोटी बचतों के रूप में बचती है, या तो वे सपनों का घर खरीद लेते हैं या कुछ फिक्स्ड डिपॉजिट रख लेते हैं।

अगर विरासत टैक्स लगाई जाती है तो ये सभी प्रभावित होंगे। वित्त मंत्री सीतारमण ने ये बातें बेंगलुरु में लोकसभा चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद कही। शुक्रवार को बंगलूरू के जयनगर में मतदान के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने विरासत टैक्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत करने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों पर विरासत टैक्स लगाने से पड़ने वाले प्रभावों पर चिंता व्यक्त की।

वित्त मंत्री की ओर से यह प्रतिक्रिया सैम पित्रोदा की ओर से विरासत टैक्स पर चर्चा शुरू करने के बाद आई। उन्होंने कहा कि केवल अपना बचत बनाए रखने के लिए पैसे जोड़ने वालों को दंडित करने से पिछले कई दशकों में हासिल आर्थिक लाभ सामाप्त हो सकता है। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि 1968 में एक अनिवार्य जमा योजना थी जहां लोगों की जमा राशि 18 प्रतिशत 20 प्रतिशत थी। इसमें से कुछ छीन लिया गया। उस समय उसका कोई कारण नहीं बताया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर धन सर्जकों को सिर्फ इसलिए दंडित किया जाएगा कि उनके पास कुछ पैसा बचा हुआ है, तो पिछले दस वर्षों में हुई भारत की प्रगति शून्य हो जाएगी।

सीतारमण ने कांग्रेस के समय की उस स्थिति को भी याद किया जब 90% कर की दर लागू की गई थी वित्त मंत्री ने इसके साथ ही समाजवादी मॉडल और वर्तमान सरकार के दृष्टिकोण के बीच विरोधाभास का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने कहा, कांग्रेस ने 90% कर लगाया था। आप शायद विश्वास नहीं करेंगे कि वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में कुछ भी याद नहीं होगा या पता भी नहीं होगा।

साइबर ठगी पर नकेल संदिग्ध खाते होंगे फ्रीज

एजेंसी, नई दिल्ली। सरकार साइबर अपराधों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले संदिग्ध बैंक खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज करने की योजना बना रही है। तीन सूत्रों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इसके लिए जल्द ही अपने दिशानिदेर्शों में बदलाव कर सकता है। नए निदेर्शों के तहत, बैंकों को यह अधिकार मिल जाएगा कि वे ऐसे संदिग्ध खाते अस्थायी रूप से बंद कर सकेंगे। यह योजना तब सामने आई है, तब आंतरिक सरकारी आंकड़ों से पता चला कि साइबर धोखाधड़ी के कारण 2021 से वित्तीय संस्थानों में करीब 1.26 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अनुमान के मुताबिक, हर दिन धोखाधड़ी वाले करीब 4,000 खाते खोले जाते हैं। प्रतिदिन हजारों भारतीयों के बैंक खातों में फोन कॉल के जरिये सेंध लगाने की कोशिश की जाती है।

इस्राइल ने राफा पर हमले किए तेज

एजेंसी, यरुशलम

हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि इस्राइल अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा। आइए जानते हैं अब तक क्या कुछ हुआ। दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इधर, हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि भले ही इस्राइल ने हमले तेज कर दिए हो पर वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा। वहीं, एक दिन पहले ही मिस्र ने भी चेतावनी दी थी।

हमास के वरिष्ठ अधिकारी गाजी हमाद ने कहा, 'अगर (इस्राइल) राफा में घुसकर हमला भी करता है तो वह वो हासिल नहीं कर पाएगा जो वह चाहता है।' हमाद ने कहा कि इस्राइल करीब सात महीने से गाजा में हमले कर रहा है। बहुत कुछ तबाह कर दिया है, लेकिन अभी तक वह जो चाहता है वो हासिल नहीं कर सका है।

भारत के डिजिटल विकास की यूएन में हुई तारीफ

एजेंसी, न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की है। भारत की तरक्की का उदाहरण देते हुए डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत का विकास इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सामाजिक परिवर्तन और प्रगति का वाहक है और अगर समावेशी तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो ये सभी को समान अवसर मुहैया करा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने महासभा के 78वें सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'इस साल जनवरी में उन्होंने भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचा का व्यापक विस्तार हुआ है और इससे लाखों लोग, जो पहले आर्थिक व्यवस्था से बाहर थे, उन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से वित्तीय स्वतंत्रता और समृद्धि हासिल हुई है।' उन्होंने कहा 'जिस तरह से आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे की जरूरत है, उसी तरह से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सामाजिक परिवर्तन और प्रगति के वाहक के रूप में उभरा है। इसे समावेशी तरीके से लागू करके सभी को समान अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

जीडीपी की रफ्तार सबसे तेज, दुनिया में मंदी की आशंका घटी

एजेंसी, नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मार्च की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है। यह बताता है कि वैश्विक स्तर पर मुश्किल हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिल रहा है। इसके साथ ही, वैश्विक आर्थिक वृद्धि परिदृश्य एक बार फिर उत्थान की राह पर है। इससे मंदी की आशंकाएं घटी हैं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी की स्थिति बन रही है।

भारत का सेवा निर्यात 11 फीसदी बढ़कर 345 अरब डॉलर पहुंचा

एजेंसी, नई दिल्ली

दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने 2023 में 345 अरब डॉलर के सेवाओं का निर्यात किया। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में 11.4 फीसदी अधिक है।

हालांकि, इस अवधि में चीन का सेवा निर्यात 10.1 फीसदी घटकर 381 अरब डॉलर रह गया। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हालांकि, 2023 में भारत का सेवा आयात एक साल पहले की तुलना में 0.4 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब डॉलर रह गया।

उद्योग से जुड़े एक विशेषज्ञ ने कहा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व इस पर आधारित सेवाओं और यात्रा का निर्यात मजबूत हो रहा है। एजेंसी यूएनसीटीएडी ने में कहा, भारत का सेवा निर्यात ऐतिहासिक रूप से उत्तरी अमेरिका और यूरोप में केंद्रित रहा है।

एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे उभरते बाजारों में भी वृद्धि की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं। भारत के लिए निर्यात गंतव्यों में विविधता से पारंपरिक बाजारों पर निर्भरता कम करने और क्षेत्र के लिए नए अवसर खोलने में मदद मिल सकती है।

सामंथा ने अपनी शादी के जोड़े को काले बॉडीकॉन ड्रेस में बदला, लोगों ने की तारीफ

मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु दक्षिण भारतीय फिल्मों में एक बड़ा नाम हैं। वह अपनी फिल्मों के अलावा अपने फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। ट्रेंडिंग फैशन की अच्छी समझ के कारण फैशन जगत में उनका काफी सम्मान किया जाता है। सामंथा इन दिनों एक बार फिर से चर्चा में हैं। इस बार वह अपनी वेडिंग गाउन को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अभिनेत्री ने अपने एक कदम से पूरी फैशन इंडस्ट्री को एक तगड़ा संदेश दिया है। उन्होंने अपनी शादी में पहनी वेडिंग गाउन को दोबारा से डिजाइन कर एक खूबसूरत काले बॉडीकॉन ड्रेस में बदल दिया है। अपने सोशल मीडिया अकांउट पर एक वीडियो साझा किया। इसमें डिजाइनर्स उनके वेडिंग गाउन को सावधानी से एक नए आउटफिट में तब्दील करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के कैप्शन में में लिखा है, 'हमेशा नई यादें बनाई जा सकती हैं। हमेशा चलने के लिए नए रास्ते खुल जाते हैं। हमेशा कहने के लिए नई कहानियां होती हैं'।

सामंथा ने शादी की ड्रेस से बनी नई ड्रेस में अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। इस तस्वीर के कैप्शन में अभिनेत्री ने लिखा, 'आज जो ड्रेस मैंने पहनी है, वह क्रेशा बजाज ने मेरी शादी में पहने गए प्यारे गाउन को फिर से डिजाइन कर बनाया है। बहुत लोगों को यह महत्वहीन और गैरजरूरी लग सकता है। मैं अपनी आदतों को बदलने और लाइफस्टाइल को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए कई कदम उठ रही हूं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहती हूं कि अपने पुराने कपड़ों को फिर से डिजाइन कराना उन्हीं कदमों में से एक है, जो मैं जान-बूझकर उठा रही हूं'।

इस दौरान जलवायु परिवर्तन को लेकर उन्होंने अपने फैंस को भी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'हर छोटी से छोटी कोशिश भी मायने रखती है, हर छोटा निर्णायक कदम महत्वपूर्ण है। मैं खुद से और आप सभी से ऐसे छोटे-छोटे कदम उठाने का आग्रह करती हूं।

सामंथा और साउथ सुपरस्टार नागा चैतन्या का लंबा प्रेम संबंध चला था। इसके बाद दोनों कलाकार 6 अक्तूबर 2017 को शादी के बंधन में बंधे। हालांकि, यह रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सका। शादी के चार साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। इसके बाद दोनों कलाकार अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। सामंथा 'सिटाडेल' के हिंदी रुपांतरण में अभिनेता वरुण धवन के साथ नजर आने वाली हैं।

नाजुक दिल है बिब्बोजान, अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने भंसाली की तारीफों के बांधे पुल

संजय लीला भंसाली ने वेब सीरीज की दुनिया में हीरामंडी से कदम रख दिया है। यह वेब सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। इन दिनों भंसाली की हीरामंडी की चर्चा चारों तरफ है। एक साक्षात्कार में निर्देशक ने बताया था कि हीरामंडी का सेट उनका अब तक का सबसे बड़ा सेट है। तीन एकड़ में बने इस सेट को 700 मजदूरों ने सात महीने में तैयार किया है। दरअसल, हीरामंडी अंग्रेजों के जमाने के भारत के लाहौर में रहने वाली तवायफों की कहानी है। अब वेब सीरीज की अदाकारा अदिति राव हैदरी ने निर्देशक संजय लीला भंसाली के तारीफों के पुल बाधें हैं। अदिति इस सीरीज में बिब्बोजान का किरदार निभा रही हैं।

अभिनेत्री हीरामंडी की दुनिया के बारे में बात करते हुए अपने किरदार बिब्बोजान के बारे में बताती हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिब्बोजान बहुत ही मासूम, ईमानदार और नाजुक दिल है। इस दौरान अभिनेत्री ने हीरामंडी के निर्देशक संजय लीला भंसाली की तारीफ करते हुए उनके मार्गदर्शन और प्रेम के लिए उनका आभार जताया। अभिनेत्री ने भंसाली के साथ अपने काम के अनुभवों को भी साझा किया। एएनआई को दिए साक्षात्कार में अभिनेत्री ने कहा कि संजय सर केवल फिल्म निमार्ता नहीं है, वह प्रेरणा के प्रतीक हैं। उनका मार्गदर्शन निर्देश से बढ़कर है। वह आपको रचनात्मकता के भूल भुलैया में ले जाते हैं। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी सितारों से सजी है। सीरीज में अदिति के अलावा मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल, ताहा शाह बदुशा, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन जैसे कलाकार अहम भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।

गोल्डन कलीरे-गुलाबी लहंगे में आरुषि का ब्राइडल लुक

फिल्म लव आज कल फेम अभिनेत्री आरुषि शर्मा ने निर्देशक वैभव विशांत संग शादी रचाई है। अपनी शादी की लाजवाब तस्वीरों को अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। साथ ही फैंस के लिए लिखा है एक खास नोट।

'लव आज कल' फेम अभिनेत्री आरुषि शर्मा ने हाल ही में अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया है। अभिनेत्री ने इस महीने की 18 अप्रैल को कास्टिंग निर्देशक वैभव विशांत संग सात फेरे लिए है। शादी के बाद आरुषि ने अपनी शादी की कुछ शानदार तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा किया था। जिनपर फैंस ने जमकर उन्हें बधाई दी। साथ ही इसके अभिनेत्री ने शादी का वीडियो भी अपने फैंस के साथ शेयर किया था। कुछ ही घंटों पहले आरुषि ने अपना ब्राइडल फोटोशूट सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिसमें वह अपनी शादी के लहंगे के साथ ब्राइडल ज्वैलरी दिखाती नजर आ रही हैं।

गोल्डन कलीरे, गुलाबी लहंगे पर कमरबंद के साथ आरुषि ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर अपना ब्राइडल लुक साझा किया है। लव आज कल अभिनेत्री ने हल्के गुलाबी रंग का चूड़ा और सुनहरे रंग की कलीरे में आरुषि के हाथों रची मेहंदी बेहद सुंदर लग रही है। आरुषि ने गुलाबी लहंगे के साथ हल्का ग्लॉसी मेकअप अपनाय, जो उनकी नेचुरल सुंदरता को और भी बढ़ाता दिखा।

ज्वैलरी में नेकपीस, झुमका, मांग टीका और अंगूठियां शामिल थीं। जिस चीज ने सबका ध्यान खींचा वह था उनका सुनहरा कमरबंध। बालों को लैवेंडर गजरे के साथ बन स्टाइल में ओढ़नी पहने आरुषि बहुत प्यार दिखीं। तस्वीरों के साथ उन्होंनें कैप्शन में लिखा, "हमेशा के लिए अब शुरू होता है 18.04.2024। दुनिया के इस कोने में, पहाड़ियों के बीच हमारी जिंदगी की नई शुरूआत।

सनराइजर्स के खिलाफ मैच में कोहली ने रचा इतिहास

एजेंसी, हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जोरदार अर्धशतक जड़ा।

इसी के साथ आईपीएल 2024 में उनके 400 रन पूरे हो गए। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में किंग कोहली अर्धशतक पूरा करने के बाद आउट हो गए। उन्हें जयदेव उनादकट ने अपना शिकार बनाया।

35 वर्षीय बल्लेबाज ने 43 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला। इसी के साथ उनके इस सीजन में 400 से ज्यादा रन हो गए। स्टार बल्लेबाज ने आईपीएल के इस सीजन में अब तक नौ मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने 145 के स्ट्राइक रेट से 430 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 40 चौके और 17 छक्के निकले हैं।

दिलचस्प बात यह है कि 2011 से लगातार 10वीं बार विराट कोहली 400+ रन बनाने में कामयाब हुए हैं। ऐसा करने वाले वह पहले बल्लेबाज बन गए। साल 2016 में उन्होंने सबसे ज्यादा 973 रन बनाए थे, यह आईपीएल के इतिहास में एक सीजन में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। हैदराबाद में आरसीबी के पूर्व कप्तान का बल्ला जमकर गरजता है। इस मैदान पर आखिरी चार टी20 पारियों में टीम इंडिया के धाकड़ बल्लेबाज ने चार अर्धशतक लगाए। हैदराबाद के खिलाफ पिछले सीजन खेले गए मैच में विराट ने 63 गेंदों में 100 रन बनाए थे।



बोल्ट के बाद युवराज भारतीय स्टार बना टी20 विश्व कप का एम्बेसडर

एजेंसी, दुबई

टी20 विश्व कप 2024 को लेकर काउंटडाउन शुरू हो चुका है। आईपीएल 2024 के बाद यह टूनार्मेंट खेला जाना है और इसको लेकर सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। एक मई से पहले सभी टीमों को अपने संभावित 15 खिलाड़ियों का एलान करना है। हालांकि, इस टूनार्मेंट को लेकर आईसीसी कई बड़े एलान कर रहा है। उसने हाल ही में जमैका के दिग्गज धावक उसैन बोल्ट को टूनार्मेंट का एम्बेसडर बनाया था।

अब क्रिकेट काउंसिल ने शुक्रवार को भारत के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह को भी एम्बेसडर नियुक्त किया है। युवराज ने 2007 में टी20 विश्व कप के पहले संस्करण में भारत को ट्रॉफी जीतने में काफी मदद की थी। उन्होंने 17 साल पहले हुए संस्करण में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। इस साल टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह मेजबानी में खेला जाना है।

युवराज अंतरराष्ट्रीय मैचों पर हमेशा नजर रखते हैं और उन्होंने आईसीसी के साथ बैठकर इस साल के आयोजन से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने साथ ही यह भी बताया कि भारत को दूसरी बार प्रतिष्ठित टी20 विश्व कप ट्रॉफी उठाने के लिए क्या करने की जरूरत है। युवराज ने कई विकल्पों के बारे में बात की और यह भी बताया कि भारत की पहली पसंद का विकेटकीपर कौन होना चाहिए। साथ ही रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर भी चर्चा की।

युवराज ने कहा है कि अगर भारत को टूनार्मेंट जीतना है तो दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का बल्ला चलना होगा। उन्होंने कहा, 'सूर्यकुमार यादव भारत के अहम खिलाड़ी हैं। क्योंकि वह जिस तरह से खेलते हैं, वह 15 गेंदों में खेल का रंग बदलने की क्षमता हैं। इसके अलावा उनका चुना जाना तय है और प्लेइंग 11 में खेलना भी तय है। भारत के लिए यह टी20 विश्व कप जीतने के लिए सूर्या का चलना एक्स फैक्टर होगा।

ज्योति और अभिषेक कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में

एजेंसी, शंघाई

ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में पहुंचकर शुक्रवार को भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया।

अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पधाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरूष, महिला, मिश्रित और पुरूष रिकर्व टीम स्पधाओं के फाइनल में पहुंची है। रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग के एलिमिनेशन दौर के मुकाबले आज ही होंगे। ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर आस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया। इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155-151 से मात दी।

AIS Asahi India Glass Ltd. SAINT-GOBAIN
M :7678601638
Windshield Fitment Expert
All Car Glass Repair & Replacement With Insurance & Cash Facility
(Service Available At Your Home)
शीशे ही शीशे
सभी गाड़ियों के शीशे लगाये जाते है कैश व इश्योरेंस द्वारा
SERVICE AVIAILABLE AT FARIDABAD, DELHI & NCR
e-mail : windshield.fitment.expert@gmail.com

नवरंग

झुरमुठ

कविता

रुचि श्रीवास्तव

आज रविवार है। मिसेस मुखर्जी के घर, रविवार का पता लगाना बहुत ही आसान है। सुबह मॉर्निंग वॉक से मिस्टर मुखर्जी का हाथ में थैला लेकर लौटना। गेट खुलने की आवाज से मिसेस मुखर्जी का हड़बड़ा कर उठना ,बालों को समेटते हुए, पैरों में नीली हवाई चप्पल डालना। कुर्सी पर रखे दुपट्टे को कंधे पर रखना और तेजी से बरामदे की ओर भागना। मेरे समीप दो मिनट रुक कर बिंदियों की झुरमुट से अपनी पसंदीदा लाल बिंदी लगाना नहीं भूलती मिसेस मुखर्जी। फिर क्या, मिस्टर मुखर्जी के हाथों से थैला लेकर सीधे रसोई घर में घुस जाना। लहसुन पीसने की आवाज, सरसों की तेल में मछलियों का तलना से, रविवार, रविवार हो जाता। रविवार का यह क्रम ऐसा ही चला रहा है। बरामदे की दीवार से ये सारा दृश्य मानो मुझ में सिमटा हुआ है।

मैं? मुझे तो एक ही बार में मिसेस मुखर्जी ने पसंद कर लिया था। दिल्ली हाट घूमाने ले गए थे मिस्टर मुखर्जी। सागवान से बनी, नुकीले नक्काशीदार किनारे, मुझे देखते ही मिसेस मुखर्जी ने अपनी लाल बिंदी ठीक की। मिस्टर मुखर्जी ने अपनी धीमी मुस्कान से अनुकृति दी। फिर क्या दिल्ली से कलकत्ता का सफर मैंने मिसेस मुखर्जी की गोद में ही तय किया,और तब से आज तक बरामदे की दीवार पर लटके हुए पूरे घर का नजारा देखती हूँ। मेरी निचले दायी कोने में मिसेस मुखर्जी की बिंदियों का झुरमुठ सजा हुआ है। यह झुरमुठ ही तो इस घर में मेरी अस्तित्वता का प्रमाण देता है।

आज भी तो रविवार ही होना चाहिए। परन्तु आज मिस्टर मुखर्जी को आने में काफी देर हो गयी थी। मिसेस मुखर्जी तो अब तक पंखे की घरघराहट मैं चैन से सो रही थी। तभी अचानक लोगों की भीड़ आनी शुरू हो गई। धीरे धीरे भीड़ बढ़ने लगी। भीड़ क्या थी, सैलाब कहिये। बरामदे पर मानो आग लग गई हो। मिसेस मुखर्जी बिना बालों को समेटे, बिना हवाई चप्पलों के, बिना दुपट्टे के, बरामदे की ओर तेजी से दौड़ी और फिर चीखें ही चीखें। घंटों तक रोना चला। कौतूहल मचा हुआ था।

दोपहर हुई। शाम होते भीड़ छटने लगी। दिन बीते। लोगों का आना जाना कम हुआ। मिसेस मुखर्जी की भी अब चीखें नहीं सुनाई देती। चीखें, अब सिसकियों में जो बदल गयी थी।

आज बहुत दिनों बाद मिसेस मुखर्जी रसोईघर में जा रही थी। बेटे को भी वापस अमेरिका जाने का समय जो हो चुका था। बालों को समेटते हुए मेरे करीब आकर रुकी। अपनी बिंदियों के झुरमुठ में मानो कुछ ढूंढ रही हो, अपनी पसंदीदा लाल बिंदी या कुछ और?

कविता

याद तुम्हारी

याद तुम्हारी
जैसे कोई कंचन कलश भरे
जैसे कोई किरण अकेली
पर्वत पार करे
लौट रही गायों के
सँग-सँग
याद तुम्हारी आती
और धूल के
सँग-सँग
मेरे माथे को छू जाती
दर्पण में अपनी ही छाया सी
रह-रह उभरे
जैसे कोई हंस अकेला
आँगन में उतरे
जब इकला कपोत का
जोड़ा
कँगनी पर आ जाए
दूर चिनारों के
वन से
कोई वंशी स्वर आए
सो जाता सूखी टहनी पर
अपने अधर धरे
लगता जैसे रीते घट से
कोई प्यास हरे

कविता- माहेश्वर तिवारी
कविता पोस्टर- पंकज तिवारी

दिलीप कुमार

व्यंग्य

कूल बनाये फूल

मुझे सेब के पेड़ के नीचे बैठने का आइडिया माही भाई ने ही दिया था तभी मैं ग्रेविटी की खोज कर पाया-न्यूटन।

अगले कुछ दिनों में अगर आपको कुछ ऐसा पढ़ने को मिल जाये तो ताज्जुब मत कीजियेगा। धोनी का अंतिम आईपीएल चल रहा है उनका प्रचार तंत्र आगामी दिनों में ये साबित न कर दे कि सर नेपोलियन बोनापार्ट की आल्प्स पर्वत पर की गई विजय माही भाई के विजय अभियान से ही प्रेरित रही होगी। प्रचार तंत्र तो काम करता ही है मगर क्रिकेट से जुड़े सबसे अमीर क्लबों में से एक चेन्नई सुपर किंग्स में किसी न किसी तरह की नौकरी पाने की चाहत खेल से जुड़े हर व्यक्ति फिर चाहे खेल रहा खिलाड़ी हो , रिटायर्ड खिलाड़ी, कमेंटेटर, कोचिंग स्टाफ, पीआर से जुड़े लोग सबको पता है बाकी टीमों में तो आप खेल के जरिये जाएंगे लेकिन महेन्द सिंह धोनी की टीम में आप धोनी की तारीफ करके ही जायेंगे । सो ये ट्वीट, वीडियो ,वक्तव्य आपको आगे रोजगार दिलाने में मदद करेंगे।

थोड़ा धोनी के योगदान की पड़ताल कर लें। भले ही कप जितवाने के बाद वह सिर्फ 15 सेकेंड के लिए फोटो खिंचवाने के बाद हट जाते रहे हों बतौर कप्तान लेकिन ये स्थापित व शोधपूर्ण तथ्य रहा है कि धोनी अगर टीम में हैं और कप्तान नहीं हैं तो टीम कोई ट्राफी जीत नहीं सकती। अब पता नहीं ये धोनी की पनौती उपस्थित का प्रभाव रहा होगा या उनकी निष्क्रियता की कूल रणनीति।

मुगले आजम फिल्म में एक डायलॉग था कि जिसमें अकबर बादशाह अनारकली से कहता है कि सलीम तुझे मरने नहीं देगा और हम अनारकली तुझे जीने नहीं देंगे। कदाचित धोनी ने इस डायलॉग को अपनी क्रिकेट की रणनीति में उतार लिया। कप्तानी से हटने के बाद उनका प्रदर्शन शायद इसी फलसफे को दशार्ता है कि मेरा कप्तान रहते ही कप जीता जा सकता है और अगर मैं कप्तान नहीं रहा तो किसी और को कप उठाने नहीं दूंगा।

आज जो पूर्व क्रिकेटर धोनी की तुलना क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर से कर रहे हैं जरा उन कपिल देव और सुनील गावस्कर के टीवी पर इश्तहार तो देख लें ये दोनों लीजेंड खिलाड़ी कमला पसन्द और दूसरे पान मसाले बेच रहे हैं , तो जो पैसा लेकर पान मसाला की तारीफें कर रहे हैं , क्या गारंटी है कि ये धोनी की तारीफ पैसा लेकर या भविष्य में पैसा पाने की प्रत्याशा में नहीं कर रहे हैं ।

पान मसाला की तारीफें कर के युवाओं के सेहत की डूबा रहे नैय्या कपिल और गावस्कर के लिए अब फर्ज से बड़ा हो गया है रुपैया।

आज जो लोग धोनी की फिटनेस ,डाइव, जम्प और एक ओवर में तीन छक्कों पर बलि - बलि जा रहे हैं उन्हें क्यों इस बात की पड़ताल नहीं करनी चाहिए कि धोनी आखिर 2019 में 9 गेंदों में 20-22 रन का लक्ष्य नहीं भेद सके । धोनी अगर इतने ही अच्छे थे इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज की उनकी कप्तानी की शर्मनाक हार की चर्चा क्यों नहीं होती। ये वही धोनी हैं जिन्होंने अपने हिसाब से फिल्म बनवाई जिसमें सहवाग से अपने निजी झगड़े को अफवाह साबित करवा कर खुद को पाक साफ रखा और इतनी जिद रखी कि सगे भाई का अस्तित्व ही नकार दिया। नफरत इतनी कूल होती है कोई बताए मिस्टर कूल को। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आईपीएल में करप्शन की जांच कर रही समिति के समक्ष चेन्नई सुपर किंग्स के सर्वेसर्वा मयप्पन को धोनी ने साफ बचा लिया। उन्होंने जांच कर रहे आयोग को मय्यपन को महज खेल प्रेमी बताया। कौन सा खेल प्रेमी टीम मीटिंग और ड्रेसिंग रूम में शामिल रहता है, इस सवाल का जवाब अनसुलझा ही रह गया । सीयसके में करप्शन साबित हुआ और ये भी माना गया कि जेन्टलमेन्स गेम माने जाने क्रिकेट की क्लब टीम के तौर- तरीके इतने घटिया थे कि उस पर दो साल का बैन लगाना पड़ा।

व्यापारिक यूनिट आम्रपाली ग्रुप से धोनी का जुड़ाव कितना गहरा था ये सब जानते हैं धोनी उस ग्रुप में ब्रांड एम्बेसडर से कहीं ज्यादा था। धोनी की छवि और बातों पर भरोसा करके लोगों ने अपने खून -पसीने की कमाई से घर बुक कराया था। लोगों को बहुत वक्त तक घर नहीं मिला लोगों को घर नहीं मिला उनके पैसे डूब गए मगर धोनी तक बात पहुंची तो मामला रफा -दफा हो गया। मिस्टर कूल पर भरोसा करके घर के लिए धन देने वालों के सपने धूल में मिल गए। जाने कितनों के सपने धोनी के यकीन पर स्वाहा हो गए। मगर धोनी की धन की शक्ति ने इस मामले को मीडिया में ज्यादा उछलने नहीं दिया। अमीरी ने वकीलों की ऐसी फौज खड़ी की धोनी ने कि जी टीवी उन पर हो रहे खुलासों को भी कोर्ट से रुकवाने में सफल रहे।

मुद्दा सिर्फ ये है कि सीयसके में नौकरी पाने के लिए ये जो महानता -महानता का राग अलापा जा रहा है जो डेसिबल के शोर ट्वीट हो रहे हैं वो सब प्रायोजित हैं चीयर लीडर्स की तरह। आखिर आईपीएल में चीयर्स ही तो होता है कोई लीडर तलाशे नहीं जाते। ये चीयर्स और हल्ला गुल्ला वाले आईपीएल के लीडर्स जब आईसीसी के टूनार्मेंट में जाते हैं तो घुटनों के बल बैठ जाते हैं। हो सकता है मैदान के भीतर धोनी की रणनीति बेहद कारगर हो मगर मैदान के बाहर धोनी की सलाह कितना बड़ा डिसास्टर है ये हमने पिछले ट्वेंटी -ट्वेंटी विश्व कप में सभी ने देख ही लिया था। जब महेंद्र सिंह धोनी टीम इंडिया के सलाहकार बने थे तब पूरी टीम का मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया था और टीम क्वार्टर फाइनल की रेस तक मे नहीं जा पाई थी । विराट कोहली जैसे महानतम खिलाड़ी की बतौर कप्तान अंतिम सीरिज में टीम की इतनी बुरी हार और टूनार्मेंट से बाहर हो जाना धोनी की महान सलाह का ही प्रतिफल जरूर रहा होगा। एक साधारण बैक ग्राउंड से उठकर 2011 के विश्वविजेता टीम के कप्तान बनने वाले धोनी का मैं खुद बहुत बड़ा प्रसंशक हुआ करता था मगर 2011 के विश्वकप की कामयाबी के बाद शक्तिशाली होने पर धोनी ने जिस तरह टीम में अपने समकक्ष या कप्तानी को खतरा बने खिलाडियों को ठिकाने लगाया और उनकी तारीफों के पुल न बांधने वालों को टीम से बाहर का रास्ता दिखाया, ये बातें आन रिकार्ड हैं। 2019 के विश्वकप में युवराज की जगह विजय शंकर को चुना जाना इसी की नजीर थी भले ही विराट कप्तान रहे हों। बेरोजगारी विदेश में भी है इसीलिये ये तारीफों के ट्वीट हो रहे हैं ताकि सीयसके में बड़ा पैकेज मिल सके। इसलिये अंग्रेजो के ट्वीट को बहुत गम्भीरता से मत लें सबको पता है कि अब भारत क्रिकेट से जुड़ा सबसे बड़ा बाजार है। सो उसी की खातिर ये सब हो रहा है।

पहली बात तो ये है कि बात है कि 2024 का आईपीएल चेन्नई सुपर किंग्स नहीं जीतेगी क्योंकि धोनी टीम में तो हैं मगर कप्तान नहीं। शोधकर्ता शोध कर लें धोनी के टीम में रहते हुए और कप्तान न रहने पर न तो क्लब,न स्टेट, न जोन की टीम और न ही नेशनल टीम जीतती है अब ये उनका प्रभाव है या गरिमामयी उपस्थिति ये शोध करके तय कर लें।

होनी को अनहोनी कर दे,अनहोनी पर रोनी
बिना कप्तानी के जीतने न देगा कभी भी ये धोनी।

दूसरे फिनिशर धोनी आगामी ट्वेंटी ट्वेंटी वर्ल्डकप में टीम इंडिया के कोच या सलाहकार न बनें नहीं तो टीम की योजनाएं कूल होकर फिनिश न हो जाएं। गौरतलब है हमने धोनी के योगदान के बिना 2023 का विश्वकप बहुत ही ज्यादा अच्छा खेला है। और हाँ मित्रो, क्लब क्रिकेट का कोई विज्डन नहीं होती। यहाँ चीयर्स और चीयर लीडर्स बदलते रहते हैं।

कविता

मुर्दे कभी विद्रोह नहीं करते



अशोक मिश्र

वो, जो हल की मुठिया पकड़े
जोत रहा है खेत, कर रहा है निराई-गुड़ाई
सर्दी, गर्मी, बरसात नहीं डिगा पाती उसे अपने कर्म से
वह नहीं जाता हमारी, आपकी तरह आफिस, कल कारखानों में
सूट-बूट, टाई, कोट, जूते-मोजे पहनकर
अपनी बगलों में इत्र छिड़क कर
सदियों से है उसके 'आफिस' में नंगे पांव जाने की व्यवस्था
खेत जोतना, निराई गुड़ाई करना, सिंचाई करना
संभव है सिर्फ नंगे पांव
बिना जूता, चप्पल पहने बीत जाती है उसकी आधी जिंदगी
धोती फटी सी, लटी दुपटी अरु पांय उपानह की नहिं सामा
की साक्षात प्रतिमूर्ति.... किसान
यह देश उसका भी है।
किसी शहर के किसी चौराहे के एक गुमनाम कोने में
किसी गली, कूचे में
फटी बोरी, प्लास्टिक की पन्नी पर
अपनी बकसिया से औजार निकाल
कटे, फटे जूते-चप्पलों की संवार रहा है किस्मत
ताकि उसके ही समान गरीब के जूते
हो जाएं कुछ दिन और चलने लायक
यह देश उसका भी है।
प्रसव के ठीक छह-सात दिन बाद
अपनी और अपने बच्चे की
पेट की आग बुझाने के लिए
सिर पर मिट्टी, बालू, सीमेंट और ईंट रखकर
ढोने वाली उस कृषकाय मजदूरिन का
इस देश पर है पूरा का पूरा हक
यह देश उसका भी है।
इन सबको नहीं चाहिए तुमसे
देश भक्ति का प्रमाण पत्र
इनका श्रम ही है इनकी देशभक्ति का प्रमाण
लेकिन सुनो महाराज!
अगर तुम इन सबको खारिज कर दो
तो देश के नाम पर बचेंगे
लंपट सर्वहारा, पतित नेता, भ्रष्ट नौकरशाह
गुलाम मानसिकता के पथ भ्रष्ट युवा
और तब
यह देश देश न होकर रह जाएगा सिर्फ एक नक्शा
जो ठीक वैसा ही होगा, जैसे प्राण निकलने पर रह जाता है शरीर
और तब
मुर्दों पर शासन करना, महाराज!
क्योंकि मुर्दे कभी विद्रोह नहीं करते।



कठिन दौर की पुष्टि करती पुस्तक कोरोना जर्नलिज्म

पुस्तक समीक्षा

कोरोना जर्नलिज्म मनोज वार्ष्णेय जी द्वारा लिखित पुस्तक है।यह पुस्तक उस कठिन दौर की घटनाओं और मानसिकताओं का समावेश है।ह्लकोरोना जर्नलिज्मह्व नाम सुनकर ही आश्चर्य होता है न! मुझे भी हुआ, सबको होता है ,भला कोई कैसे इतने मुश्किल समय को भी अपनी लेखनी में कैद कर सकता है,परंतु जो मनोज जी को पढ़ते सुनते हैं उनके लिए यह साधारण ही है क्योंकि जीवन से जुड़े व्यक्ति व्यंग्य की भाषा में बहुत सहज रूप से न जाने कैसे बहुत गंभीर बात कह जाते हैं।इस पुस्तक को तथ्यों एवं रिपोर्ट के आधार पर लेखक ने कोरोना जर्नलिज्म का नाम दिया है।

उक्त पुस्तक में लेखक ने कोविड-19 के दौरान रूकी हुई जिंदगी और भीतर चलायमान जिंदगी को चित्रित करने तथा साथ ही जानकारियों एवं तथ्यों से भरपूर कई व्यक्तियों के साथ लिए गये साक्षात्कार को भी साझा कर इस पुस्तक से सहज ही रूप से जन-जन को जोड़ लिया है।जो कंही न कंही लोगों को राहत देने वाला भी रहा कि हमारे अपने लोग इस मुश्किल समय और मौजूदा हालातों के बारे में ,किस तरह इनसे निजात पाई जा सकती है या कैसे इनका सामना करना चाहिए पर अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं इसलिए हमें भी घबराना नहीं चाहिए एवं संयम से काम लेना चाहिए।



पुस्तक पढ़ते हुए पाठक को ऐसा लगता है जैसे यही तो उसने भी सोचा था, और यही तो उसके साथ एवं आस-पास घटित हुआ था। सहज ही विचार आकार लेने लगते है। यह पुस्तक जनमानस को समर्पित जर्नलिज्म है। इस पुस्तक में पच्चीस खोज खोज परख आलेख हैं जिनमें मनौविज्ञान का कारोबार में प्रयोग, जीव जंतुओं पर होने वाले अत्याचार, फिल्मी पर्दे पर भुला दिए जाने वाले अदाकारों का दर्द, फिल्म उद्योग को हुए नुकसान का लेखा-जोखा, आम व्यक्ति का धर्म की ओर अधिक झुकाव, सही शिक्षा के मायने एवं डिजीटल शिक्षा से पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं चुनौतियाँ, कोरोना से जीतने के लिए किए जा सकने वाले प्रयास, डॉक्टर्स और नर्सेज के प्रयासों की सराहना, कोरोनियल्स की आहट, प्रकृति का बहुत ही बारीकी से चित्रण, रिश्तों के मनौविज्ञान, स्काईलैब से जुड़ी महाविनाषकारी घटना का चित्रण, युवाओं में बढ़ते साइबर क्राइम, कोरोना काल की गुड हैबिट्स, बच्चों के रूके हुए जीवन की समस्या, गौमय से पर्यावरण बचाने की जुगत, विश्व पटल पर भारत की छवि एवं डरे हुए चीन की सच्चाई, बचत पर जोर एवं तीर्थ यात्राओं तथा कई संस्मरणों एवं साक्षात्कारों से लबरेज आलेख प्रमुख हैं।

जब पुस्तक हाथ में लेते हैं और पढ़ना शुरू करते हैं तो उत्साह समान रूप से पुस्तक के खत्म होने तक बराबर बना ही रहता है ,यही इस पुस्तक की सामर्थ्य है। भारत को विश्व शक्ति के रूप में जानकर डरे सहमे चीन की हरकतों को भी साक्ष्य सहित प्रस्तुत किया गया है। सृष्टि निर्माण एवं उसके विध्वंस एवं नवनिर्माण के लिए इसमें शिव का आह्वान किया गया है ।जीवन के हर पहलू को छूती इस पुस्तक में हर किसी के लिए कुछ न कुछ सीखने और अहसास करने के लिए बहुत कुछ हैं। कोरोना काल की घटनाओं की पुष्टिकर्ता इस पुस्तक को विभिन्न अवसरों पर संदर्भ के तौर पर काम में लिया जा सकेगा ऐसा मेरा मानना है एवं बहुत ही कम कीमत एवं विभिन्न माध्यमों से आमजन को सुलभ करवाने के लिए लेखक की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। लेखक की मेहनत उनके शब्दों में साफ झलकती है।

कृति-कोरोना जर्नलिज्म
लेखक-मनोज वार्ष्णेय
प्रकाशक-बुक मित्र
मूल्य-150
पृष्ठ संख्या-100
समीक्षक-डॉ. योगिता जोशी